RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 114
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मंधाना विश्व कप अभियान जारी रखने के लिए फिट

स्पोर्ट्स-12

# यूक्रेन और रूस के अधिकारियों की बीच वार्ता

## ● परमाणु हमलों की आशंकाओं के बीच यूक्रेन ने रूसी सेना की रफ्तार थामी

**एपी। कीव**

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति के एक शीर्ष सलाहकार ने कहा कि संघर्ष समाप्त करने को लेकर रूस के साथ पहले दौर की वार्ता संपन्न हो गई है और जल्द ही अन्य दौर की वार्ता हो सकती है। हालांकि, वार्ता के दौरान तत्काल किसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सका है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक सहयोगी ने कहा कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करीब पांच घंटे तक चली। बेलारूस में रूसी प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने वाले व्लादिमीर मेदिंस्की ने कहा कि दोनों पक्षों ने निर्धारित बिंदुओं का पता लगाया है, जिन पर आगे समान स्थिति देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि अन्य दौर की वार्ता के लिए सहमति बनी है।

वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के शीर्ष सलाहकार मिखाइलो पोडोलिक ने वार्ता के संबंध में अधिक विवरण साझा किए बिना कहा कि बातचीत संभावित संघर्ष-विराम पर केंद्रित रही और निकट भविष्य में दूसरे दौर की वार्ता हो सकती है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिम से संबंधों को मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ में शामिल होने के वास्ते एक आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं। जेलेंस्की ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह आवेदन पर हस्ताक्षर करते नजर आ रहे हैं। जेलेंस्की के कार्यालय ने कहा कि आवेदन को ब्रसेल्स भेजा गया है, जहां 27 सदस्ईय यूरोपीय संघ का मुख्यालय है।

उधर दृढ़ इरादों से लबरेज यूक्रेन के सैनिकों ने, कम से कम फिलहाल, राजधानी कीव और अन्य प्रमुख शहरों में रूसी सैनिकों की रफ्तार थाम ली है। यूक्रेनी सैनिकों से मिल रहे कड़े प्रतिरोध और विनाशकारी प्रतिबंधों से तिलमिलाए रूसी राष्ट्रपति व्लीदिमीर पुतिन ने रूस के परमाणु बलों को हाईअलर्ट पर रहने का आदेश दिया है। इसके साथ ही इस युद्ध के नई उंचाई तक पहुंचने की आशंका प्रबल हो गई है। यूक्रेन के डरे हुए लोग तहखानों और कॉरीडोर में आश्रय की तलाश कर रहे हैं। मृतकों की सही संख्या का पता नहीं चला है, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा है कि कम से कम 16 बच्चे मारे गए हैं और 45 घायल हुए हैं। लाखों लोग अपना घर-बार छोड़कर या देश छोड़कर भाग चुके हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने कहा कि मृतकों की सही संख्या अभी अस्पष्ट हैं, लेकिन कम से कम 102 नागरिक मारे गए हैं और सैंकड़ों घायल हुए हैं।

इधर, कीव में सोमवार को सुपरमार्केट के बाहर सामान खरीदने के लिए लोगों की लंबी कतार लग गई, क्योंकि शनिवार को कर्फ्यू लगाए जाने के बाद से पहली बार लोगों को बम के खतरे से बचाने वाले आश्रयों और घरों से बाहर निकलने की इजाजत दी गई थी। अमेरिका के एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी ने बताया कि इस बीच पड़ोसी देश बेलारूस सोमवार तक रूस को मदद के लिए अपनी सेना भेज सकता है। संबंधित अधिकारी इस मामले में सीधे तौर पर जानकारी रखते हैं। उधर ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रूसी सैनिक कीव से 30 किलोमीटर उत्तर में हैं, लेकिन यूक्रेन की सैनिक ने उनकी रफ्तार धीमी कर दी है। पश्चिमी देशों ने यूक्रेन पर हमले के जवाब में रूस के खिलाफ अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाकर रूसी अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने की योजना बनाई है। इन प्रतिबंधों के अलावा अमेरिका और जर्मनी ने घोषणा की कि वे अन्य सैन्य आपूर्तियों के अलावा स्टिंजर मिसाइल भेजेंगे। दूसरी ओर अरब लीग ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर चिंता प्रकट की है लेकिन उसने रूसी आक्रमण को बंद करने की मांग करने से परहेज किया है। अरब जगत के इस संगठन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वह वार्ता एवं कूटनीति के माध्यम से इस संकट के समाधान के वर्तमान प्रयास का समर्थन करता है।



बेलारूस की सीमा पर बैठक करते यूक्रेन और रूस के अधिकारी

## संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन संबंधी प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

**यूक्रेन** पर रूस के हमले के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्ईय महासभा का आपातकालीन विशेष सत्र आहूत करने को लेकर सुरक्षा परिषद में हुए मतदान में भारत ने भाग नहीं लिया, बहरहाल उसने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन संकट को निपटाने के लिए कूटनीति और वार्ता के मार्ग पर लौटने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। इससे दो दिन पहले यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव को रूस ने वीटो के जरिए बाधित कर दिया था। इस प्रस्ताव के लिए हुए मतदान में भी भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल नहीं हुए थे। विशेष सत्र आहूत करने पर मतदान के लिए 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद की बैठक (स्थानीय समयानुसार) रविवार की दोपहर हुई। महासभा के 1950 से अब तक ऐसे केवल 10 सत्र आहूत किए गए हैं। भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात इस मतदान से दूर रहे, जबकि रूस ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और परिषद के 11 सदस्यों- अल्बानिया, ब्राजील, फ्रांस, गैबॉन, घाना, आयरलैंड, केन्या, मैक्सिको, नॉर्वे, ब्रिटेन और अमेरिका ने इसके समर्थन में मतदान किया। इसके साथ ही यह प्रस्ताव पारित हो गया। महासभा का सत्र आहूत करने के लिए मतदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य- चीन, (शेष पेज 9)

# छात्रों की सकुशल वापसी के लिए जाएंगे चार मंत्री

## ● प्रधानमंत्री की उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय, चारों वरिष्ठ मंत्री यूक्रेन के पड़ोसी देशों में संभालेंगे कमान

## ● ऑपरेशन गंगा के तहत अब तक छह निकासी उड़ानों से 1396 भारतीय लाए गए, 14,000 अभी भी फंसे

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**यूक्रेन** की राजधानी कीव और अन्य शहरों पर तेज होते रूसी हमलों के बीच फंसे छात्रों को भारत वापस लाने का अभियान तेज करने के लिए केंद्र सरकार अपने चार वरिष्ठ मंत्रियों को वहां भेजेगी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सोमवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरेन रिजिजू और वीके सिंह भारत के विशेष दूत के तौर पर यूक्रेन के पड़ोसी देशों में जाएंगे। युद्धग्रस्त देश के हालात और वहां फंसे भारतीयों को निकालने के अभियान की की समीक्षा के लिए सोमवार को ही पीएम मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ एक और बैठक की। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और यूक्रेन जाने वाले चारों मंत्रियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि सिंधिया भारतीयों को यूक्रेन से निकालने के अभियान के लिए समन्वय का काम रोमानिया और मोल्दोवा से संभालेंगे, जबकि रिजिजू स्लोवाकिया में डेरा डालेंगे। हरदीप पुरी हंगरी और वीके सिंह पोलैंड जाएंगे। आपरेशन गंगा के तहत भारतीयों को युद्धग्रस्त देश से निकालने का काम चल रहा है। एयर इंडिया की दो निकासी उड़ानें सोमवार को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट और हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से 489 भारतीयों को लेकर दिल्ली पहुंचीं। स्पाइसजेट, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसे अन्य निजी एयरलाइन ने भी भारतीयों को यूक्रेन से निकालने के लिए अपने विमान भेजे हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया अब तक छह निकासी उड़ानों से 1396 भारतीयों को यूक्रेन से लाई है। फिलहाल करीब 14,000 भारतीय यूक्रेन में फंसे हैं जिनमें ज्यादातर छात्र हैं। (शेष पेज 9)

## नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर अगले आदेश तक रहेगी रोक

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**नियमित** अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अगले आदेश तक के लिए निलंबित रहेंगी। यह प्रतिबंध सभी अंतरराष्ट्रीय कार्गो के संचालन और विशेष रूप से नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित उड़ानों पर लागू नहीं होगा। डीजीसीए द्वारा सोमवार को जारी सर्कुलर में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी ने भारत के अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक/यात्री सेवाओं के निलंबन को अगले आदेश तक बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया कि यह प्रतिबंध सभी अंतरराष्ट्रीय कार्गो संचालन और डीजीसीए द्वारा विशेष रूप से अनुमोदित उड़ानों पर लागू नहीं होगा। सर्कुलर में कहा गया है कि एयर बबल व्यवस्था के तहत संचालित उड़ानें प्रभावित नहीं होंगी। इससे पहले 19 जनवरी को निलंबन को 28 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया था। वर्तमान में, यूक्रेन के ऊपर हवाई क्षेत्र बंद होने से रोमानिया, हंगरी और पोलैंड सहित कई मध्य यूरोपीय देशों के वैकल्पिक मार्गों के माध्यम से भारत को निकासी उड़ानों को संचालित करने में मदद कर रहे हैं। डीजीसीए ने 26 नवंबर, 2021 को घोषणा की थी कि भारत 15 दिसंबर, 2021 से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें फिर से शुरू करेगा। कोविड महामारी के कारण, 23 मार्च 2020 से भारत में अंतरराष्ट्रीय उड़ानें निलंबित हैं, लेकिन विशेष यात्री उड़ानें जुलाई 2020 से द्विपक्षीय एयर बबल व्यवस्था के तहत संचालित किया जा रहा है।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, चीन हुआ पीछे

## ● जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में 5.4% पर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**देश की** आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में धीमी पड़कर 5.4 प्रतिशत रही। हालांकि, यह इसी अवधि में चीन की चार प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से अधिक है। इसके साथ देश ने दुनिया की तीव्र वृद्धि दर वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 20.3 फीसदी और दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में 8.5 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के सोमवार को जारी दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर 8.9 फीसदी रहने का अनुमान है। जबकि जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 9.2 फीसदी रहने की संभावना जताई गई थी। इसके अलावा, कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट को अनुमान को 7.3 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही में 23.8 प्रतिशत और जुलाई-सितंबर तिमाही में 6.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आधिकारिक बयान के अनुसार, जीडीपी स्थिर मूल्य (2011-12) पर तीसरी तिमाही में 38.22 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है जो 2020-21 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 36.26 लाख था। यह 5.4 प्रतिशत वृद्धि को बताता है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, तुलनात्मक आधार प्रतिकूल होने से 2021-22 की तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर के स्थिर रहने का अनुमान था। लेकिन विनिर्माण क्षेत्र में मामूली वृद्धि तथा दक्षिण भारत के राज्यों में भारी बारिश के बावजूद निर्माण क्षेत्र में संकुचन के साथ एनएसओ के शुरुआती अनुमान हमारी अपेक्षाओं से बहुत कम (6.2 फीसदी) है। बयान के अनुसार, 2021-22 में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर स्थिर मूल्य (2011-12) पर 147.72 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। जबकि 2020-21 के लिए 31 जनवरी, 2022 को जारी पहले संशोधित अनुमान के तहत यह 135.58 लाख करोड़ रुपए था। इसके आधार पर 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर 8.9 फीसदी अनुमानित है जबकि 2020-21 में इसमें 6.6 फीसदी की गिरावट आई थी।

## माधवी पुरी बुच बनीं सेबी की पहली महिला प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**सरकार** ने माधवी पुरी बुच को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है। सेबी प्रमुख पद पर पहली बार किसी महिला की नियुक्ति की गई है। बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य भी रह चुकी हैं। उन्होंने अजय त्यागी का स्थान लिया, जिनका पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो गया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने तीन साल की शुरुआती अवधि के लिए बुच की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक औपचारिक आदेश शीघ्र ही जारी किया जाएगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक, बुच ने भारतीय प्रबंधन संस्थान-अहमदाबाद से एमबीए किया है और वह सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में भी काम कर चुकी हैं। इससे पहले वह चीन के शंघाई में स्थित नव विकास बैंक बैंक की सलाहकार थीं। उन्होंने निजी इक्विटी फर्म ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल के सिंगापुर कार्यालय के प्रमुख के रूप में भी काम किया है। (शेष पेज 9)

# ओडिशा पंचायत चुनाव में बीजद प्रचंड जीत की ओर

## ● भाजपा और कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ा

**भाषा। भुवनेश्वर**

**ओडिशा** में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विपक्षी भाजपा और कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ते हुए भारी जीत की ओर बढ़ रहा है। सोमवार को हो रही मतगणना से पता चलता है कि नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले दल ने तटीय राज्य में अपनी पकड़ को और विस्तारित किया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम रुझान से पता चलता है कि बीजद 762 जिला परिषद सीट पर पहले ही जीत चुका है या आगे चल रहा है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केवल 46 और कांग्रेस ने 36 सीट पर जीत दर्ज की है या आगे चल रही हैं। निर्दलीय महज तीन सीट पर आगे हैं जबकि अन्य दल चार सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। अब तक घोषित 620 जिला परिषद सीट के परिणामों में से बीजद को 552 सीट मिली हैं, जबकि भाजपा को 31 और कांग्रेस को 30 सीट मिली हैं। निर्दलीय और अन्य के खाते में सात सीट आई हैं। इन मतों की गिनती पिछले दो दिनों में की गई, जबकि सोमवार को 331 अन्य सीट पर मतगणना प्रक्रिया चल रही है, जिसके परिणाम मंगलवार तड़के आने की उम्मीद है। घोषित परिणाम और रुझान दोनों को देखते हुए बीजद पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ने की ओर बढ़ रहा है। 2012 के पंचायत चुनावों में क्षेत्रीय पार्टी ने 651 जिला परिषद सीट हासिल की थीं, जबकि 2017 के चुनावों में इसकी संख्या 476 थी। ओडिशा में 852 जिला परिषद सीट हैं। दूसरी ओर, विपक्षी भाजपा, जिसने 2017 के चुनावों में 297 जिला परिषद सीट जीती थीं, उसे इस बार लगभग 250 सीट का नुकसान होता दिख रहा है। कांग्रेस को 2017 में 60 सीट पर जीत मिली थी लेकिन इस बार वह 36 सीट पर सिमटती नजर आ रही है। पश्चिमी ओडिशा में भाजपा ने 2019 के आम चुनाव में आठ लोकसभा सीट में से छह और 2017 में 212 जिला परिषदों सीट में से 169 पर जीत हासिल की थी, वहां वह असफल नजर आ रही है। भाजपा के गढ़-बोलंगीर, नुआपाड़ा, सोनपुर, कालाहांडी, बरगढ़, संबलपुर, देवगढ़, सुंदरगढ़, मलकानगिरी और मयूरभंज ने उसे जरूर थोड़ा सहारा दिया है। बीजद ने इस बार यहां के नतीजों को लगभग उलट दिया है और रुझानों से इन जिलों में उसकी 80 फीसदी जीत का संकेत मिल रहा है। पंचायत चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इसका शहरी स्थानीय निकायों के आगामी चुनाव पर प्रभाव पड़ेगा जो 24 मार्च, 2022 को होने वाला है। कुल मिलाकर 2.2 लाख उम्मीदवार मैदान में थे और राज्य निर्वाचन आयोग पहले ही 36,523 वार्ड सदस्यों, 126 सरपंचों, 326 समिति सदस्यों और एक जिला परिषद के उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर चुका है।पंचायत चुनाव में हार पर बारगढ़ से भाजपा सांसद सुरेश पुजारी ने कहा कि पार्टी को सभी जिलों में विशेष रूप से पश्चिमी क्षेत्र में जिला परिषद (शेष पेज 9)



### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,833 | ↓ 1025 | |
| निफ्टी | 16,794 | ↑ 135 | |
| सोना | 50,601 | ↑ 380 | /10g |
| चांदी | 65,710 | ↑ 805 | /kg |

### क्विक न्यूज

**मणिपुर विस चुनाव के पहले चरण में 78% मतदान**

**इंफाल।** मणिपुर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 38 सीटों के लिए सोमवार को निर्धारित समय से एकघंटे बाद शाम पांच बजे तक कुल पंजीकृत 12.09 लाख मतदाताओं में से 78.03 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान के दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) राजेश अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव ड्यूटी में तैनात एक पुलिसकर्मी की उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना चुराचांदपुर जिले के तिपाइमुख विधानसभा क्षेत्र की है। पुलिसकर्मी की पहचान नाओरेम इबोचोउबा के तौर पर की गई है। कांगपोक्पी जिले में सबसे अधिक 82.97 प्रतिशत मतदान हुआ।

# टेकों पर बढ़ा हंगामा, तो शराब पर छूट वापस


## ● आबकारी विभाग ने कहा- सिर्फ एमआरपी पर मिलेगी, आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

## ● आदेश तुरंत प्रभाव से लागू, एक माह से चल रहा था ऑफर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी में शराब पर मिलने वाला ऑफर या छूट बीते दिनों की बात हो गई है। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दुकानों द्वारा शराब की बोतल के अंकित मूल्य पर मिलने वाली छूट को समाप्त कर दिया है। अब बोतल पर लिखी एमआरपी पर ही शराब बिकेगी। आबकारी विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर आबकारी नियमों के तहत व आइपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में शराब दुकानदार पिछले एक माह से छूट की स्कीम चला रहे थे। जिसके तहत एक शराब बोतल खरीद पर एक बोतल मुफ्त देने का चलन शुरू था। जिसके बाद से राजधानी के शराब दुकानों पर भारी भीड़ लग रही थी। आबकारी विभाग ने सोमवार को जारी आदेश में कहा कि नई आबकारी नीति 17 नवंबर 2021 से लागू हो चुकी है। इसके तहत शराब बिक्री पर छूट देने का प्रावधान है जिसके तहत शराब दुकानदार लगातार छूट दे रहे थे।

आबकारी विभाग ने आदेश में कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा शराब की बिक्री में छूट देने की अनुमति के पीछे यह मंशा थी कि यह विभिन्न थोक बिक्रेता के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता बढाएगी। लेकिन छूट की घोषणा होने के बाद शराब दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है जिससे कानून व्यवस्था खराब होने का डर है। राजधानी मे कोविड कम हुआ है लेकिन इसका संक्रमण पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। शराब दुकान पर भीड़ बढने से कोविड संक्रमण फिर बढ़ने का डर बना हुआ है। आबकारी विभाग ने कहा कि शराब मूल्य पर इस प्रकार के छूट की घोषणा होने के बाद शराब के मार्केट में दुकानों के बीच कम समय में लाभ कमाने के लिए होड़ शुरू हो गई है जो उचित नहीं है। दिल्ली सरकार द्वारा शराब के मूल्य में (शेष पेज 9)




## जलवायु के मुद्दे पर बेहद चुनौतीपूर्ण अगले 2 दशक

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**वैज्ञानिकों** ने सोमवार को चेतावनी दी कि जोखिमों को कम करने की कोशिशों के बावजूद मानवजनित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक एवं व्यापक बाधा खड़ी कर रहा है। जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकार पैनल (आईपीसीसी) की ओर से सोमवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। आईपीसीसी अध्यक्ष हाउसंग ली ने जलवायु परिवर्तन 2022: प्रभाव, अनुकूलन एवं संभाव्यता नामक रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, यह रिपोर्ट निष्क्रियता के परिणाम के बारे में सख्त चेतावनी है। ली ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह दर्शाती है कि जलवायु परिवर्तन हमारे कल्याण एवं स्वस्थ ग्रह के लिए गंभीर एवं बढ़ता खतरा है। आज के हमारे कृत्य तय करेंगे कि कैसे लोग प्रकृति के अनुरूप खुद को ढालते हैं और प्रकृति कैसे इस बढ़ते जलवायु जोखिमों पर प्रतिक्रिया करती है। (शेष पेज 9)

# अमूल दूध आज से देशभर में दो रुपए लीटर महंगा होगा

**भाषा। अहमदाबाद**

**अमूल** ब्रांड के तहत बिकने वाला ताजा दूध एक मार्च से देशभर में दो रुपए प्रति लीटर महंगा हो जाएगा। अमूल ब्रांड का संचालन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने सोमवार को एक बयान में इसकी घोषणा की। उसने कहा कि बिजली, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक और पशु-चारे की लागत बढ़ने से कीमत बढ़ाने का यह फैसला लिया गया है।

महासंघ ने कहा कि दूध के दाम में की गई दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि का मतलब अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में चार प्रतिशत वृद्धि से है जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से काफी कम है। उसने कहा कि पिछले दो वर्षों में अमूल ब्रांड के ताजा दूध के दाम में सालाना आधार पर चार प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई है। जीसीएमएमएफ ने कहा, गुजरात के अहमदाबाद और सौराष्ट्र बाजारों में अमूल गोल्ड दूध की कीमत 30 रुपए प्रति 500 मिली, अमूल ताजा की कीमत 24 रुपए प्रति 500 मिली और अमूल शक्ति की कीमत 27 रुपए प्रति 500 मिली होगी। एक लीटर दूध के दाम में दो रुपए की बढ़ोतरी के बाद अहमदाबाद, दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता और मुंबई क्षेत्रों में फुल क्रीम दूध की कीमत 60 रुपए प्रति लीटर होगी जबकि टोन्ड दूध का भाव अहमदाबाद में 48 रुपए और दिल्ली-एनसीआर, मुंबई एवं कोलकाता क्षेत्रों में 50 रुपए प्रति लीटर होगा। जीसीएमएमएफ ने कहा कि उत्पादन लागत बढ़ने से दुग्ध उत्पादक संघों ने भी किसानों को दी जाने वाली राशि में 35-40 रुपए प्रति किलो वसा की बढ़ोतरी कर दी है जो पिछले साल की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है।

# नोएडा में 239 प्रोजेक्ट अधूरे व 201 पर काम नहीं हुआ शुरू

## जिम्मेदार अफसरों पर सीईओ ने जताई नाराजगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में निर्माणाधीन परियोजनाओं का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी नोएडा प्राधिकरण के संबंधित विभाग के अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ऐसे में समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ ने तीन वरिष्ठ प्रबंधकों को चेतावनी जारी की है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की धीमी गति से चल रही री-सरफेसिंग के काम पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सीईओ ने टेंडर प्रक्रिया में चल रहे काम के लिए 11 मार्च से स्वीकृति पत्र जारी करने के निर्देश दिए।



बहलोलपुर गांव में चल रहा अंडरपास का काम।

सीईओ रितु माहेश्वरी ने सिविल विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक की। इसमें सिविल काम की प्रगति, टेंडर प्रक्रिया में चल रहे काम पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि कुल स्वीकृत 440 काम के सापेक्ष 239 काम प्रारंभ कराए गए हैं। बाकी 201 काम की टेंडर प्रक्रिया चल रही है। समीक्षा के दौरान वर्क सर्किल-1ए 5 और 7 एरिया में संबधित काम की टेंडर प्रक्रिया काफी धीमी गति के कारण संबंधित वरिष्ठ प्रबंधकों को चेतावनी जारी की गई है। सीईओ ने 28 फरवरी तक टेंडर प्रक्रिया में चल रहे कार्यों की समस्त प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 28 फरवरी तक सभी मरम्मत से संबंधित काम को पूरा करने के निर्देश दिए। सीईओ 28 फरवरी और एक मार्च को क्षेत्र में जाकर काम का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए शौचालय एवं यूरिनल के निकट अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। सेक्टरों में खाली पड़े भूखंडों की सफाई के निर्देश दिए। सीईओ ने नालियों पर 15 दिन के अंदर प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित जाल लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर-21ए स्थित शूटिंग रेंज में आठ मार्च को महिला दिवस पर ट्रेनिंग एवं प्रतियोगिता का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर-14 शनि मंदिर के पास बन रही गौशाला का काम, कालिंदी कुंज रास्ते पर बन रहे प्रवेश द्वार व सेक्टर.91 में बन रहे वेटलैंड का काम 15 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सेक्टर-96 में बन रही प्राधिकरण की नई इमारत के काम में तेजी लाने को कहा है। बहलोलपुर अंडरपास, सफ़दराबाद में बन रहे मिनी स्टेडियम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

सीईओ ने डीएससी रोड पर बन रहे एलिवेटेड रोड और सेक्टर-126 के सामने बन रहे अंडरपास के काम में तेजी लाने को कहा है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की री-सरफेसिंग का काम काफी धीमी गति से चलने पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि 30 अप्रैल तक काम पूरा नहीं करने पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया जाएगा। कोंडली व एडवेंट अंडरपास का काम भी धीमी गति से चलने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।

## डीएनडी से 12-22 तक सिग्नल फ्री बनाने का काम शुरू

नोएडा। एमपी-1 रोड पर डीएनडी से लेकर सेक्टर-12, 22 के रास्ते को सिग्नल फ्री बनाने का काम शुरू हो गया है। इस रास्ते पर सेक्टर-21ए स्थित पेट्रोल पंप के सामने यूटर्न बनाने का काम शुरू किया गया है। इस रास्ते पर सभी पांच जगह यूटर्न बन जाने पर अधिकांश चौराहे-तिराहे बंद कर दिए जाएंगे। सभी यूटर्न करीब छह महीने में यानि अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएंगे।

शहर के जाम वाले रास्तों में एमपी-1 भी शामिल है। यहां सुबह-शाम वाहन चालकों को लंबे जाम में फंसा रहना पड़ता है। व्यस्त समय में लालबत्ती भी दो से तीन बार में पार होती है। ऐसे में इस रास्ते को सिग्नल फ्री और जाम मुक्त बनाने के लिए दो साल पहले निर्णय लिया गया था। कोरोना की वजह से इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने में समय लगा। अब डीएनडी से सेक्टर-12,22 तक रास्ते पर काम शुरू हो गया है।

# ग्रेनो में शुरू होगी देश की सबसे बड़ी रोबोटिक कंपनी

## मुख्य सचिव ने लिया जायजा, हर साल 50 हजार रोबोट बनकर होंगे तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर वासियों के लिए खुशखबरी है। नोएडा के बाद अब ग्रेटर नोएडा में भी रोबोटिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी शुरू होने जा रही है। रोबोटिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी कंपनी रोबोट बनाने में महारत हासिल करने वाली कंपनी एडवर्ब टेक्नोलॉजी द्वारा स्थापित की जा रही है। ग्रेटर नोएडा में बनने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी रोबोटिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी होगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव डीएस मिश्रा ने नोएडा स्थित देश की सबसे बड़ी रोबोटिक कंपनी का जायजा लिया। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी, ग्रेनो के सीईओ नरेंद्र भूषण और अन्य अधिकारी मौजूद हैं। इस दौरान डीएस मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया, नोएडा में रोबट उत्पादन के लिए कुल 51 सप्ताह के भीतर एडवर्ब टेक्नोलॉजी ने काफी अच्छा कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर तमाम उद्योग और नवयुवक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। यह देखकर मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और फॉर स्टार्टअप इंडिया की सफलता का यह एक ज्वलंत मिसाल है। नोएडा में यह देश की सबसे बड़ी रोबोटिक कंपनी है।

उन्होंने बताया कि इस कंपनी के माध्यम से केवल भारत ही नहीं बल्कि सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और यूएस में रोबोट सप्लाई किए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, एडवर्ब टेक्नोलॉजी ने वर्तमान समय में बहुत ही आवश्यक क्षेत्र ह्यूमन रोबोट कोलैबोरेशन में काफी तेजी के साथ कार्य किया है। जिसकी वजह से तकनीकी में मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री को बहुत लाभ मिला है। डीएस मिश्रा का कहना है कि, बहुत ही जल्द ग्रेटर नोएडा में एडवर्ब टेक्नोलॉजी रोबोटिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी शुरू करने जा रही है। जिसमें वर्ष 2022 के अंत तक करीब हर साल 50 हजार से अधिक रोबोट बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।




रोबोट कंपनी के लोगो के साथ मौजूद मुख्य सचिव व प्राधिकरण के अधिकारी।

मुख्य सचिव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में बनने वाली इस नई रोबोटिक फैक्ट्री में रॉबर्ट्स का उत्पादन शुरू किया जाएगा। इस फैक्ट्री द्वारा फ्लेक्सिबल मैन्युफैक्चरिंग एप्रोच अपनाया जा सकता है। आपको बता दें कि करीब एक साल पहले नोएडा में भारत की सबसे बड़ी ऑटोमेशन एवं रोबोटिक्स कंपनियों में से एक एडवर्ब टेक्नोलॉजीज ने पायनियर ह्यूमेन.रोबोट कॉलैबोरेशन टुटच ह्यूमेन लाइन्स के विजन के साथ बोट.वैली नाम से अपनी विश्वस्तरीय निर्माण इकाई शुरू की थी।

# जालसाजों ने महिला चिकित्सक से ठगे सवा तीन लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● केवाईसी अपडेट कराने का दिया झांसा**

केवाईसी अपडेट कराने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक महिला चिकित्सक के साथ तीन लाख 25 हजार 522 रुपये की ठगी की है। महिला चिकित्सक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-78 स्थित महागुन मार्डर्न सोसायटी निवासी वीना चिकित्सक हैं। वीना के मोबाइल पर बीते शुक्रवार को एक मैसेज आया। जिसमें सिम की केवाईसी अपडेट न होने के कारण सिम को 24 घंटे के भीतर बंद करने की बात कही गई। मैसेज में कस्टमर केयर का नंबर भी दिया था। ऐसे में महिला चिकित्सक ने कस्टमर केयर पर फोन किया।

फोन एक युवक ने उठाया और महिला को एक साफ्टवेयर डाउनलोड करने के लिए कहा। साफ्टवेयर डाउनलोड करने के बाद युवक ने महिला को दस रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा। पैसे ट्रांसफर करते ही महिला का फोन हैक हो गया और खाते से सवा तीन लाख निकल गए।

# टीवी एंकर ने उत्तराखंड में काटी हाथ की नस

## पति से झगड़ा कर पहुंची ऋषिकेश, नोएडा से कोलकाता तक मचा हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा स्थित एक टेलीविजन न्यूज चैनल में बतौर न्यूज एंकर काम करने वाली एक शादीशुदा युवती की एक हरकत से तीन-तीन राज्यों उत्तराखंड, पश्चिमी बंगाल और उत्तर प्रदेश में हड़कंप मच गया।

हुआ यूं कि नोएडा की रहने वाली टेलीविजन न्यूज एंकर युवती किसी वजह से घर से झगड़ा कर ऋषिकेश उत्तराखंड पहुंच गई। ऋषिकेश के एक होटल में ठहरी टीवी एंकर ने अपने हाथ की नस काट ली। इसके बाद इसकी फोटो पति को उसके मोबाइल फोन पर भेजकर आत्महत्या करने की बात कही। इसकी जानकारी



ऋषिकेश पुलिस को दी गई। इसके कड़ी मशक्कत के बाद युवती को होटल से ढूंढ निकाला और कमरे से बेहोश एंकर को तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

पूरा मामला शनिवार की मध्यरात्रि करीब 12:30 का है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, नोएडा की रहने वाली न्यूज चैनल की एंकर ऐश्वर्या शर्मा अपने घर से किसी बात से नाराज होकर मुनिकीरेती आई थीं। उनकी मोबाइल फोन लोकेशन शत्रुघन घाट के आसपास थी। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए युवती के बारे में जानकारी हासिल की फिर मिलने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

मुनिकीरेती के थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े 12 बजे बृजेश श्रीवास्तव ने उन्हें फोन कर बताया कि नोएडा निवासी ऐश्वर्या शर्मा घर में लड़ाई होने के बाद ऋषिकेश आई है। लोकेशन शत्रुघन घाट के आसपास बताई। यहां करीब 400 होटल हैं। तलाश में आठ टीमें जुट गईं। रात करीब सवा एक बजे पता चला कि होटल ग्रैंड आलोवा में एक महिला ने नस काटी है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

**नोएडा।** सिरौली बांगर गांव में नाबालिग से छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों की तरफ से लाठी डंडे चले और पथराव हुआ जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सिरौली बांगर गांव निवासी किसान की 15 वर्षीय पुत्री दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही दो युवक विजय उर्फ मिर्चन और जोनी ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

# महिला को फर्जी कंपनी का निदेशक बना ठगे 7 लाख

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आम लोग ही नहीं बल्कि पुलिस कर्मियों के परिवार भी ठगी का शिकार हो रहे हैं। कविनगर थाना क्षेत्र में ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें आरोपियों ने पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की पत्नी को फर्जी कंपनी का निदेशक बनाया और निवेश के नाम पर सात लाख रुपये ठग लिए। एसएसपी पवन कुमार के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

गोविंदपुरम में श्वेता चौहान रहती हैं। उनके पति रामेंद्र सिंह पुलिस लाइन में तैनात हैं। श्वेता ने बताया कि नवंबर-2020 में पति का एक्सीडेंट हो गया था।

इस दौरान घायल पति का हाल लेने उनके सहकर्मी हेड कांस्टेबल अनिल कुमार आते थे। अनिल के साथ ढिडार गांव निवासी अजय कुमार भी आने लगा। अजय ने पेंट फैक्टरी खोलने की बात कहकर श्वेता को उसमें पाटर्नर बनाने का झांसा दिया। इस बीच अजय की पत्नी आंचल भी उनसे आकर मिली। दोनों की बातों में आकर श्वेता ने कंपनी के दस्तावेज देखकर सात लाख रुपये उन्हें दे दिए।

## 22 मई तक गिरा दिए जाएंगे ट्विन टावर

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सुपरटेक के एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट में 40 मंजिला ट्विन टावरों को गिराने का काम शुरू हो गया है और 22 मई तक तोड़फोड़ का काम पूरा कर लिया जाएगा। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच को यह भी सूचित किया गया कि मैसर्स एडिफिस द्वारा 22 अगस्त तक पूरे मलबे को साइट से हटा दिया जाएगा।

वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन किया जा रहा है और काम से संबंधित तस्वीरें स्टेटस रिपोर्ट के साथ संलग्न की गई हैं। बेंच ने अपने आदेश में कहा कि अदालत को इस तथ्य से अवगत कराया गया है कि साइट पर तोड़फोड़ शुरू हो गई है।

# दुर्घटना व जाम से बचाने को लगेंगे सीसीटीवी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● यातायाता पुलिस ने प्राधिकरण को लिखा पत्र**

यू-टर्न पर हादसे और जाम से बचाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की तैयारी है। इसके लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिशनरेट की यातायात पुलिस ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखा है। शहर में 50 से अधिक यू-टर्न हैं। आने वाले समय में 10 से और अधिक यू-टर्न बनाए जाने प्रस्तावित हैं।

यू-टर्न का इस्तेमाल वाहन चालक सही दिशा में चलने के साथ-साथ गलत रूप से भी करते हैं। शार्ट कट के चक्कर में हादसे का खतरा भी रहता है, साथ ही जाम भी लगता है। इसको देखते हुए यातायात पुलिस ने कैमरे लगवाने की योजना तैयार की है।

डीसीपी यातायात गणेश साहा ने बताया कि करीब 25 ऐसे यू-टर्न हैं जहां अधिक संख्या में वाहन चालक विपरीत दिशा में चलते हैं। ऐसे में इन यू-टर्न पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने जरूरी है। कैमरे लगने पर ऐसे वाहनों का ई-चालान हो जाएगा। डीसीपी ने बताया कि इसके लिए नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखा गया है। यातायत पुलिस ने बुधवार को सेक्टर-21 स्कूल के बाहर नियमों का उल्लंघन कर आने वाले नाबालिग स्कूली छात्रों की चेकिंग की। यातायात पुलिस और सेवन एक्स वेलफेयर टीम ने छात्रों को जागरूक भी किया। नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए छात्रों के अभिभावकों से संपर्क कर नियमों का पालन कराने के लिए कहा है।

नियम तोड़ने वाले किशोरों और छात्रों को अब यातायात पुलिस वालिएंटर भी बनाएगी। इन छात्रों के लिए यातायात पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद छात्रों और किशोरों को उन्हीं के स्कूल और मोहल्ले में लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## महाशिवरात्रि पर बदला शहर का यातायात मार्ग

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि के अवसर पर हर बार की तरह एक दिन पहले ही ट्रैफिक पुलिस ने जीटी रोड पर डायवर्जन लागू कर दिया गया है। इसीलिए बहुत जरूरी काम न हो तो आज जीटी रोड पर जाने से बचें।

एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि अव्यवस्था से बचने के लिए सोमवार आधी रात 12 बजे से डायवर्जन लागू कर दिया है। जलाभिषेक के दौरान दूधेश्वरनाथ मंदिर आने वाले किसी भी रास्ते पर वाहनों का आवागमन नहीं होगा। हापुड़ तिराहा से घंटाघर के बीच और गोशाला अंडरपास से मंदिर की ओर आने वाला मार्ग पूरी तरह आइसोलेट रहेगा।

## सीज कार से सामान चुराने में सिपाही समेत चार पर केस

**गाजियाबाद।** पुलिस लाइन में खड़ी सीज कार से सामान चोरी के मामले में एक सिपाही, दो कबाड़ी और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं दोनों कबाड़ियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने सिपाही की तलाश शुरू कर दी है।

साहिबाबाद निवासी सोनू एक कार कंपनी में मैकेनिक है। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को वह कार लेकर जा रहे थे तो अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग के लिए रोक लिया। दस्तावेज नहीं होने पर उनकी कार सीज कर पुलिस लाइन में खड़ी कर दी। 26 फरवरी को वह कोर्ट से रिलीज ऑर्डर लेकर पुलिस लाइन पहुंचे तो उनकी कार से साइलेंसर, सीएनजी कैप और दोनों ऑटो सेंसर गायब थे।

# लता की याद में एफओबी बना रहा प्राधिकरण

## आने-जाने में लोगों को मिलेगी सहूलियत, स्मृति स्थल भी बनेगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर की याद में फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बना रहा है। सेक्टर-16ए की पार्किंग को फिल्म सिटी से जोड़ते हुए यह एफओबी बनाया जा रहा है, जिसका नाम लता मंगेशकर के नाम पर रखा जाएगा। इससे पहले प्राधिकरण ने शहर में कई जगह पर पोस्टर और पेंटिंग लगाकर स्वर साम्राज्ञी को श्रद्धांजलि दी है। डीएनडी, सेक्टर-15 मैक्स टावर के पास भी उनके पोस्टर लगाए गए हैं।

प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश ने बताया कि लता मंगेशकर वास्तव में हमारे देश के लिए ही नहीं अपितु पूरे विश्व के लिए एक




अनमोल रत्न रहीं। उन्होंने भारतीय गायन क्षेत्र को जो अनमोल गीत दिए हैं, वे गीत अतुलनीय हैं। उनकी याद में जगह-जगह पोस्टर व पेंटिग लगाई गई हैं। शहर में पहली बार किसी बड़ी हस्ती के नाम पर एफओबी का नाम रखा गया है। यहां पर जल्द ही एक स्मृति स्थल भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एफओबी के बनने से आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। बता दें, लता मंगेशकर का निधन छह फरवरी 2022 को हो गया था। 28 सितंबर 1929 को इंदौर में जन्मी लता मंगेशकर भारत की सबसे लोकप्रिय और सबसे सम्मानित गायिका रहीं।

## गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल

**गाजियाबाद।** बेहटा हाजीपुर कॉलोनी स्थित गोदाम में पशु कटान के आरोप में मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए नाबालिग समेत सात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने मामले में पुलिस पर हमला करने समेत 9 मुकदमे दर्ज किए थे। सभी में पुलिस ने सबूत एकत्रित कर कोर्ट में चार्जशीट भेजी है। वहीं, मुठभेड़ करने वाले एसएचओ पर बैठाई गई जांच अभी चल रही है।


ऋण वसूली न्यायाधिकरण-1, दिल्ली, चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ओ.ए. सं. 535/2019

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ............आवेदक

विरूद्ध

विकास कटारा ...........प्रतिवादीगण

सेवा में,

1. विकास कटारा
पुत्र श्री कीर्ति लाल कटारा निवासी : मकान नंबर ए-85, जैन पार्क, निकट मटियाला रोड, उत्तम नगर, दिल्ली-110059
अन्य पता
सुपर स्टोर ऐंड गार्मेंट हाउस नंबर ए-85, जैन पार्क, निकट मटियाला रोड, उत्तम नगर, दिल्ली-110059
.................प्रतिवादी

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरूद्ध रू. 12,28,820.37 (रूपए बारह लाख अठ्ठाईस हजार आठ सौ बीस तथा पैसे सैंतीस मात्र) की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 15-02-2022 को पूर्वा. 10.30 बजे विद्वान रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.etribunal.gov.in देखें फोन नंबर : 011-23748473)

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :-
(i) सभी अधिवक्ता/विवादी "Cisco Webex" डाउनलोड करेंगे ;
(ii) रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी-।/तथा वसूली अधिकारी-।। द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु "Meeting ID" तथा "Password" अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः "drt.gov.in" पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा।
(iii) किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 011-23748473 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 31 दिसम्बर, 2021 को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
कृते रजिस्ट्रार

प्रतिवादी आगे पूछताछ के लिए नीचे लिखे नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं। श्री अमित के. डार, विद्वान रजिस्ट्रार, डीआरटी-।, नई दिल्ली, फोन नंबर 011-23748473
ई-मेल : drt1delhi-dfs@nic.in



**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Sohan Lal S/o Shri Lallu Ram, Cont. 8368735304, Email: blsohan60@gmail.com, R/o. DDA Janta Flat No - 439 Single Storey, Madangir, New Delhi, are the owners of DDA Janta Flat No -439 Single Storey, Madangir, New Delhi, has applied conversion of aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. Original Possession Letter and Site Possession Slip issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 10/01/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director LAB(H) Janta, D-block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.



**PUBLIC NOTICE**

On behalf of my client of Dr. Arpana Jain D/o Shri Surender Kumar Jain R/o H.No. 101, Second Floor, State Bank Colony, Delhi-110009 has a Sale Deed in her favour dated 07.02.2019 of property - back position of built-up first floor, property bearing No. 35/22, (old No. known as 1521), Khasra No. 11, Kewal Park, Netaji Marg, Village Azadpur, Delhi-110033. That if anybody has any objection than the same shall be raised to the undersigned within 7 days of time from the date of publication of this notice. Failing which no claim of any kind whatsoever shall be entertained thereafter. Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Building, Commercial Complex, Azadpur, Delhi-110033 Mob.: 9599801188.



**घोषणा**

फार्म चार (नियम 8 देखें)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन का स्थान | नं0 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली -110002 |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम (क्या भारत के नागरिक हैं) पता- | नरेंद्र कुमार<br>हां<br>ई-4 ग्रेटर कैलाश पार्ट 2 नई दिल्ली 110048 |
| 4. | प्रकाशक का नाम (क्या भारत के नागरिक हैं) पता- | नरेंद्र कुमार<br>हां<br>ई-4 ग्रेटर कैलाश पार्ट 2 नई दिल्ली 110048 |
| 5. | सम्पादक का नाम (क्या भारत के नागरिक हैं) पता- | नवीन कुमार उपाध्याय<br>हां<br>29 सी, पॉकेट सी, सिद्धार्थ एक्सटेंशन, नई दिल्ली 110014 |
| 6. | स्थानीय सम्पादक (क्या भारत के नागरिक हैं) पता- | प्रदीप तिवारी<br>हां<br>6/2/18, एफ-2, शुभम अपार्टमेंट, वैशाली सेक्टर-6 गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |

| S.NO. | NAME OF SHAREHOLDERS | ADDRESS |
|---|---|---|
| 1 | SANCHAR HOLDINGS PRIVATE LIMITED | H-33A, LANE W10C, SAINIK FARMS, NEW DELHI -110062 |
| 2 | AMIT GOYAL | D-13A/8, MODEL TOWN NEW DELHI -110009 |
| 3 | OPINION EXPRESS COMMUNICATIONS & ENTERTAINMENT PRIVATE LIMITED | 24 A, CLIVE ROAD, HAZRATGANJ, LUCKNOW UTTAR PRADESH - 226001 |
| 4 | SYMPHONY TRADELINKS PRIVATE LIMITED | H-33A, LANE W10C, SAINIK FARMS, NEW DELHI -110062 |
| 5 | AVANTHA HOLDINGS LIMITED | FIRST INDIA PLACE, TOWER-C, MEHRAULI-GURGAON ROAD GURGAON (HARYANA) -122002 |
| 6 | IDBI BANK LTD | 17th FLOOR, IDBI TOWER, WTC COMPLEX, CUFFE PARADE, MUMBAI-400005 |
| 7 | CHAN DAN MITRA, BINDU SHARMA SANJEEV BHIKCHANDANI (JOINT SHAREHOLDING) | H-33A, LANE W10C, SAINIK FARMS, NEW DELHI -110062 |
| 8 | KESHAV PARASRAMKA | 26 BELVEDERE ROAD, ALIPORE KOLKATA, W.B -700027 |
| 10 | STERLING INFOTECH LIMITED | STERLING TOWER NO 327, ANNA SALAI TEYNAMPET, CHANNAI, TAMIL NADU -600006 |
| 11 | SARNATH SECURITIES PRIVATE LIMITED | ESSAR HOUSE-II, KESHVARAO, KHADYE MARG, MUMBAI-34, MAHARASHTRA |
| 12 | CHANDAN MITRA, BINDU SHARMA, SANJEEV BHIKCHANDANI (JOINT SHAREHOLDING) | H-33A, LANE W10C, SAINIK FARMS, NEW DELHI -110062 |
| 13 | UDAI S. SINHA | 4th FLOOR, SAHARA SHOPPING CENTRE, FAIZABAD ROAD LUCKNOW |
| 14 | KRISHNAM PARASRAMKA | 26 BELVEDERE ROAD, ALIPORE KOLKATA, W.B -700027 |
| 15 | RAMESH GANDHI | 85-A, PRINCE ANWAR SHAN ROAD.NAVEEN CINEMA BULIDING, PLOT NO-13, KOLKATA |
| 16 | RAINBOW PRODUCTIONS LIMITED | 85-A, PRINCE ANWAR SHAN ROAD.NAVEEN CINEMA BULIDING, PLOT NO-13, KOLKATA |
| 17 | ZWEIG SECURITIES PRIVATE LIMITED | P-1,2, New Howrah Bridge App Road, Baiju-Chowk 6th Floor, Room No 603, Kolkata -700001/- |
| 18 | ARVIND KUMAR PARASRAMKA | P-11, CHITPUR SPUR KOLKATA - 700007 |
| 19 | JEM FISCAL LIMITED | HAKEEM HOUSE, SARVESHWAR MANDIR, ROAD, TAKIAWAD KURLA MUMBAI -400070 |
| 20 | CHANDAN MITRA DIPAK MUKHERJI, DABUR GANGULY (JOINT SHAREHOLDING) | H-33A, LANE W10C, SAINIK FARMS, NEW DELHI -110062 |

Note: Above data is based on MLA recoard.

मैं नरेंद्र कुमार एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 1 मार्च 2022

नरेंद्र कुमार
मुद्रक एवं प्रकाशक
पायनियर



**सार्वजनिक सूचना**

विषय : प्लॉट नंबर 90, सेक्टर-17, एचएसआईआईडीसी, इंडस्ट्रियल एस्टेट बहादुरगढ़, हरियाणा

उपरोक्त प्लॉट एचएसआईआईडीसी, बहादुरगढ़, हरियाणा द्वारा जारी पुनर्-आबंटन पत्र सं. एचएसआईआईडीसी : सम्पदा : बहादुरगढ़ : 2498 दिनांकित 19-12-2019 के माध्यम से श्री संजय अरोड़ा पुत्र श्री मनोहर लाल अरोड़ा, निवासी मकान नंबर 313, प्रथम तल, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110087 के नाम है।

कि श्रीमती रितु अरोड़ा पत्नी स्व. श्री संजय अरोड़ा निवासी मकान नंबर 313, प्रथम तल, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110087 ने अपने अनुरोध पत्र दिनांकित 27-12-2021 के माध्यम से सूचित किया है कि श्री संजय अरोड़ा का स्वर्गवास दिनांक 21-05-2021 को हो चुका है। कि कानूनी वारिसों ने स्व. श्री संजय अरोड़ा का मृत्यु प्रमाणपत्र और एक वचनपत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें मृतक के कानूनी वारिसों के नाम निदर्शित किए गए हैं, जोकि
(1) श्रीमती रितु अरोड़ा पत्नी स्व. श्री संजय अरोड़ा
(2) श्री करण अरोड़ा पुत्र स्व. श्री संजय अरोड़ा एवं
(1) श्री ईशान अरोड़ा पुत्र स्व. श्री संजय अरोड़ा हैं।

कि कानूनी वारिसों ने उक्त प्लॉट श्रीमती रितु अरोड़ा पत्नी स्व. श्री संजय अरोड़ा के नाम हस्तांतरित करने का अनुरोध प्रस्तुत किया है और यह भी निवेदन/सूचित किया है कि केवल वे ही मृतक के कानूनी वारिस हैं और उनको कोई आपत्ति नहीं है, यदि उक्त प्लॉट श्रीमती रितु अरोड़ा पत्नी स्व. श्री संजय अरोड़ा के नाम हस्तांतरित किया जाता है।

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त हस्तांतरण के विषय में कोई सुरक्षित अधिकार/आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति(यां) लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष समर्थन दस्तावेजों और एक शपथपत्र के साथ, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि के भीतर प्रस्तुत कर सकता/सकती है। यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई प्रत्युत्तर/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह समझा जाएगा कि उक्त प्लॉट श्रीमती रितु अरोड़ा पत्नी स्व. श्री संजय अरोड़ा के पक्ष में हस्तांतरित किए जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं हैं तथा निगम उक्त प्लॉट श्रीमती रितु अरोड़ा पत्नी स्व. श्री संजय अरोड़ा के पक्ष में हस्तांतरित/पुनर्-आबंटित करने के अनुरोध पर आगे कार्रवाई करेगा। एचएसआईआईडीसी तदुपरांत कोई आपत्तियां, चाहे किसी भी प्रकार की हों, स्वीकार नहीं करेगा।

हिते
सम्पदा प्रबंधक, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विभाग निगम लिमिटेड, सेक्टर-17, इंडस्ट्रियल एस्टेट, बहादुरगढ़ (हरियाणा)



**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank — शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पम्मी तेजराना/ राहुल देव/ LBDEL00001491797 | 267 ए, जीएफ, पोकेट-सी, त्रिलोक पुरी-2, मयूरविहार पीएच-2, नई दिल्ली/ 24 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021 ₹ 31,12,870/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 01, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सरकारी स्कूलों से निकलेंगे भावी उद्यमी

## त्यागराज स्टेडियम में 5 मार्च को सरकारी स्कूलों के बच्चों के स्टार्ट-अप्स की लगेगी प्रदर्शनी

- देशभर के निवेशकों से अपील, एक्सपो में शामिल होकर करें निवेश : सिसोदिया


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में भविष्य की कंपनियों के सीईओ तैयार हो रहे हैं। स्कूलों के छात्र-छात्राएं अब जॉब सीकर्स नहीं बल्कि जॉब प्रोवाइडर्स बनने लगे है और उनका माइंडसेट बदलने लगा है। इनमें से आने वाले समय में बड़े उद्योगपति तैयार होंगे जो फेसबुक, गूगल जैसी कंपनियां बनायेंगे। इन बडिंग उद्यमियों को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने के लिए दिल्ली सरकार बिजनेस ब्लास्टर्स की बेहतरीन सौ से अधिक टीमों के साथ, 5 मार्च 2022 को त्यागराज स्टेडियम में बिजनेस ब्लास्टर्स इन्वेस्टमेंट समिट एंड एक्सपो का आयोजन करेगी।

सरकार का दावा है कि इस समिट में देशभर के निवेशक आकर इन बिजनेस आइडियाज में इन्वेस्ट कर सकेंगे। इन छोटे उभरते हुए उद्यमियों को अपने स्टार्टअप के लिए तो इन्वेस्टमेंट मिलेगा ही साथ ही एनएसयूटी, डीएसईयू, डीटीयू, आईजीटीयूडब्ल्यू आदि में बीबीए प्रोग्राम में सीधे दाखिला लेने का मौका मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में सोमवार को बताया कि उभरते हुए उद्यमियों के बिजनेस आइडियाज से इन्वेस्टर्स इतने प्रभावित हुए है कि अबतक इनको 12 करोड़ रूपये से अधिक का ऑफर मिला है। इस प्रोग्राम की मदद से सरकारी स्कूलों के बच्चे अब मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनने लगे हैं। उनका माइंडसेट बदलने लगा है और इन्हीं में से भविष्य के बड़े उद्योगपति तैयार होंगे। सिसोदिया ने 5 मार्च को होने वाले बिजनेस ब्लास्टर्स इन्वेस्टमेंट समिट एंड एक्सपो के बाबत निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि जो निवेशक नए आइडियाज में निवेश करना चाहते है वो एक्सपो में आए और देखे कि भविष्य के टाटा, बिरला,इनफोसिस, फेसबुक, टेस्ला जैसी कंपनियों के मालिक कहां से शुरुआत कर रहे है। जो निवेश नहीं भी करना चाहते वो लोग भी इस एक्सपो में आकर देखे कि कैसे 11वीं-12वीं के बच्चों को एक मौका देने भर से वो जॉब सीकर नहीं जॉब प्रोवाइडर बन रहे और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए तैयार है।

बिजनेस ब्लास्टरर्स प्रोग्राम विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप प्रोग्राम में से एक है जहाँ स्कूलों के 3 लाख से अधिक बच्चों ने 51,000+ टीमें बनाई और उन्हें 60 करोड़ रूपये की सीडमनी दी गई। इनमें से ज्यादातर टीमों ने मुनाफा कमाया और जिस टीम ने लाभ नहीं भी कमाया उनमें उद्यमिता के लिए माइंडसेट का विकास हुआ है। कार्यक्रम के पहले पड़ाव में स्कूल, जोनल, डिस्ट्रिक्ट लेवल पर इन 51,000+ टीमों में से विभिन्न विशेषज्ञों की मदद से एक हजार टीम का चयन किया गया। साथ ही एक्सपो के 100 से ज्यादा टीमों का चयन किया गया है। इन सभी को सरकार द्वारा बिजनेस कोच भी उपलब्ध करवाए गए जिन्होंने बच्चों को ट्रेनिंग देने और उनका प्रोफेशनल डेवलपमेंट करने का काम किया है।

# उच्च न्यायालय में चार नए न्यायाधीश हुए नियुक्त

- अब जजों की कुल संख्या 34 हुई
- अधिकतम हो सकती है 60 की नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय के चार नए न्यायाधीशों ने सोमवार को पद की शपथ ली। इसके साथ अब इस अदालत में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 हो गई है। इस न्यायालय में अधिकतम 60 न्यायाधीशों की नियुक्त की जा सकती है।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल ने न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा, न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता और न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन को पद की शपथ दिलाई। इन्हें 25 फरवरी को उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की घोषणा की गई थी। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश की अदालत में अन्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, शपथ ग्रहण करने वाले न्यायाधीशों और वकीलों के परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। न्यायमूर्ति कृष्णा यहां साकेत जिला न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थीं। वहीं, न्यायमूर्ति शर्मा पटियाला हाउस अदालत के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश थे और इससे पहले वह दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल भी रह चुके हैं। न्यायमूर्ति मेंदीरत्ता कानून मंत्रालय में केन्द्रीय विधि सचिव थे। ऐसा पहली बार है, जब एक केन्द्रीय विधि सचिव को उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

न्यायमूर्ति जैन राउज एवेन्यू कोर्ट के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश के पद पर तैनात थे। हाईकोर्ट उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने एक फरवरी, 2022 को हुई अपनी बैठक में उच्च न्यायालय में छह न्यायिक अधिकारियों को न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। केन्द्र ने छह में से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नत होने वाले चार न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी दे दी है।

# मेट्रो की सेवाएं पूर्ण यात्री क्षमता के साथ बहाल

- कोविड प्रोटोकॉल के पालन की दी हिदायत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मेट्रो ट्रेनें सोमवार से पूरी क्षमता के साथ दौड़ने लगी है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन कहा कि मेट्रो की सेवाएं लंबे समय बाद बगैर किसी पाबंदी के, आज यात्रियों की पूर्ण क्षमता के साथ बहाल कर दी गईं। डीएमआरसी महामारी के दौरान प्रोटोकॉल का अनुपालन करने को लेकर अपने यात्रियों का आभार प्रकट करता है। यात्रियों के सहयोग के बगैर वह महामारी के दौरान मेट्रो का परिचालन नहीं कर पाते।

डीएमआरसी ने एक ट्वीट में कहा, सभी को यह याद रखना है कि कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है। सुरक्षित यात्रा के लिए मास्क पहनने, सामाजिक दूरी रखने और बार-बार हाथ साबुन से धोने व सैनिटाइजर लगाने जैसे आवश्यक प्रोटोकॉल का अनुपालन करना होगा। मालूम हो कि कोविड महामारी की स्थिति में सुधार आने के बाद सभी पाबंदियां हटा ली गई हैं। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बीते शुक्रवार को सोमवार से कोविड-19 संबंधी सभी पाबंदियां हटाने का फैसला किया था। मास्क नहीं पहनने पर जुर्माने की राशि 2,000 रुपए से घटा कर 500 रुपए कर दी। एक अप्रैल से स्कूलों में भी कक्षाओं में पढ़ाई होगी।


### निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन पर फंसी बच्ची को बचाया

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक जवान ने निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के बाहर लोहे की ग्रिल में फंसी 10 वर्षीय एक बच्ची को बचाया। अधिकारियों के मुताबिक यह घटना रविवार शाम करीब छह बजे उस वक्त हुई, जब बच्ची दीवार का सहारा लेकर स्टेशन के गेट नंबर एक की सीढ़ियों के किनारे 20 फुट ऊंची ग्रिल पर चढ़ गई थी। सिपाही एन के नायक ने चतुराई से काम लिया और उस लड़की को बचा लिया, जो खेलते समय ग्रिल में फंस गई थी।

# कृषि मंत्रालय का पूर्व कर्मचारी धोखाधड़ी के आरोप में धरा

- फ्लैट खरीददारों को 14 करोड़ रुपए का लगाया चूना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी के मामले में कृषि मंत्रालय के एक पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिवाकर शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया है। वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में खंड अधिकारी भी रह चुका है। उसने अवर सचिव के पद से नौकरी छोड़ी थी। शर्मा ने अपने साथी पीयूष तिवारी के साथ मिलकर एक कंपनी बनाई थी और वह उसका निदेशक था। आरोप है कि उसने सरकारी समेत अन्य लोगों को आश्वासन दिया था कि आवंटन पत्र जारी होने के दो साल के अंदर उन्हें मकान मिल जाएंगे लेकिन उन्हें मकान नहीं मिला।

पुलिस के मुताबिक शर्मा और तिवारी ने लोगों से पैसे लेकर उसे कई कंपनियां एवं परियोजना में लगा दिया था। उन दोनों एवं उनकी कंपनी शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ वर्ष 2016 में गुलशन सेठी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था और फिर शर्मा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने जुलाई-सितंबर, 2013 में खरीददारों को अपनी शुभकामना सिटी प्रोजेक्ट में फ्लैट देने का वादा किया था। यह अपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बनना था।

# संपत्तियों को सील मुक्त करने के लिए बनी समिति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर निगम ने यह पता लगाने के लिए एक समिति का गठन किया है कि क्या उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित सीलिंग निगरानी समिति की ओर से तय नियमों के अनुरूप संपत्तियों को सील मुक्त किया जा सकता है। पिछले कुछ सालों में निगरानी समिति के निर्देश पर नगर निगम ने कई संपत्तियों को सील किया है।

अधिकारियों के मुताबिक, कोविड-19 महामारी ने कारोबारियों के कारोबार को बुरी तरह से प्रभावित किया है और कई कारोबारी अधिकारियों से राहत देने की अपील कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) से संबद्ध एक मनोनीत सदस्य ने 18 फरवरी को सिविल लाइन्स इलाके की कुछ सील संपत्तियों का मुद्दा एनडीएमसी की स्थाई समिति की बैठक के दौरान उठाया था जिसके बाद समिति के अध्यक्ष जोगी राम जैन ने इसे स्वीकार किया। समिति यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि उच्चतम न्यायालय द्वारा सीलिंग पर गठित निगरानी समिति की ओर से तय मानदंडों के आधार पर संपत्तियों को सीलमुक्त करने के लिए क्या कोई कानूनी आधार है?

### इस साल डेंगू के 39 मामले आए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पिछले एक सप्ताह में डेंगू के दो नए मामलों की पुष्टि हुई है। इस साल 19 फरवरी तक शहर में डेंगू के 37 मामले दर्ज किए गए थे। सोमवार को जारी वेक्टर जनित बीमारियों पर रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 26 फरवरी तक डेंगू के 39 मामले दर्ज किए गए हैं। एक जनवरी से 26 फरवरी की

अवधि के दौरान, पिछले साल दो मामले दर्ज किए गए थे जबकि 2020 में चार मामले, 2019 में दो, 2018 में नौ मामले और 2017 में छह मामले दर्ज किए गए थे। वेक्टर जनित रोगों के मामले आमतौर पर जुलाई से नवंबर के बीच आते हैं, लेकिन यह अवधि दिसंबर के मध्य तक बढ़ सकती है।


# सोशल मीडिया पर महिला को परेशान करने वाला गिरफ्तार

पाययनियर समाचा सेवा। नई दिल्ली

पुलिस ने एक व्यक्ति को एक महिला को परेशान करने के लिए उसका फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने और उसके रिश्तेदार तथा दोस्तों को आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सौरव ठाकुर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार छानबीन में पता चला कि सौरव ठाकुर के महिला के साथ कथित रूप से प्रेम संबंध थे। जब महिला ने उससे बात करना बंद कर दिया तो उसने फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाकर महिला को परेशान करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने इस संबंध में नौ फरवरी को पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया था कि कोई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उसके रिश्तेदारों और दोस्तों को आपत्तिजनक संदेश भेज उसे परेशान कर रहा है। उसने यह भी आरोप लगाया था कि आरोपी सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर रहा है।

पुलिस उपायुक्त ईशा पांडे ने बताया कि महिला की शिकायत के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (डी) और 509 के तहत मामला दर्ज किया गया और विभिन्न संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखी गई। जांच के दौरान फर्जी फेसबुक अकाउंट के आईपी एड्रेस का पता चला जो आरोपी के आईपी एड्रेस से मेल खाता था।



# गुरुग्राम में सीएनजी पंप पर तीन कर्मचारियों की बेरहमी से हत्या

## सेक्टर-31 में सीएनजी पंप पर अलसुबह 3 बजे के करीब तेजधार हथियार से की हत्या

### गुरुग्राम में लगातार बढ़ता जा रहा है अपराध का ग्राफ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-31 में सीएनजी पंप पर तीन कर्मचारियों की हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन।

**शहर** के सेक्टर-31 में एक सीएनजी पंप के तीन कर्मचारियों की सोमवार की अल सुबह करीब 3 बजे तेजधार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस तिहरे हत्याकांड से इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने तीनों कर्मचारियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान भूपेंद्र, पुष्पेंद्र और नरेश के रूप में हुई है। तीनों ही मृतक उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। साथ ही इस घटना की जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के प्रयास किए गए। पुलिस को वारदात के पीछे लूट की वजह का अंदेशा है। साथ ही अन्य कई तरीकों से भी जांच की जा रही है। दो शव सीएनजी पंप मैनेजर के कमरे में मिले, जबकि तीसरा बाहर मिला।

शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि तीनों युवकों का धारदार हथियार से बेरहमी से कत्ल किया गया है। हर किसी पर दर्जनों वार किए गए थे। पुलिस की मानें तो वारदात से पहले हत्या आरोपियों ने सीएनजी पंप की लाइट और सीसीटीवी को बंद कर दिया था। उसके बाद वारदात को अंजाम दे मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम के साथ फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचे। पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने भी घटना स्थल का दौरा किया।

डीसीपी (गुरुग्राम ईस्ट) वीरेंद्र विज ने बताया कि दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर स्थित एक सीएनजी पंप के तीन कर्मचारी सोमवार सुबह पंप पर संदिग्ध अवस्था में मृत गए। हमें पंप पर 2 शव मिले हैं, तीसरा लड़का जो यहां काम करता था, वो घायलावस्था में पास वाले पेट्रोल पंप पर चला गया था। बाद में उसकी भी मौत हो गई है। सीएनजी पम्प से नकदी भी बदमाशों ने नहीं लूटी। ऐसे में लूट की वारदात भी नहीं कहा जा सकता।

### बीते चार दिन में तीन सनसनीखेज वारदातों से दहला गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में बीते 4 दिनों में तीसरी सनसनीखेज वारदात से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। गुरुग्राम में नागरिकों में भय व्याप्त हो गया है। नई पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन के सामने गुरुग्राम में अपराध पर अंकुश लगाना चुनौती है।

बता दें कि अज्ञात बदमाशों ने 25 फरवरी को जिले के पटौदी के गांव खोड़ में शुक्रवार की सुबह शराब कारोबारी दो सगे भाइयों पर दिनदहाड़े दर्जनों फायर करके हत्या कर दी और फरार हो गए। इस मामले में अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे अगले ही दिन 26 फरवरी को गुरुग्राम के गांव बाबूपुर के पूर्व सरपंच योगेश यादव के घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने दो गोलियां मार दीं। योगेश यादव को पालम विहार स्थित कोलंबिया अस्पताल दाखिल करवाया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक है। ये पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन हाथ खाली हैं।

# मतदाता सूची में खामियों को दूर करने को 1104 वोटरों ने दिए आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### मतदाता सूची की खामियों को दूर करने को बनाई थी पांच कमेटियां

**मतदाता** सूची में खामियों को लेकर 1104 मतदाताओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करने के लिए अनापत्ति आवेदन जमा कराएं हैं। मतदाता सूची की खामियों को दूर करने में लगी पांच कमेटियों के पास आवेदन आए हैं। जबकि दो के पास एक भी आवेदन नहीं आया है।

नगर परिषद आम चुनाव की तैयारियों को लेकर तैयार की जा रही मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर करने के लिए 24 फरवरी तक आवेदन मांगे गए थे। जिसके लिए परिषद के लिए 7 कमेटियों का गठन किया गया था। 7 में से 5 कमेटियों के पास ही अनापत्ति आवेदन आए हैं। तहसीलदार व मार्केट कमेटी के पास एक भी मतदाता द्वारा कोई अनापत्ति आवेदन जमा नहीं कराया है। पांच कमेटियों के पास 1104 आवेदन आए है। जिनमें खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित कमेटी के पास सबसे ज्याद 414 आवेदन आए है। सबसे कम बिजली निगम एसईएन के नेतृत्व वाली कमेटी के पास मात्र 5 मतदाताओं द्वारा अनापत्ति आवेदन जमा कराए है। नायब तहसीलदार लछीराम के नेतृत्व में गठित कमेटी के पास 180, जनस्वास्थ्य विभाग एक्सईएन के पास 239 तथा बीडीपीओ प्रमेन्द्र सिंह के नेतृत्व वाली कमेटी के पास 37 आवेदन आए है। जानकारी के अनुसार सबसे अधिक आवेदन एक वार्ड से दूसरे वार्ड की सूची में अपनी वोट को कराने के लिए 60 फीसदी आवेदन आए है। 40 फीसदी त्रुटियां नाम परिवर्तन, पिता-पति का नाम गलत व अन्य खामियां शामिल है।

मतदाताओं द्वारा दर्ज कराई गई अनापत्तियां पर सुनवाई 4 मार्च तक की जाएगी। उसके बाद मार्च तक उपायुक्त कार्यालय में मतदाता को अपनी अनापत्तियां जमा करानी होगी। उपायुक्त कार्यालय में जमा होने वाली अनापत्तियों पर 11 मार्च को सुनवाई होगी। 16 मार्च को नगर परिषद कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

समयपाल
(सचिव नगर परिषद)

## संक्षिप्त समाचार

### एसजीटी विवि में धूमधाम से मनाया गया बसंत उत्सव



**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय ने बड़े जोश और उत्साह के साथ बसंत उत्सव का आयोजन किया। विश्वविद्यालय में मनाया जा रहे बसंत उत्सव कृषि में नए युग के थीम पर मनाया गया। कृषि विज्ञान संकाय ने इस उत्सव के अवसर पर विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस बार के बसंत उत्सव में पोस्टर मेकिंग, रंगोली, फ्रूट कार्विंग, ड्राई फ्लावर आर्ट, फ्लावर एक्सेसरी मेकिंग, विदेशी पौधों की प्रदर्शनी, फोटोग्राफी और गायन और नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बसंत उत्सव 2022 का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति और गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान और कृषि विश्वविद्यालय हिसार प्रो. बीआर कम्बोज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रिंसिपल और पूर्व सदस्य हरियाणा सेवा चयन बोर्ड प्रो. हंसराज, अतिरिक्त सीईओ गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी डॉ. सुभाष यादव, डीन कृषि और विज्ञान संकाय प्रो. अशोक कुमार, प्रो-चांसलर प्रो. आरसी कुहाड़, और कुलपति प्रो. ओपी कालरा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मधुप्रीत कौर चावला अध्यक्ष और श्री दशमेश एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी मनमोहन सिंह चावला ने भी विभिन्न स्टालों का दौरा किया और छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### घाटी में चढ़ते समय पांच वाहन एक साथ भिड़े, जनहानि नहीं हुई

**सोहना।** सोहना घाटी में ट्रोला चालक की लापरवाही से एक साथ पांच वाहन टकराए। इस भिड़ंत में पांचों वाहनों भारी क्षति हुई। गाड़ी चालक की शिकायत पर ट्रोला चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। फरीदाबाद के सेक्टर-8 निवासी प्रतीक चौधरी ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह अपने गांव शिही से खोरी राजस्थान सोहना घाटी से होकर जा रहा था। जब वह अपनी गाड़ी से तावडू के लिए सोहना घाटी में चल रहा था। तभी उसकी गाड़ी में पीछे से कार ने टक्कर मारी। कार में पीछे से आ रही फॉरच्यूनर गाड़ी ने, फॉरच्यूनर में डंपर ने तथा डंपर में ट्रोला ने टक्कर मार दी। एक साथ भिड़े पांच वाहनों में भारी क्षति हुई, लेकिन इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना ट्रोला चालक द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण हुई। सोहना सिटी थाना पुलिस ने ट्रोला को अपने कब्जे में लेते हुए चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हाइवा डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौत

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सिलानी चौक पर हाइवा डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौत तथा दूसरा घायल हो गया। घायल युवक को पलवल के अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने मौके पर डंपर छोड़कर भाग अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रविवार की शाम करीब 7 बजे सोहना से पलवल जाने वाले मार्ग के सिलानी चौक पर मिंड कौला की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहा हाइवा डंपर ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारी। बाइक पर सवार दो युवक हाइवा डंपर की टक्कर से बाइक समेत सड़क पर गिर गए। जिनकी पहचान अजीत पुत्र मांगेराम निवासी मिंड कौला व दूसरे की पहचान धर्मबीर पुत्र रामचन्द्र निवासी मडनाका जिला पलवल के रुप में हुई है। हादसे में लगी चोटों के कारण अजीत ने मौके पर ही दमतोड़ दिया तथा धर्मबीर को जिला पलवल के अस्पताल में दाखिल कराया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सोहना सदर थाना पुलिस ने घटना स्थल के प्रत्यक्षदर्शी मृतक अजीत का चाचा भगत सिंह की शिकायत पर डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। घटना स्थल पर खड़ा डंपर को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### मेयर ने सेक्टर-38 में किया जनहित के कई कार्यों का शुभारंभ



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद ने रविवार को वार्ड-28 के सेक्टर-38 में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेक्टर-38 में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 14 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर के पार्कों के चारों तरफटाइल लगाने के कार्य पर 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत आएगी। अपने संबोधन में मेयर मधु आजाद ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में हों तथा उनकी गुणवत्ता बेहतर हो यह सुनिश्चित करने बारे अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर-38 में 2 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों का कार्य पूरा होने के बाद यहां के नागरिकों को फायदा होगा। साथ ही पार्कों के चारों तरफटाइल लगाने के कार्य पर 1करोड़ 40 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

### महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव से पंजाबी बिरादरी ने लिया आशीर्वाद



**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महा संगठन का प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष बोध राज सीकरी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कथूरिया, महासचिव राम लाल ग्रोवर और 50 से अधिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों के ने आश्रम हरि मंदिर पटौदी में पीठाधीश महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेवजी से आशीर्वाद लेने पहुंचे। महा संगठन ने यथा शक्ति राशन सामग्री, अन्य सामान, फल-फूल और धन की सेवा आश्रम में अर्पित की। महामंडलेश्वर स्वामी धर्म देव ने बोध राज सीकरी की कार्यशैली, उनकी सौम्यता, सभ्यता, शालीनता व उनके सेवा के संस्कार और उनके ग्रंथों के ज्ञान की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि वे मीडिया के माध्यम से सब देख पा रहे हैं और लोगों के माध्यम से जान पा रहे है कि किस प्रकार पंजाबी बिरादरी महा संगठन बोध राज सीकरी के नेतृत्व में ओमप्रकाश कथूरिया के सहयोग से मात्र तीन महीने में सेवा के परिकल्पों से गरीब और असहाय लोगों को बिना किसी जाति भेदभाव के मदद के लिए सक्रिय हैं। उन्होंने संगठन को आशीर्वाद दिया कि वे समाजसेवा में निरंतर आगे बढ़ते रहें।

# ग्रामीण सड़कें : पेचवर्क होगा 21.47 करोड़ से


भोंडसी से दमदमा झील को जाने वाले मार्ग पर गांव खेड़ला में सड़क में बने गड्ढों के कारण जमा पानी।

एन. रोहिल्ला। सोहना

**ग्रामीण** क्षेत्र में 16 एक दूसरे गांवों को जोड़ने वाली तीन सड़कों पर बने गड्ढों को जल्द ही भरा जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने करीब 27 किलोमीटर लंबी सड़कों का फिर से निर्माण करने के लिए 21 करोड़ 47 लाख रुपये का बजट बनाकर उच्चाधिकारियों को मंजूरी के लिए भेजा है।

लोक निर्माण विभाग सोहना सबडिविजन के अधीन आने वाली ग्रामीण क्षेत्र की तीन मुख्य सड़कों पर बने गड्ढों को जल्द ही भराने के लिए कवायद शुरू कर दी है। तीन मुख्य सड़कों के गड्ढों को भरा जाएगा। उनमें भोंडसी से किरन की खेड़ली की लंबाई 10 किलोमीटर, सोहना से दमदमा-खेड़ला करीब 11 किलोमीटर और खेड़ला से बहलपा, रिठौज, नया गांव से गुरुग्राम-सोहना एलीवेटेड मार्ग तक करीब 15 किलोमीटर लंबी सड़कों पर जल्द ही निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने सोहना से दमदमा-खेड़ला तक 11 करोड़ 58 लाख रुपये, रिठौज वाया नया गांव एलीवेटेड मार्ग तक 8 करोड़ 47 लाख तथा भोंडसी से जाने वाला परमिट मार्ग किरन की खेड़ली तक 1 करोड़ 46 लाख रुपये का बजट बनाकर तैयार किया है।

**कौन-कौन से गांवों को होगा फायदा :** सड़कों पर बने गड्ढे भरे जाने वाली सड़कों में इन खाईका, सिरसका, लोहटकी, अभयपुर, दमदमा, खेड़ला, बहलपा, सहजावास, रिठौज, नया गांव, धूमसपुर, महेन्द्रवाड़ा, गढ़ीबाजीदपुर, दौला, खरौदा, और किरन की खेड़ली शामिल हैं। इसके अलावा परमिट लाइन मार्ग पर भोंडसी से वाया पलवल आगरा, फ रीदाबाद, अलीगढ़, सोहना व भोंडसी से दमदमा झील को जाने वाले पर्यटकों को गाड़ियां फर्राटे भर सकेंगी।

**किसानों को भी होगा लाभ :** सड़कों पर बने गड्ढे भरे जाने से किसानों को फसल मंडियों में लेकर जाने में आसानी होगी। मार्च माह में किसान पहले सरसों और बाद में गेंहू को बेचने के लिए सोहना, नूंह, पलवल, तावडू और गुरुग्राम की मंडियों में में लेकर जाते हैं।

> **ग्रामीण** क्षेत्र की सड़कों के गड्ढों को भरने तथा फिर से निर्माण कराने का बजट तैयार कर लिया है। अनुमानित से तैयार किया बजट को उच्चाधिकारियों को मंजूरी के लिए भेज दिया है। अधिकारियों से मंजूरी मिलने के साथ ही कार्य को अमल में लाया जाएगा।
>
> अजीत सिंह
> (एसडीओ बीएण्डआर विभाग)

## हेला इंडिया से निकाले कर्मियों ने की बैठक

**गुरुग्राम।** हेला इंडिया कंपनी धनकोट से निकाले गए 127 अस्थाई कर्मचारी पिछले दो साल से काम पर रखे जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। अचानक काम से निकाले जाने के कारण ये और इनका पूरा परिवार आज भुखमरी के कगार पर है। इनका मामला अभी लेबर कोर्ट गुरुग्राम में चल रहा है।

इसी सिलसिले में इन कर्मचारियों ने मिनी सचिवालय में एकत्र होकर मीटिंग की। इस दौरान हेला इंडिया कंपनी के खिलाफ नारे लगाए गए और आरोप लगाया गया कि प्रबंधन जान बूझकर मामले को कोर्ट में उलझाए रखना चाह रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि उन लोगों को लेबर कोर्ट से न्याय अवश्य मिलेगा। आंदोलित कर्मचारियों की एडवोकेट पल्लवी राय ने बताया कि प्रबंधन ने इन्हें कोरोना काल के दौरान 12 जून 2020 में निकाल दिया था।

# जिम्मेदारी से काम करें जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग: सुधीर सिंगला

### ठेकेदार कल्याण संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष को विधायक ने दी शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम नगर निगम में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते लोग।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने ठेकेदार कल्याण संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष मनीष सैदपुर को शुभकामनाएं दीं। निष्पक्षता से काम करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी जिम्मेदारी मिलने पर हम उस काम के प्रति अपना पूरा समर्पण भाव रखें।

विधायक सुधीर सिंगला के साथ इस अवसर पर मनीष भारद्वाज चेयरमैन, राजकुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगदेव सिंह पलाड़ा उपाध्यक्ष, वीरेंद्र चौहान महासचिव, प्रदीप वशिष्ठ कोषाध्यक्ष, भीम सिंह सचिव, संदीप राठी सचिव, दीपक कुमार सचिव, मंजू मनोज पांचाल राजनीतिक सलाहकार, पवन नेहरा राजनीतिक सलाहकार, कार्यकारिणी सदस्य फूल सिंह, जितेंद्र यादव के अलावा हेमंत यादव आदि उपस्थित रहे।

विधायक सुधीर सिंगला ने इस अवसर पर कहा कि जिस किसी को भी जो जिम्मेदारी मिली है, वे उसे कर्मचारियों के हित में पूरी तरह से निभाएं। हमारा किसी भी पद पर चुनाव होना हमें उस पद और काम की गरिमा में बांधता है। ऐसे में हमें निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए, ताकि हम अपने साथ जुड़े लोगों का भला कर सकें।

# बस अड्डा बनवाने को नवीन ने मंत्री से की मुलाकात

### मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में भी बस अड्डे की नई इमारत की मांग उठाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को नया बस अड्डा बनाने के लिए मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल। साथ हैं अन्य लोग।

**परिवहन** के क्षेत्र में हरियाणा में बहुत परिवर्तन हुए हैं। रोडवेज के बेड़े में लगातार नई बसों को शामिल किया गया है। अनेक जिलों में बस अड्डों की भव्य इमारतें बनाई जा चुकी हैं। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में भी बस अड्डे की नई इमारत बने, यह जरूरी है। शहर का बस अड्डा 55 साल से भी अधिक पुराना हो चुका है। इसलिए अब यहां नया बस अड्डा बनाया जाए। यह मांग पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को एक पत्र सौंपते हुए की गई।

पत्र में नवीन गोयल ने कहा है कि समय के साथ गुरुग्राम का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है। हरियाणा को बने लगभग 55 वर्ष हो गये हैं और इतने वर्ष बीतने पर भी यहां यातायात के लिए एकमात्र बस अड्डा शहर के बीचों बीच स्थित है। जिसकी हालत जर्जर हो चुकी है। शहर के अन्दर से अन्य जिलों में जाने के लिए बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सारा समय जाम की स्थिति रहती है और यात्री अपने गंतव्य पर समय पर नहीं पहुंच पाते। राजीव चौक हाईवे पर कोर्ट के सामने नये बस अड्डे की जगह प्रस्तावित है, जिसमें चारदीवारी लगभग 15 वर्षों से हो रखी है। उन्होंने मंत्री से निवेदन किया कि इस प्रस्तावित जगह पर नए बस अड्डे का निर्माण अति शीघ्र करवाया जाए, जिससे न केवल गुरुग्राम के यात्रियों बल्कि समस्त जिलों के यात्रियों को आने-जाने की बेहतरीन सुविधा मिलेगी।

# एमवे ने भारत में बाल कुपोषण के उन्मूलन के लिए अपनी लड़ाई तेज की

### भारत सरकार के राष्ट्रीय पोषण मिशन में सहयोग देने के लिए न्यूट्रीलाइट लिटिल बिट्स लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**एमवे** दुनिया भर में कुपोषण के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जिससे हजारों बच्चों को बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिल रही है। भारत में एमवे अपने विश्व स्तर पर प्रसिद्ध पोषण कार्यक्रम पॉवर ऑफ 5 के माध्यम से बाल कुपोषण से लड़ रहा है। जिससे छह साल से कम उम्र के बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलती है। पोषण शिक्षा और मध्यवर्तन में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए एमवे ने अब एक अभिनव को लॉन्च करने की घोषणा की है। जो सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी के कारण होने वाले एनीमिया जैसे रोगों का सामना करने में मदद करने के लिए दैनिक आवश्यक विटामिन और खनिज प्रदान करता है।

पिछले कुछ वर्षों में कुपोषण सभी भौगोलिक क्षेत्रों में एक मूक महामारी बन गया है। जो अब वर्तमान स्वास्थ्य संकट के कारण और तीव्र हो गया है। विशेष रूप से छोटे बच्चों में कुपोषण से लड़ने के एमवे के प्रयासों के बारे में बात करते हुए एमवे इंडिया के सीईओ अंशु बुधराजा ने कहा हम व्यापार करने के पारंपरिक तरीकों से हटकर चलने में विश्वास करते हैं। इस विचार के अनुरूप और भारत सरकार के राष्ट्रीय पोषण मिशन के साथ सहयोग करते हुए हमने 2018 में एक पोषण शिक्षा कार्यक्रम पॉवर ऑफ 5 की शुरुआत की। जिसके माध्यम से अब तक भारत में 36,000 बच्चों सहित 1,30,000 से अधिक वंचित लोगों को लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा न्यूट्रिशन और वेलनेस के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए हमने न्यूट्रीलाइट लिटिल बिट्स को विकसित करने के लिए अपने उत्पादीय संसाधनों और संचालनों को अपने मूल्यों के साथ समन्वित किया है। मुझे यह घोषणा करते हुए असीम खुशी हो रही है कि हम बच्चों को बेहतर, स्वस्थ और अधिक सशक्त जीवन जीने में मदद करने के लिए अपने पॉवर ऑफ 5 कार्यक्रम की लगातार बढ़ती शक्ति में लिटिल बिट्स का उपयोग करेंगे। मेरा दृढ़ विश्वास है कि बाल कुपोषण जैसे सामाजिक मुद्दों का संज्ञान लिए बिना आर्थिक विकास का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता है। हमें उम्मीद है कि हमारे चल रहे पोषण कार्यक्रम के साथ.साथ न्यूट्रीलाइट लिटिल बिट्स के साथ हमारे रणनीतिक मध्यवर्तनों से महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हम अधिक से अधिक बच्चों का सहयोग करने और उनकी मदद करने के अपने प्रयासों को प्रसारित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# हिमालया मेंस ने नया अभियान शुरू किया

### यहां देखें फिल्म - https://youtu.be/iZhYIDnu1GM

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत** के अग्रणी वैलनेस ब्रांड्स में से एक, हिमालया वैलनेस कंपनी ने प्रकृति और विज्ञान की शक्ति के साथ हिमालया मेन पिंपल क्लियर नीम फेस वॉश को लड़कों के मुहांसों के प्रभावी समाधान के रूप में पेश करते हुए एक नया अभियान शुरू किया। लड़कों के पिंपल्स का सही सोलुशन की पेशकश के साथ, यह अभियान युवा लड़कों को अजीबोगरीब सुझाव इस्तेमाल करने के बजाय अपने पिंपल्स की समस्या को हल करने के लिए सही समाधान चुनने के लिए प्रेरित करता है।

इस विज्ञापन की शुरुआत दोस्तों के एक ग्रुप के साथ होती है, जो क्रिकेट मैच के बाद अपने ड्रेसिंग रूम में वापस लौटते हैं तथा जिसमें सभी का ध्यान एक पिंपल्स वाले लड़के की तरफ होता है। उसका दोस्त उसे चिढ़ाते हुए कहता है कि मैच में एक लड़की उसकी तरफ देख रही थी, इस पर पिंपल्स वाला लड़का शीशे में अपने चेहरे को देखते हुए जवाब देता है कि वह लड़की उसे नहीं बल्कि उसके पिंपल्स को देख रही थी। उसके बाद उसके दोस्त उसे साबुन लगाने और पिंपल फोड़ने जैसे कई सुझाव देते हैं। फिर ऋषभ पंत उन्हें बताते हैं कि पुरुषों के पिंपल्स के लिए केवल एक ही सही समाधान है हिमालया मेन पिंपल क्लियर नीम फेस वॉश है जो विशेष रूप से पुरुषों की त्वचा के लिए तैयार किया गया है और पिंपल्स को ठीक करने में प्रभावी रूप से सहायता करता है।

राहुल पांचाल, जनरल मैनेजर, मार्केटिंग, हिमालया वैलनेस कंपनी ने बताया, हिमालया कंपनी का हर उत्पाद ग्राहकों की दिन-प्रतिदिन की व्यक्तिगत देखभाल के लिए बनाया गया है। ब्रांड के मिशन का उद्देश्य, हर घर में वैलनेस और हर दिल में खुशी लाने का है। हमारे उपभोक्ता अध्ययनों से पता चला है कि लड़कों को भी पिंपल्स से नफरत है और वह पिंपल्स के समाधान के लिए अलग-अलग इक्सपेरीमन्ट करते हैं। हिमालया मेन का यह नया अभियान पिंपल की समस्याओं को हल करने के लिए इस्तेमाल किए गए विभिन्न मिथकों को खत्म करने में सहायता करता है।

हिमालया वेलनेस कंपनी के कैटेगरी मैनेजर अभिनव चुघ ने कहा, हमारे नए अभियान में, हम उन युवा लड़कों से बात कर रहे हैं, जिन्हें किशोरावस्था में पिंपल्स का सामना करना पड़ता है। इस उम्र में लड़के अपने लुक्स को लेकर सचेत हो जाते हैं-खासकर तब जब उन्हें किसी लड़की में दिलचस्पी हो जाती है। इस अभियान के माध्यम से, हमारा लक्ष्य सभी युवा लड़कों को उनके पिंपल्स के लिए सही समाधान चुनने के लिए सहायता करना है। हमारे ब्रांड एंबेसडर, ऋषभ पंत, इन युवा लड़कों के लिए सही इनफ्लुएंसर है जो पिंपल से जुड़ी सभी मिथकों को खत्म करते हुए इसके लिए उपयुक्त समाधान साझा करते हैं।

# आवारा पशुओं की शिकायत बिना जांच के हो गई बंद

कविता। फरीदाबाद

शहर में आवारा पशुओं के द्वारा आम नागरिकों को लगातार अपना शिकार बनाया जा रहा है। आवारा पशुओं से मुक्ति दिलवाने के लिए नागरिकों के द्वारा की जा रही शिकायतों को बिना जांच के ही नगर निगम के कर्मचारी बंद कर रहे हैं। ऐसा ही सेक्टर-55 निवासी गुरमीत सिंह देओल का कहना है।

उन्होंने मुख्यमंत्री शिकायत केन्द्र, पंचायत भवन बल्लभगढ़ को लिखे एक पत्र में कुछ ऐसा ही बताया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि नगर निगम को आवारा पशुओं से मुक्ति के लिए दी शिकायत को संबंधित कर्मचारियों ने बिना जांच किये ही बंद कर दिया है। जिस पर उन्होंने सीएम से शिकायत कर पुन: जांच करवाने की मांग की है।

### सीएम विंडो में पुरानी शिकायत की पुनः जांच की उठाई मांग

गुरमीत सिंह देओल ने मुख्यमंत्री शिकायत केन्द्र को सोमवार को लिखे पत्र में बताया कि सेक्टर-52 और सेक्टर-55 में आवारा पशुओं को आतंक छाया हुआ है। इन आवारा पशुओं में गाय, सांड, सुअर व बंदर और कुत्ते शामिल हैं। जिसकी शिकायत के समाधान के लिए उन्होंने नगर निगम को सूचना दी थी। लेकिन उनके द्वारा की गई शिकायत को बिना जांच करवाए ही बंद कर दिया गया। इस पुरानी शिकायत की पुन: जांच की मांग उन्होंने सीएम विंडो में उठाई है।


कचरे में मुंह मारता एक आवारा पशु।

**लोग हो रहे हैं घायल:** गुरमीत सिंह ने मुख्यमंत्री शिकायत केन्द्र में लगाई अपनी शिकायत में कहा है कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को एक सांड द्वारा सेक्टर-55 स्थित मकान नम्बर 1706 के सामने सोमवार सुबह करीब 11 बजे टक्कर मारकर घायल कर दिया है। शहर के विभन्न इलाकों में वाहन चालकों और पैदल राहगीर दर्जनों बार आवारा कुत्तों, बंदर व गाय सांडों के कारण घायल हो चुके हैं। बंदरों के हमले का शिकार हुए सेक्टर 55 के मकान नंबर 872 में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा बंदरों को पकड़ने के लिए पुलिस और नगर निगम को शिकायत दी थी, लेकिन नगर निगम के पशु पकड़ने वाले दस्ते ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।

**उठाई मांग :** गुरमीत सिंह देओल ने कहा कि बिना कार्रवाई किये शिकायतों को बंद किया जाना गलत है। शिकायतकर्ता को जांच में शामिल कर उसकी संतुष्टि या समस्या का समाधान किए जाने के बाद ही शिकायत बंद की जानी चाहिए। अन्यथा शिकायत को जिला ग्रीवेंस कमेटी में ट्रांसफर करवा दिया जाए।

# माप-तोल निरीक्षक 60 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

### 1.20 लाख लेने के बाद 60 हजार रुपये और मांग रहा था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के अंर्तगत माप तोल अनुभाग में कार्यरत एक निरीक्षक को हरियाणा स्टेट विजिलेंस की टीम ने एनएच पांच स्थित कार्यालय में 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता का लाइसेंस रिन्यू करने के बदले में आरोपी रिश्वत मांग रहा था। एक लाख 20 हजार रुपये लेने के बाद आरोपी ने दोबारा 60 हजार रुपये की मांग की थी। जिस पर शिकायतकर्ता स्टेट विजिलेंस को शिकायत दे दी। जानकारी के मुताबिक शहर में रहने वाले मनोरम राणा ऑटो में मीटर लगाने के काम करते हैं। वह मीटर बनाने के साथ मरम्मत करने का काम भी करते हैं। इसके लिए उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग के अंर्तगत आने वाले माप तोल अनुभाग से लाइसेंस भी लिया हुआ है। पिछले दिनों उनके लाइसेंस की वैधता खत्म हो गई थी। जिसके कारण उन्होंने लाइसेंस रिन्यू करवाने के लिए माप तोल अनुभाग में आवेदन किया हुआ था। एनएच पांच स्थित खाद्य आपूर्ति विभाग के माप तोल अनुभाग में तैनात निरीक्षक राजबीर सिंह ने उनका लाइसेंस रिन्यू करने के बदले में एक लाख 20 हजार रुपये की मांग की थी। मजबूरी में मनोरम राणा ने यह रकम निरीक्षक राजबीर सिंह को दे दी थी। लेकिन रुपये लेने के बाद भी वह लाइसेंस रिन्यू करने की बजाय लगातार टाल मटोल कर रहा था। परेशान होकर मनोरम ने राजबीर सिंह से मिन्नतें की तो वह 60 हजार रुपये की और मांग करने लगा। इस बार परेशान होकर पीड़ित मनोरम राणा ने मामले की शिकायत हरियाणा स्टेट विजिलेंस से कर दी। विजिलेंस के अधिकारियों ने टीम गठित करने के बाद मनोरम राणा को पाउडर लगे नोट देकर एनएच पांच स्थित कार्यालय में भेज दिया। जहां पीड़ित मनोरम राणा ने कार्यालय में पहुंच कर निरीक्षक राजबीर सिंह को 60 हजार रुपये दे दिये। जिसके बाद उसने बाहर खड़ी विजिलेंस की टीम को इशारा कर दी। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आरोपी को रंगेहाथों दबोच लिया। विजिलेंस टीम ने पीड़ित द्वारा दिये रुपये आरोपी के कब्जे से बरामद कर लिये हैं। जिसके बाद पुलिस आरोपी निरीक्षक को दबोच कर अपने कार्यालय में ले गई। जहां आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


स्टेट विजिलेंस ब्यूरो की गिरफ्त में रिश्वत लेने का आरोपी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह।

# जल्द बन जाएगा इंटरनेशनल खेल स्टेडियम : राजेश नागर


निर्माणाधीन खेल स्टेडियम का निरीक्षण करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने सेक्टर-31 में बन रहे खेल स्टेडियम के निर्माण कार्या का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नागर ने कहा कि यह खेल स्टेडियम मार्च तक बनकर तैयार हो जाएगा।

सेक्टर 31 में इनडोर खेल स्टेडियम बन रहा है जिसमें आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय खेलों की तैयारियां हो सकेंगी। इसको लेकर विधायक राजेश नागर ने अधिकारियों संग निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक ने अधिकारियों एवं साइट इंजीनियर को काम जल्द निपटाने के लिए कहा। नागर ने बताया कि विकास कार्य को जल्द पूरा करें जिसका लाभ जनता को जल्द मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास कार्यों को शुरू कर उन्हें समय पर जनता को सौंपने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसका हम सबको ख्याल रखना होगा।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अब तक के इतिहास में भारत के खिलाड़ियों ने ओलंपिक में सबसे ज्यादा पदक जीते हैं।

# गीता चंद्रन को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन (आईआईएमसी) के एलुमनाई एसोसिएशन (आईआईएमसीए) ने अपने 10वें वार्षिक आयोजन के दौरान प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्यांगना व पद्मश्री से सम्मानित गीता चंद्रन को पहले लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। आईआईएमसी के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर संजय द्विवेदी ने उन्हें यह पुरस्कार दिया।

पिछले छह वर्षों से पत्रकारिता, पीआर, विज्ञापन, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन के क्षेत्रों में कार्यरत आईआईएमसी के पूर्व छात्रों को आईआईएमसीए अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। इस साल से एलुमनाई एसोसिएशन ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड की शुरुआत भी की गई है। आईआईएमसी एलुमनाई एसोसिएशन ने उल्लेख किया कि 1984 में आईआईएमसी से मास्टर्स डिग्री प्राप्त करने के बाद गीता चंद्रन ने एक साल आईआईएमसी में कोर्स कॉर्डिनेटर के रूप में काम किया था। इसके बाद वह मीडिया दिग्गज निखिल चक्रवर्ती और आईआईएमसी के पूर्व डायरेक्टर के एनएमीडिया फाउंडेशन से जुड़ गईं। इसके बाद उन्होंने कुछ समय एनटीपीसी के पीआर विभाग में काम किया। करियर में अलग अलग अनुभवों के बाद उन्होंने स्वयं को पूरी तरह से भरतनाट्यम के लिए समर्पित कर दिया। पांच साल की आयु से ही उन्हें भरतनाट्यम में रुचि थी।

### डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर संजय द्विवेदी ने पुरस्कार दिया

आईआईएमसी एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिए जाने पर गीता चंद्रन ने कहा, 'आईआईएमसी में मैंने जो सीखा उससे मुझे अपने नृत्य को सामाजिक संवाद का माध्यम बनाने में सहायता मिली। पर्यावरण सुरक्षा, लैंगिक समानता और शांति स्थापना के क्षेत्र में मैंने जो कुछ किया है और कर रही हूं, उसकी जड़ें आईआईएमसी से जुड़ी हैं। इसके लिए मैं सदैव आईआईएमसी की आभारी रहूंगी।' भारत की लोकप्रिय शास्त्रीय नृत्यांगना गीता चंद्रन ने अपने नृत्य को आनंद, सौंदर्य, महत्वाकांक्षाओं और अध्यात्म से जोड़ते हुए अनूठी प्रस्तुतियों से विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने सोलो डांसिंग, ग्रुप डांसिंग और कोरियोग्राफी के बीच तारतम्य स्थापित किया और समाज व कलाकार के बीच के संबंधों को परिभाषित किया। गीता चंद्रन को केवल भरतनाट्यम को लेकर उनकी गहरी समझ के लिए ही नहीं जाना जाता है, बल्कि उनके शानदार संगीत के लिए भी जाना जाता है। वह प्रशिक्षित वोकलिस्ट हैं। टेलीविजन, वीडियो, फिल्म, थिएटर, कोरियोग्राफी, नृत्य शिक्षा और नृत्य से संबंधित विषयों पर गंभीर पत्रकारिता के लिए भी पहचानी जाती हैं। वह नाट्य वृक्ष की संस्थापक एवं डायरेक्टर और नाट्य वृक्ष डांस कंपनी की आर्टिस्टिक डायरेक्टर हैं।



# मेट्रो अस्पताल ने सिटी प्रेस क्लब को दिए फैमिली हैल्थ कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मेट्रो अस्पताल एवं सिटी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में फैमिली हैल्थ कार्ड वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल की ओर से सिटी प्रेस क्लब फरीदाबाद के सभी सदस्यों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन पदमश्री डा. पुरुषोत्तम लाल ने की।

इस अवसर पर अस्पताल के सीईओ रिटायर्ड मेजर जनरल वीके दत्ता, डायरेक्टर डा. नीरज जैन, एडवोकेट अश्वनी त्रिखा, अस्पताल की मीडिया प्रमुख सना तारिक, मेट्रो कैंसर अस्पताल के निदेशक डा. सुमंत गुप्ता एवं अस्पताल के जीएम डा. विशाल शर्मा सहित क्लब के सभी पदाधिकारी और पत्रकार सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर गुर्जर एवं डा. लाल ने सिटी प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को हेल्थ कार्ड वितरित किए। केंद्रीय मंत्री ने की मीडिया की तारीफ समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने का श्रेय मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन डा. पुरूषोत्तम लाल को जाता है। उन्होंने फरीदाबाद में मेट्रो अस्पताल की नींव रखकर इस क्षेत्र को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं।

गुर्जर ने अस्पताल के निदेशक एवं हार्ट सर्जन डा. नीरज जैन एवं डा. सुमंत गुप्ता की भी जमकर प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। आज सरकारी अस्पतालों में भी उच्च स्तरीय सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। पत्रकारों को हैल्थ कार्ड वितरित करते हुए गुर्जर ने कहा कि मेट्रो अस्पताल ने यह सराहनीय कार्य किया है। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका चौथे स्तम्भ के रूप में है। पत्रकार साथी अपने कार्य को बिना दिन रात का समय देखे बेहतर तरीके से करते हैं।

**डा. पुरूषोत्तम लाल ने किया स्वागत:** मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन डा. पुरूषोत्तम लाल ने केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं एडवोकेट अश्वनि त्रिखा का अभिनंदन किया तथा शॉल भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पदम विभूषण से सम्मानित डा. लाल ने कहा कि उनके समक्ष जब पत्रकार साथियों को फैमिली हैल्थ कार्ड देने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने सहर्ष उसे स्वीकृति प्रदान कर दी।


सिटी प्रेस क्लब के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

# महाशिवरात्रि : सजे मंदिर, श्रद्धालुओं की भीड़

### शहर में जगह-जगह शिव भक्त पूजन सामग्री खरीदते दिखे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शिवरात्रि को लेकर शहर के मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिरों में जहां एक तरफ भगवान शिव की पूजा की सारी तैयारियां की गई हैं, तो मंदिरों में भांग के प्रसाद के लिए भी भांग को रगड़ा गया। वहीं दूसरी तरफ बाजार भी फल व फूलों और पूजन सामग्री से सजे नजर आए। शहर में जगह-जगह भक्त रविवार को पूजन सामग्री खरीदते दिखे। पर्व को लेकर शिवालय मंदिर नंबर दो, शिव मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, श्रीराम मंदिर, सैनिक कालोनी मंदिर, तत्कालेश्वर शिव मंदिर संस्थान सहित अनेक अन्य मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व को मनाने की भव्य तैयारी की गई है। इस दिन श्रद्धालु स्नान व ध्यान के बाद भगवान शिव की आराधना कर व्रत रखेंगे।


महा शिव रात्रि के अवसर पर रोशनी से जगमगाता एनएच दो स्थित शिवालय।

**22 फुट की शिवलिंग:** शिवरात्रि पर सैनिक कालोनी मंदिर में सर्वाधिक भीड रहती है। पायनियर संवाददाता कविता को सैनिक कॉलोनी शिव मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि यह मंदिर वर्ष 1994 से बना हुआ है और इस मंदिर में सबसे बड़ा शिवलिंग मुख्य आकृषण का केन्द्र है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर यहां मौजूद 22 फीट के इस शिवलिंग की पूजा की जाएगी। इस शिवलिंग के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसकी स्थापना के समय पूरे शहर में अंधेरा छा गया था, जैसे ही इसकी स्थापना हुई तो सूर्य देवता की किरणें शिवलिंग पर पड़ी, इस मौके पर मंदिर कमेटी के मुख्य सदस्य मानव रचना शिक्षण संस्थान के संस्थापक स्व. ओपी भल्ला मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि इस मंदिर में शिवलिंग के सामने नंदी भगवान की एक मूर्ति है, लोग नंदी के कान में अपनी मनोकामनाएं शेयर करते है और नंदी उनकी इच्छाओं को भगवान शिव तक पहुंचाते है। भगवान शिव भक्तों की मनोकामनाओं को पूरा करते है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर जहां शहर के मंदिरों में दिखवटी फूलों का इस्तेमाल किया जाता है, वहीं दूसरी तरफ इस मंदिर में पेडों से टूटे फूलों का इस्तेमाल सजावट के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि लाखों फूलों से मंदिर को सजाया जाता है।

**बेलपत्र :** बाजारों में महाशिवरात्रि को लेकर पूजन सामग्री में बेलपत्थर, फूल माला, भंग, धतुरा, धूप-अगरबत्ती, जौ, बेल के पत्ते, शहर, गंगाजल, आंक के पत्ते, फूल इत्यादी पूजन सामग्री की बिक्री सोमवार को शुरू हो गई।

**बिकने लगे फल :** महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव को जल के साथ बेर चढ़ाने की भी परंपरा है। इस परंपरा के चलते ही बाजारों में बेर की मांग बढ़ गई है। बाजारों ही नहीं कॉलोनियों में भी ठेलियों पर बेर की बिक्री की जा रही है। मौके का फायदा उठाते हुए फल विक्रेताओं ने भी बेर के दाम बढ़ा दिए हैं।

# रोटरी क्लब ने पूरे किए समाज सेवा के 100 प्रोजेक्ट्स


सेक्टर-8 के सरकारी स्कूल में बच्चों के पीने के पानी का प्रबंध करवाते रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी के सदस्य।

फरीदाबाद। रोटरी क्लब एनआईटी ने समाजसेवा के 100 प्रोजेक्ट्स पूरा करते हुए शतक लगाया है। इसी मौके पर सेक्टर-8 गांव सरकारी स्कूल में क्लब द्वारा पीने के पानी का प्रबंधन करवाया गया जिसका खर्च मीना मेहता द्वारा वहन किया गया।

इस अवसर पर क्लब के प्रधान विपिन चंदा व महासचिव वीरेंद्र मेहता ने क्लब के 100 प्रोजेक्ट पूरा करने का श्रेय पूरी क्लब की टीम को दिया। इस मौके पर फर्स्ट लेडी ऑफ द क्लब अनुराधा चंदा, उदय मेहता, सिमरन मेहता, समाजसेवी व भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, समाजसेवी टोनी पहलवान, प्रेम पसरीचा, सुनील खंडूजा, राजन गेरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर क्लब की टीम ने स्कूल का दौरा किया। बच्चों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से सराहना की। इस मौके पर क्लब के प्रधान विपिन चंदा ने कहा कि बेशक क्लब ने 100 प्रोजेक्ट पूरे कर लिए हैं परंतु यह आंकड़ा दोगुना करने का लक्ष्य टीम ने पहले ही निर्धारित कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कथा में किया भगवान राम का राज्याभिषेक



फरीदाबाद। श्रीराम कथा के नवम दिवस आचार्य सर्वेश पांडेय ने मानस धर्म पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कथा में शिवरात्रि के उत्सव में प्राचीन शिव मंदिर राजीव कॉलोनी हार्डवेयर चौक पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ मानव धर्म को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। काशी से पधारे हुए महाराज आचार्य सर्वेश पांडे ने यह कथा सुनाई। जो कथा कैलाश की तलहटी में मैया पार्वती को भगवान शिव ने सुनाई भगवान शिव जी कहते हैं कि हे देवी वही कुल खानदान धन्य होता है। जिस कुल में जन्म लेकर बच्चा भगवान की भक्ति करता है। जगत में यह कुल पूज्य हो जाता है। भगवान शिव कहते हैं –परहित सरिस धर्म नहीं भाई। पर पीड़ा सम नहीं अधमाई। अर्थात परोपकार के समान कोई धर्म नहीं है और पर पीड़ा के समान कोई पाप नहीं है। इंसान और अन्य जीव में एकमात्र यही ज्ञान का अंतर है। भगवान कहते हैं, सभी जीव अन्न ग्रहण करते हैं, सभी जीव डरते हैं, सभी जीव सोते हैं, सभी जीव वंश वृद्धि करते हैं, तो इंसान और जानवर में अंतर कहां है बाबा कहते हैं/ ज्ञानों ही एको अधिको विशेषो ज्ञानेन हीना पशु भी समाना।

### छात्र आत्महत्या मामले में शिक्षिका हुई गिरफ्तार




फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद के डिस्कवरी सोसाइटी में छात्र द्वारा ऊपरी मंजिल से कूदकर की गई खुदकुशी मामले में पुलिस थाना बीपीटीपी ने डीपीएस स्कूल की एकेडमिक हेड आरोपिता ममता को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी को छात्र ने उपरी मंजिल से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। मरने से पहले छात्र ने एक सुसाइड नोट लिखकर छोड़ा था। जिसमें उसने डीपीएस स्कूल की एकेडमिक हेड व अन्य को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डीपीएस की एकेडमिक हेड ममता को गिरफ्तार कर भेज दिया गया है। छात्र को डिस्लेक्सिया की बीमारी थी। छात्र की मां की शिकायत के अनुसार 23 फरवरी को गौरव की विज्ञान की परीक्षा थी। जिसमें उसने प्रश्न समझने के लिए एकेडमिक हेड ममता से कुछ मदद मांगी थी, परंतु शिक्षिका ने उसे डांट लगाई और कहा कि वह बीमारी का बहाना बनाकर इसका फायदा उठा रहा है। इससे परेशान होकर छात्र ने 23/24 फरवरी की रात को खुदकुशी कर ली। आरोपित शिक्षिका को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### 1.6 किलोग्राम गांजे समेत एक तस्कर गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की पुलिस टीम ने मुजेसर रेलवे फाटक के पास गांजा बेचने के एक आरोपी को 1.16 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम दलीप है और यह स्थायी रूप से उत्तरप्रदेश में फिरोजाबाद के टुण्डला का रहनेवाला है। आरोपी दलीप फरीदाबाद में मुजेसर थानाक्षेत्र के रामस्वरूप कॉलोनी में किराये पर रहता है और गांजा बेचने का काम करता है। पुलिस प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की पुलिस टीम को क्षेत्र में गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी दलीप मुजेसर रेलवे फाटक के पास काले पॉलीथिन में गांजा रखकर बेच रहा है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल की घेराबंदी कर आरोपी को 1.160 किलो गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध मुजेसर थाना में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत संगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आयी कि आरोपी पिछले 6-7 माह से पलवल से कम कीमत पर गांजा खरीदकर फरीदाबाद में ऊंचे दाम पर बेचता है। जल्दी पैसे कमाने के चक्कर में पड़कर आरोपी गांजा बेचने का काम करने लगा। पूछताछ पूरी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

### फैक्ट्री से चोरी माल समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने चोरी के मुकदमे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुस्ताक उर्फ काला, खालिद तथा शौकीन का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों आरोपी फरीदाबाद के थाना मुजेसर एरिया के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ चोरी की धाराओं के तहत तीन मुकदमे दर्ज हैं जिसमें आरोपियों ने एक मुकदमे में सरूरपुर स्थित एक फैक्ट्री से रोलिंग मील बनाने वाली मशीन का सामान चोरी कर लिया था जिसकी कीमत लगभग 05 लाख रुपए थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। उन्होंने बताया कि चोरी किया गया कुछ सामान उन्होंने रुपए 52000 में बेच दिया था। जिसमें से 10 हजार रूपए उन्होंने खर्च कर दिए। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से बाकी के 42 हजार रुपये, वारदात में प्रयोग ऑटो में रखा फैक्ट्री से चोरी किया गया मशीन का सामान, चोरी किए गए दो सीएनजी ऑटो बरामद किया गया है। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### प्राचीन भारतीय विज्ञान का पता लगाएं वैज्ञानिक : प्रो. तोमर



फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने आज युवा वैज्ञानिकों से श्लोकों और सूत्रों में निहित प्राचीन भारतीय विज्ञान का पता लगाने का आह्वान किया, और कहा कि महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की भी कुछ खोज ऐसी है, जिन पर काम करने की आवश्यकता है, जिसके लिए युवा शोधकर्ताओं को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। प्रो. तोमर आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में अमेरिकन केमिकल सोसाइटी के सहयोग से विश्वविद्यालय द्वारा 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' (आईएएसटीएसएफ-2022) विषय पर आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन के संयोजकों में भौतिकी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सोनिया बंसल और रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ रवि कुमार और सह-संयोजकों में रसायन विज्ञान में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बिंदु मंगला, भौतिकी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनुराग गौड़ और पर्यावरण विज्ञान में सहायक प्रोफेसर डॉ. स्मिता शामिल हैं।

### संस्थाओं को एक मंच पर लाने का सपना पूराः मलिक

फरीदाबाद। विश्व एनजीओ दिवस के अवसर पर कॉन्फेडरेशन ऑफ एनजीओ के द्वारा 27 एनजीओ के साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन मेट्रो हॉस्पिटल के साथ किया गया। कॉन्फिडरेशन के संस्थापक ट्रस्टी प्रेसीडेंट प्रवेश मलिक ने बताया की विश्व भर में हर साल 27 फरवरी को वर्ल्ड एनजीओ डे मनाया जाता है। ये दिवस एनजीओ के महत्व को समझाने और विश्व भर के एनजीओ में काम करने वाले उन लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है, जो लोगों और जीवों के हित के लिए कार्यरत हैं। पहली बार इस दिन को 27 फरवरी, 2014 को वर्ल्ड एनजीओ डे के रूप में मनाया गया था। उन्होंने बताया की इस सपने को पूरा होने में लगभग पांच साल लगे जिसे पूरा करने में बहुत से साथियों ने मदद करी। जिसमें मुख्य रूप से सीए डॉक्टर अजय गर्ग ने मारगनिर्देशन कबीले तारीफ रही। इस अवसर पर ट्रस्टी महासचिव अजय गर्ग ने बताया कि फरीदाबाद में हजारों संस्थाएं काम कर रही है उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ही इस महा-संगठन को बनाया गया है जो कि एतिहासिक कदम है। इसमें अनिल शर्मा, अंकुर शरण और सुरेंद्र दहिया का विशेष सहयोग रहा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 मार्च, 2022



## यूक्रेन संकट
### भारत की निष्पक्षता

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी में रूस के खिलाफ प्रस्ताव पर भारत की अनुपस्थिति से परस्पर विरोधी संदेश जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने यूक्रेन के खिलाफ आक्रमण की निन्दा करने वाले अमेरिका-प्रायोजित प्रस्ताव से अनुपस्थित रहने का फैसला क्यों किया? सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य चीन तथा यूएई ने भी मतदान में भाग नहीं लिया, लेकिन भारत की आंतरिक बहस मुख्यत: देश के दृष्टिकोण को लेकर है। सरकार का तर्क है कि भारत का दृष्टिकोण निरंतरता के साथ सुसंगत है। तर्क है कि भारत की अनुपस्थिति से उसे दोनों पक्षों, आक्रामक रूस तथा पीड़ित यूक्रेन से निरंतर बात करने का अवसर मिलता है। यह संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति वालोदिमिर जेलेन्स्की से बात की। उन्होंने पुतिन से 'फौरन हिंसा रोकने' तथा 'राजनयिक वार्ताओं व संवाद के रास्ते पर लौटने' को कहा। जेलेन्स्की द्वारा फोन करने पर उन्होंने उनसे भी 'तत्काल हिंसा रोकने' तथा 'संवाद बहाल करने' का अनुरोध किया। मजेदार बात है कि दोनों पक्षों के लिए सरकार के संदेश में समान शब्दावली है। वास्तव में आक्रमण रोकना रूस की जिम्मेदारी है, जबकि यूक्रेन उत्पीड़ित है। संसद में भारत की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कोई प्रतिक्रिया न देना पसंद किया है। उसका दावा है कि भारत की एकजुट छवि प्रस्तुत करने के लिए उसने अंतरराष्ट्रीय संकट पर विपरीत दृष्टिकोण पेश करने से बचने का निर्णय किया है। लेकिन इससे कांग्रेस के कुछ नेता



प्रभावित नहीं हुए तथा शशि थरूर व मनीष तिवारी जैसे नेताओं ने कहा कि सरकार को स्पष्ट रूप से यूक्रेन का समर्थन करना चाहिए। तिवारी ने कहा कि हालांकि, रूस ने संकट के समय भारत का समर्थन किया है, 'लेकिन जब कोई मित्र गलती करे तो उसे ठीक किया जाना चाहिए।'

भाजपा के उपाध्यक्ष ने औपचारिक रूप से प्रस्ताव पर अनुपस्थिति का समर्थन किया क्योंकि भारत का विश्वास संवाद और राजनय में है। उन्होंने एक खबरिया एजेंसी के अनुसार भारत और चीन की अनुपस्थिति के बीच अंतर करते हुए यह भी कहा कि 'हम चीन की तरह नहीं हैं जिसने अनुपस्थिति के साथ जो संदेश दिया उसका अर्थ युद्ध की पैरोकारी है।' लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका या रूस ने भारत की अनुपस्थिति पर आपत्ति नहीं की है। मास्को ने भारत के 'संतुलित' दृष्टिकोण की प्रशंसा की है। अमेरिका ने कहा, 'हम समझते हैं, यह ठीक है।' लेकिन जो नहीं कहा गया उसे दो डेमोक्रेट कांग्रेस सदस्यों ने स्पष्ट रूप से कह दिया। कैलीफोर्निया से भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य रियो खन्ना ने अमेरिकन दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए ट्वीट किया, 'भारत के खिलाफ चीन की वर्तमान विस्तारवादी योजनाओं का विरोध रूस के बजाय अमेरिका करेगा।' उनके साथी कांग्रेस सदस्य इरिक स्वालवेल ने कहा, 'खन्ना और मैं सबसे बड़े भारतीय-अमेरिकन जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं और यह मतदान हमारे निर्वाचकों के विचारों के विपरीत है।' ऐसे में सवाल है कि इस अनुपस्थिति पर हमारा क्या विचार है? इसके बारे में काफी कुछ कहा गया है, लेकिन दो चीजों पर ध्यान देना चाहिए। पहला, किसी देश की नीतियां हमेशा उसके नागरिकों की भावना पर आधारित होनी चाहिए क्योंकि बड़ी तस्वीर छोटी तस्वीरों से मिल कर बनती है। दूसरे, संभवत: अब भारत को आगे बढ़ कर वैश्विक सुरक्षा के मामलों में सुरक्षा परिषद में मतदान करते समय प्रत्यक्ष भूमिका निभानी होगी। कारगिल संकट व ईराक युद्ध के दौरान वह इस अनुभव से वंचित रहा क्योंकि उस समय वह सुरक्षा परिषद का गैर-स्थाई सदस्य नहीं था। अब वह 2023 तक इस स्थिति में रहेगा। लेकिन हमें विचार करना चाहिए कि दुनिया को चीन की अनुपस्थिति से ज्यादा चिन्ता क्यों है, भले ही वह भारत की अनुपस्थिति में कुछ भी असामान्य न मानती हो।

# नौसेना उच्चीकरण और रूस की चालाकी

रूस चाहता है कि भारत की निर्भरता उस पर बनी रहे ताकि वह भविष्य में भारतीय विदेश व सुरक्षा नीतियों को प्रभावित कर सके।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



खासकर समुद्र से संयुक्त चीन-पाक खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने रणनीतिक दूरदर्शिता का परिचय देते हुए सैनिक क्षमताओं के विस्तार का फैसला किया है। इसमें विविधीकरण के साथ सैनिक हथियारों की घातकता बढ़ाना तथा स्वदेशी आईएसी-1 व आईएनएस वागीर को शामिल करना है। इस नीति का उद्देश्य कुल मिला कर रक्षा सप्लाई में निर्भरता घटाना है। भारतीय पनडुब्बियों के लिए स्वतंत्र प्रोपल्शन तकनीक-एआईपी विकसित करने केलिए परियोजना-75 शुरू की गई है। इस तकनीक से पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के नीचे रह सकती हैं और इससे दुश्मन के सतह पर चलने वाले जहाज उनका आसानी से पता नहीं लगा सकते हैं। डीआरडीओ की नौसेना सामग्री शोध प्रयोगशाला-एनएमआरएल ने परियोजना-75 के अंतर्गत एआईपी व्यवस्था विकसित की है। इसे 2024-25 के बाद 6 स्कार्पीन पनडुब्बियों में लगाया जाएगा। दूसरी ओर नई पनडुब्बी के लिए 2019 में रूस के साथ दस-वर्षीय पट्टे का समझौता हुआ है जो 2025 में मिलेगी। इस प्रकार 2022-2025 का समय नौसैनिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

विरोधियों से मिलने वाली सुरक्षा चुनौतियों के साथ चीन की जिबूती में नौसैनिक तैनाती तथा दक्षिण एशिया के नौसैनिक अड्डे प्राप्त करने को देखते हुए परियोजना 75-1 के अंतर्गत तत्काल भारतीय नौसेना के लिए 6 नई परंपरागत पनडुब्बियां तैयार करने पर ध्यान दिया गया। इसका लक्ष्य नौसैनिक क्षमतायें बढ़ाना है। 45,000 करोड़ रुपये की परियोजना मूलत: उपकरण निर्माताओं के लिए थी जिसमें उम्मीद थी कि फ्रांस, रूस, दक्षिण कोरिया और स्पेन बोली बोलेंगे। पनडुब्बियों में अनिवार्य रूप से एआईपी तकनीक प्रयोग करने से यह परियोजना उच्च टैक्टिकल महत्व की है। जर्मनी और दक्षिण कोरिया के इनकार के बाद रूस ने भी हाल में परियोजना के लिए बोली बोलने से इनकार कर दिया। इसके बजाय मास्को ने पहले खरीदी गई किलो-क्लास पनडुब्बियों के उच्चीकरण का प्रस्ताव रखा। रूस के फैसले ने एक बार फिर 'विशेष एवं विशिष्ट साझेदारी' में बढ़ते विरोधाभासों की ओर संकेत किया है। इसका एक महत्वपूर्ण कारण रूस द्वारा अर्थव्यवस्था के 'रणनीतिक क्षेत्र' के लिए हथियारों के हिस्से सप्लाई करना है। भारत को उच्चीकरण का प्रस्ताव कर वह अपनी पनडुब्बियां बेचना चाहता है। वर्तमान तथा नए हथियार प्लेटफार्मों के लिए हिस्से पुर्जे व सेवायें बेचने के वित्तीय आकर्षण को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रकार रूस सुनिश्चित करना चाहता है कि एक निर्भरता का रास्ता बनाया जाए ताकि इसका प्रयोग भविष्य में भारतीय विदेश व सुरक्षा नीति प्रभावित करने में किया जा सके। यह आयाम इस तथ्य को देखते हुए महत्वपूर्ण है कि 2016-20 में रूसी हथियार आयात में 53 प्रतिशत की गिरावट आई है।

दूसरी ओर मास्को चीन के साथ मिल कर अद्यतन गैर-नाभिकीय पनडुब्बियां तैयार कर रहा है। उसने लगातार खरीद-बिक्री के लेनदेन वाले संबंधों को साझीदारी के संबंधों में विकसित किया है जिनमें महत्वपूर्ण नौसैनिक परिसंपत्तियों का संयुक्त शोध, विकास तथा उत्पादन शामिल है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए सैन्यीकरण का यह विकास भारतीय सुरक्षा के लिए शत्रुतापूर्ण होगा। रूस ने चीन को उच्चीकृत किलो-क्लास डीजल एलेक्ट्रिक आक्रामक पनडुब्बियां सप्लाई की हैं। बीजिंग ने रूस को यह समझाने में सफलता पाई है कि किलो-क्लास पनडुब्बियों के कुछ तत्व उसकी अपनी स्वदेशी युवान क्लास पनडुब्बियों में पाए जाते हैं जो उसकी पहली एआईपी शक्ति संपन्न पनडुब्बी है। इसके साथ ही चीन रिवर्स इंजीनियरिंग में माहिर है और वह स्वदेशीकृत सैनिक तकनीक पाकिस्तान जैसे प्राप्तकर्ता देशों को दे रहा है। इस कारण रूस द्वारा भारत को प्रस्तावित किलो-क्लास उच्चीकृत पनडुब्बियां संभवत: भारत की नौसैनिक आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं होंगी। इसका कारण यह है कि चीन ने इस तकनीक का साझा पाकिस्तान के साथ किया है तथा इसे खरीदार देश के लिए युवान का नाम बदल कर टाइप-039बी 'हंगोर क्लास' कर दिया है। इस समझौते में विनिर्माण चीन शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री कार्पोरेशन-सीएसआईसी तथा कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स-केएसईडब्लू के बीच विभाजित है। इसके साथ ही चीन द्वारा निर्मित पनडुब्बियां पाकिस्तान को 2022-2028 के बीच दी जाएंगी। इन तथ्यों को देखते हुए यदि मास्को के उच्चीकरण प्रस्ताव को भारत सरकार स्वीकार कर लेती है तो इसका रणनीतिक अर्थ यह होगा कि सभी तीन देशों-चीन, पाकिस्तान व भारत के पास रूस निर्मित पनडुब्बियां या उनके उच्चीकृत रूप मौजूद होंगे। इस परिदृश्य के परिणामों की कल्पना केवल रक्षा मंत्रालय व सैनिक विशेषज्ञ ही कर सकते हैं।

भारत केन्द्रित दृष्टिकोण से देखें तो यदि भारत सफलतापूर्वक नई अद्यतन तकनीक वाली पनडुब्बियां पाने में सफल रहता है तो वह अगले चार-पांच साल तक सुरक्षा में आई कमी की भरपाई कर सकता है। इससे उसे समुचित सुरक्षा के लिए तब तक डीआरडीओ की एआईपी लगी पनडुब्बियां मिल जाएंगी। इस कालखंड में विभिन्न तकनीकों के साथ प्रयोग किया जा सकता है और इनसे धुर-विरोधी चीन तथा पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय पनडुब्बियों को ज्यादा घातक बनाया जा सकता है। रूस द्वारा परियोजना 75-1 में बोली न बोलने की आशंका थी अत: इसे 'अचानक परिवर्तन' की तरह नहीं देखना चाहिए। भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से रूस का इनकार चीन-रूस बढ़ती रणनीतिक 'साझेदारी' के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जो अब 'गठबंधन' तथा उभरती रूस-पाक निकटता के रूप में सामने आ रहा है। तीन समानान्तर चल रहे घटनाक्रम दक्षिण एशिया के सुरक्षा ढांचे को नए युग में ले जा रहे हैं। आकुस को चीनी नजरिये से देखने के लिए रूस और चीन साथ आ गए हैं। उनके संयुक्त बयान में मित्रता को 'असीम' बताया गया है तथा सहयोग के क्षेत्र में किसी 'प्रतिबंधित' क्षेत्र की उपस्थिति से इनकार किया गया है। इस बयान में क्वाड का नाम लिए बिना समूह की आलोचना की गई है तथा इसे 'दूसरों की सुरक्षा के लिए हानिकारक' बताया गया है। इसके साथ ही आकुस और नाभिकीय पनडुब्बी सहयोग को 'एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सुरक्षा व टिकाऊ विकास के लक्ष्यों के विपरीत' बताया गया है। वर्तमान समय में यह क्षेत्र धीरे-धीरे 'क्वाड-विरोधी' समूह विकसित होते देख रहा है जिसमें रूस, चीन व पाकिस्तान शामिल हैं और संभवत: इसमें ईरान भी शामिल हो सकता है। यह प्रक्रिया एशिया में अगले दो दशकों तक शक्ति संतुलन में परिवर्तन की शुरुआत का संकेत देती है। चीन-रूस का अमेरिका-विरोधी गठजोड़ पूर्णत: स्पष्ट है। लेकिन उपरोक्त प्लेटफार्मों में रूस और पाकिस्तान की तेजी से बढ़ती निकटता रक्षा विशेषज्ञों की चिन्ता का विषय होनी चाहिए। संभवत: इसकी शुरुआत 2015 व 2017 में रूसी मी-35एम व हाइंड-ई एज़ाल्ट हेलीकाप्टरों की बिक्री से हुई थी। इसके बाद 2018 में एक 'सुरक्षा प्रशिक्षण समझौता' हुआ। चीन की छाया में हाल में रूस की ओर पाकिस्तान की मित्रता आगे बढ़ने से नई दिल्ली और मास्को के बीच 'विशेष' संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

पश्चिम की हिंद-प्रशांत रणनीति के कारण भारत को प्रथम श्रेणी का स्ट्रेटिजिक ट्रेड आथराइजेशन-एसटीए दर्जा मिला है। इससे वह अत्यन्त आवश्यक या संभवत: उससे भी बेहतर तकनीक प्राप्त करने में सक्षम हो गया है। रूस को समझना चाहिए कि चीन और पाकिस्तान के साथ उसके रणनीतिक संबंध जितने गहरे होंगे, उतना ही भारत को खोने की संभावना बनेगी। इस कारण उभरते परिदृश्य में भारत अमेरिकी गठबंधन व्यवस्था में और 'धकेला' जाएगा। इस कारण नई दिल्ली द्वारा अब तक सावधानी से बनाया गया संतुलन खो सकता है। समय की आवश्यकता है कि नौसेना के लिए अद्यतन तकनीक साझा करने की फ्रांस, ब्रिटेन या अमेरिकन इच्छा को रूस सही भावना से देखे। रूस के लिए उभरती मित्रता का एक नकारात्मक तथ्य यह है कि पाकिस्तान रक्षा सप्लाई के लिए नगण्य बाजार है। इसके साथ ही क्षेत्र में आतंकवाद को प्रोत्साहित करने को विदेश नीति का अंग बनाने के कारण वह वित्तीय रूप से अस्थिर है। ऐसी स्थिति में रूस को पाकिस्तान जैसे सक्रिय आतंकी देश का वित्तीय बोझ वहन करने के चीन के जाल में नहीं फंसना चाहिए। इसके बजाय रूस को भारतीय सुरक्षा चिन्ताओं को अच्छी तरह समझना चाहिए। दक्षिण एशिया की भू-राजनीति के प्रति मास्को का दृष्टिकोण केवल अमेरिका-विरोध तक सीमित न होकर इसमें अन्य मुद्दों, जैसे इस्लामी रूढ़िवाद, जनसंख्या संरचना में परिवर्तन, शरणार्थी समस्या, आदि को भी शामिल करना चहिए।

उसे पाकिस्तान की चालबाजी व स्वयं को 'पीड़ित' की तरह पेश करने की रणनीति समझनी चाहिए। यदि मास्को मुद्दा तथा थियेटर-आधारित दृष्टिकोण अपनाए तो वह संभवत: भारत-रूस संबंधों को और बिखरने से बचा सकता है।

# अलग किस्म के बिजनेस हैं बैंकिंग और बीमा

> गारंटी के आह्वान पर या बीमा कंपनी द्वारा राशि का निपटान कैसे किया जाएगा, इस पर आईआरडीए के दिशानिर्देश मौन हैं।

**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)



भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने 3 जनवरी 2022 को आईआरडीए (जमानत बीमा अनुबंध) दिशानिर्देश, 2022 जारी किए हैं। दिशानिर्देश 1 अप्रैल, 2022 से लागू होंगे। ये दिशानिर्देश पंजीकृत बीमा अधिनियम के तहत सभी सामान्य बीमा कंपनियों के लिए लागू हैं। 1938. दिशानिर्देश विभिन्न प्रकार की गारंटियों को परिभाषित करते हैं जैसे अग्रिम भुगतान बांड, बोली बांड, अनुबंध बांड, सीमा शुल्क और अदालती बांड, प्रदर्शन बांड और प्रतिधारण राशि। दिशानिर्देशों में ज़मानत व्यवसाय के लिए पात्र होने के लिए विभिन्न शर्तें शामिल हैं जैसे सॉल्वेंसी मार्जिन का रखरखाव, प्रीमियम चार्ज, बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग दर्शन, जोखिम मूल्यांकन तंत्र और विशिष्ट मानकों का अनुपालन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकारी खरीद में बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में बीमा कंपनियों द्वारा जारी ज़मानत बांड के उपयोग को स्वीकार्य बनाया जाएगा। यह ज्ञात नहीं है कि किस कारण से नीति निर्माताओं ने बीमा कंपनियों द्वारा गारंटी जारी करने की अनुमति दी है। वैसे भी, इस व्यवसाय को संभालने के लिए पर्याप्त संख्या में बैंक और बैंक शाखाएं हैं। ऐसा लगता है कि नीति निर्माताओं ने बैंक गारंटी की बारीकियों की सराहना नहीं की है। बैंक अपने ग्राहकों को कार्यशील पूंजी सुविधा के हिस्से के रूप में गारंटी प्रदान करते हैं। हालांकि गारंटी जारी करते समय, धन का कोई बहिर्वाह नहीं होता है, गारंटी के आह्वान की स्थिति में, बैंक से धन का बहिर्वाह होगा। इसलिए जिसे शुरू में गैर-निधि-आधारित सुविधा के रूप में माना जाता है, वह निधि-आधारित सुविधा बन सकती है। इनवोक्ड गारंटी या डिफॉल्ट गारंटी एक लोन बुक के समान है और अंतत: इसमें है कि ग्राहक से वसूल किया जाना है। बैंक गारंटी जारी करने के लिए मार्जिन राशि, कमीशन और ठोस



सुरक्षा भी जमा करते हैं। आह्वान के मामले में गारंटी की राशि को पूरा करने के लिए वे ग्राहक से काउंटर गारंटी प्राप्त करते हैं। अधिकांश मामलों में, चूंकि ग्राहक विभिन्न अन्य सुविधाओं का आनंद ले रहा है, इसलिए प्रदान की गई संपार्श्विक सुरक्षा को गारंटी के लिए भी बढ़ाया जाएगा। इसलिए गारंटी के आह्वान की स्थिति में, बैंक उनके साथ प्रतिभूतियों पर अपना हाथ रख सकेंगे। यह किसी भी तरह से कोई बीमा कंपनी द्वारा नहीं किया जा सकता है। आईआरडीए द्वारा जारी दिशा-निर्देश गारंटी के आह्वान पर या बीमा कंपनी द्वारा राशि का निपटान कैसे किया जाएगा और वे इस राशि की वसूली कैसे करेंगे, इस पर मौन है। या वे अपने लाभ और हानि खाते से लागू गारंटी के लिए भुगतान करेंगे? सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, गारंटी पोर्टफोलियो को केवल एक वित्तीय मध्यस्थता के रूप में माना जाना चाहिए, क्योंकि कभी भी गारंटी लागू की जा सकती है और यह पूरी तरह से बैंकों के अधिकार क्षेत्र में आती है। यह जोखिम प्रबंधन तंत्र नहीं है और इसलिए बीमा क्षेत्र में नहीं है। बीमा कंपनियों को इस क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए?

बैंक गारंटी सभी द्वारा अच्छी तरह से स्वीकार की जाती है क्योंकि आरबीआई द्वारा इस मुद्दे और स्पष्ट शर्तों में भुगतान के बारे में विभिन्न दिशानिर्देश हैं। आरबीआई स्पष्ट है कि जहां कहीं भी गारंटी लागू की जाती है, लाभार्थियों को भुगतान बिना किसी देरी और विलंब के किया जाना चाहिए।

यह निर्धारित करता है कि गारंटियों के ऐसे तत्काल सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए एक उपयुक्त प्रक्रिया निर्धारित की जानी चाहिए ताकि कानूनी सलाह या उच्च अधिकारियों से अनुमोदन प्राप्त करने के बहाने कोई देरी न हो। वर्षों से बैंकों ने यह समझा है कि बैंकों की ओर से गारंटियों को लागू करने में देरी से बैंक गारंटी के मूल्य, गारंटी की योजना की पवित्रता और बैंकों की छवि खराब होती है। यह पार्टियों को अदालतों का सहारा लेने और निषेधाज्ञा आदेश प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करता है। केवल जहां गारंटी जारी करने या लागू करने में धोखाधड़ी का तत्व होता है, गारंटी पर भुगतान रोक दिया जाता है। ऐसे मौके बहुत कम मिलते हैं। बार-बार अदालतों ने यह स्पष्ट किया है कि बैंकों द्वारा गारंटी पर भुगतान को रोका नहीं जा सकता है। कई बार ग्राहकों द्वारा फर्जी बैंक गारंटी का इस्तेमाल किया जाता है। चूंकि गारंटी जारी करते समय कोई भुगतान शामिल नहीं होता है, यह संभव है कि बैंकों से कथित तौर पर कुछ गारंटियां तैयार की जा सकती हैं और लाभार्थी कंपनी को धोखा दिया जा सकता है। ऐसे मामलों में, केवल गारंटी लागू होने पर ही धोखाधड़ी सामने आएगी। ऐसी स्थिति से बचने के लिए, बैंक बैंक के उच्च अधिकारियों से जारी गारंटियों के सत्यापन और पुष्टि प्राप्त करने के लिए एक प्रणाली प्रदान करते हैं। इरडा ने अपने दिशानिर्देशों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया है।

अंत में जब बैंकों को बीमा के व्यवसाय में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है (वे केवल बीमा कंपनियों के लिए वितरक के रूप में कार्य करते हैं), तो बीमा कंपनियों को बैंकों के क्षेत्र में क्यों प्रवेश करना चाहिए? वो भी जहां जबरदस्त रिस्क है।

## आप की बात

### यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र

**यूक्रेन** मैं फंसे छात्रों को वापस देश लान के प्रयासों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी की चिंता जायज है कि यूक्रेन जैसे छोटे देशों में मेडिकल की पढ़ाई करने छात्र क्यों जाते हैं? वाकई में शिक्षा के जगत गुरु भारत के लिए यह शर्मसार करने वाली स्थिति है। आजादी के बाद से ही इस ओर ध्यान नहीं देना ही, यह कमजोरी का सबक है। पूज्य महात्मा गांधी बाबा तो चाहते थे की चाहे आम शिक्षा हो या इंजीनियरिंग, डॉक्टरी या अन्य जो भी पढ़ाई हो देशवासियों को निशुल्क प्राप्त होना चाहिए या नाम मात्र के शुल्क पर। लेकिन विडंबना की बात है कि उनके अनुयायियों ने ही इस और ध्यान नहीं दिया व शिक्षा आज व्यापार ही नहीं एक अच्छे खासे उद्योग के रूप में परिवर्तन हो चुकी हैं। भारी भरकम शुल्क देना पालकों की मजबूरी हो गई है। इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के नाम पर देश में लाखों रुपए वसूले जाते हैं, जबकि यूक्रेन जैसे एक छोटे से देश में नाम मात्र के शुल्क में प्रवेश मिलता है। ये देश भारतीय प्रतिभाओं को अपने यहां पढ़ा लिखा कर इनका लाभ भी लेते हैं, जिससे भारत जैसा देश वंचित हो जाता है। अब चिंता नहीं उक्त समस्या का मूल जड़ से समाधान करना ही ठोस उपाय होगा।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### खतरनाक संकेत

**क्या** हिरोशिमा एवं नागासाकी को 2022 में दोहराया जाने वाला है ? क्योंकि रुसी राष्ट्रपति पुतिन का अपने परमाणु हथियारों को चलाने वालों को तैयार रहने को कहा है। पुतिन का सनक के कारण से विश्व तीसरे विश्व युद्ध के ओर बढ़ना शुरू कर चूका है। साथ में परमाणु युद्ध का भी खतरा मंडराने लगा है। दुनिया अभी अभी कोरोना महामारी से उबर ही रहा था, की अब, उसे बमबारी का सामना करना पड़ेगा। उक्रैन के लाखों लोग घर बार छोड़कर, बदहवास हंगरी, पोलैंड, रोमानिया एवं माल्डोवा के सीमा पार पलायन कर रहे हैं। यूक्रेन की सरकार की किस गलती की सजा उसे दी जा रही है? क्या उसने रक्षात्मक संगठन नाटो में जाने का मन बनाया यही उसकी गलती है? या उसने अपना क्रीमिया प्रायद्वीप को खोया यही यही उसकी कमजोरी का कारण आज क्रेमलिन उसके शेष भूभाग पर कब्जा ज़माने के लिए आक्रमणकारी का भूमिका में दिखाई दे रहा है ? अगर यूक्रेन रूस का हिस्सा बना दिया जाता है तो क्षेत्र के तमाम छोटे मुल्कों जैसे माल्डोवा,लिथुआनिया, लातविया एवं एस्टोनिया के आज़ादी के दिन भी गिनती के रह जायेंगे।

– **जंगबहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### चुनावों में धनबल

**राज्यों** में चल रहे चुनावों में निर्वाचन आयोग ने एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की नकदी, शराब, मूल्यवान वस्तुएं आदि जब्त की हैं। बताया जा रहा है कि यह जब्ती पिछले विधानसभा चुनावों से चार गुना अधिक है। 2014 में करीब तीन सौ करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुएं और नकदी जब्ती की गई थी। इस बार अभी तक एक हजार अठारह करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा चुकी है। चुनाव आयोग आचार संहिता लगा सकता है करोड़ों रुपए के नोट शराब जब्त कर सकता है! मगर इनके पीछे छुपे हो हाथों तक नहीं पहुंच सकता और ना ही किसी उम्मीदवार को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा कर बाहर कर सकता है! इससे बचने के लिए मतदाताओं को ही सजग रहकर गरीब वोटरों पर निगाह रखनी होगी विशेष तौर से शराब पीने वाले मतदाता एक बोतल में वोट बेच देते हैं! इसे रोका जाना चाहिए तभी हम निष्पक्ष चुनावों के आशा कर सकते हैं! क्यों कि 100 वोटर जब रिश्वत लेते हैं तो वहां 100 ईमानदार वोटरों का वोटिंग पावर खत्म कर देते हैं! जो कि बहुत ही विचार जनक बात है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**तत्काल** आधार पर अधिक न्यायाधीशों की नियुक्तियां किए जाने की आवश्यकता है।

– **एनवी रमण**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**मैं** रूस के राष्ट्रपति को संबोधित करना चाहूंगा... लोगों की मौतों को रोकने के लिए आइए बातचीत से मामले का समाधान करें।

– **व्लादोमायर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**ऐसा** लगता है कि नव-नाज़ियों के इस गिरोह की तुलना में यूक्रेन की सेना से सहमत होना आसान होगा।

– **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति




# पश्चिम की कमी क्या पूर्वांचल से हो पाएगी पूरी?

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

**यूपी विधान** सभा चुनाव के अंतिम दो चरणों की लड़ाई अब पूर्वांचल में होगी। यहां पर बीजेपी और सपा में मजबूत टक्कर हो रही है। कई जिले ऐसे हैं जहां पर मुस्लिम और यादव ही निर्णायक भूमिका अदा करते हैं तो कई ऐसे भी जिले हैं जहां हिन्दुत्व का परचम लहरा रहा है। गोरखपुर और वाराणसी जिले अब राष्ट्रवाद की धुरी के रूप में देखे जाने लगे हैं। वाराणसी में भव्य काशी विश्वनाथ कारीडोर की सुंदरता पूरे विश्व में चर्चित होने लगी है तो हिन्दुत्व के ब्रांड कहे जाने वाले भगवाधारी सीएम योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम में जिस प्रकार से जाट वोटों का रुखापन और किसान आंदोलन का असर दिखा है उससे बीजेपी को चुनाव के शुरुआती दो चरणों में डेंट लगता दिख रहा है। अब बीजेपी का पूरा फोकस पश्चिम की कमी को पूर्वांचल से पूरा करने की है। इस रणनीति पर बीजेपी एक साल से काम कर रही है। चुनाव की अधिसूचना लागू होने से पहले बीजेपी ने जनविश्वास यात्रा के जरिए पूर्वाचल को मथ दिया था।

इन यात्राओं के जरिए मोदी ने पूर्वाचल में विकास योजनाओं की झड़ी लगा दी थी। पिछले साल सितंबर से लेकर दिसंबर तक अगर मोदी के यूपी कार्यक्रमों पर गौर करें तो सबसे अधिक पीएम का दौरा पूर्वाचल में हुआ है। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 270 करोड़ रुपये से तैयार कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट और पूर्वांचल व अवध के नौ जिलों में तैयार हुए मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ किया था। इसके अलावा 180 करोड़ से ज्यादा की अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास किया था। इस दौरान 32 हजार करोड़ से भी ज्यादा की सौगात पूर्वांचल के लिए दी गई थी। मोदी ने 20 अक्टूबर 2021 को कुशीनगर में 460 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। 270 करोड़ में तैयार कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट और 2329 करोड़ की लागत से प्रदेश की नौ मेडिकल कॉलेजों का शुभारंभ भी किया। यह मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थ नगर, प्रतापगढ़, देवरिया, गाजीपुर, फतेहपुर, मिर्जापुर, जौनपुर, एटा और हरदोई में तैयार हुए हैं। 25 अक्टूबर 2021 को वाराणसी में पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारंभ पीएम ने किया। 16 नवंबर 2021 को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। सुल्तानपुर में आयोजित कार्यक्रम में



नरेन्द्र मोदी



योगी आदित्यनाथ



अखिलेश यादव

## सत्ता में दोबारा वापसी के लिए अंतिम दो चरणों में बीजेपी के लिए कड़ी चुनौती

शामिल हुए। 22500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे ने लखनऊ को गाजीपुर से जोड़ दिया है। सात दिसंबर 2021 गोरखपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने 9600 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने खाद कारखाने और गोरखपुर एम्स का शुभारंभ किया। 13 और 14 दिसंबर 2021 को पीएम ने वाराणसी पहुंचकर नौ सौ करोड़ रुपये की लागत से तैयार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का शुभारंभ किया। 14 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। 17 दिसंबर 2021 में काशी में आयोजित महापौर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली जुड़े। 21 दिसंबर 2021 को प्रयागराज में आयोजित मातृशक्ति महाकुंभ में शिरकत की। पीएम मोदी ने लाखों महिलाओं को पुष्टाहार प्लांट, सुमंगला योजना के तहत डीबीटी लाभ और कई अन्य सौगातें दीं। 23 दिसंबर 2021 मोदी ने वाराणसी पहुंचकर दूध प्लांट समेत 2100 करोड़ की सौगात दी। यह कुछ प्रमुख कार्यक्रम हैं जिनकी रूप रेखा सरकार और संगठन ने एक साल पहले ही तैयार कर ली थी। जिस प्रकार से पश्चिम में किसान आंदोलन के जरिए विपक्ष ने सत्तापक्ष की धार कुंद करने की रणनीति बनाई थी उसी प्रकार बीजेपी ने भी विकास के जरिए पूर्वाचल में अपनी जड़ों को मजबूत करने का काम तेज कर दिया था। दरअसल पूर्वांचल कई मायनों में बीजेपी के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में 156 पूर्वांचल में पड़ती हैं। 2017 विधानसभा चुनाव में इन 156 में 106 सीटों पर बीजपी ने भगवा फहराया था जबकि सपा को 18, बसपा को 12, अपना दल को 8, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को 4, कांग्रेस को 4 और निषाद पार्टी को एक सीट पर जीत मिली थी जबकि तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। मौजूदा विधान सभा चुनाव के पांच चरण निकल चुके हैं जिसमें से पूर्वाचल की भी कई सीटों पर मतदान हो चुका है। बीजेपी ने पिछली बार ही सिर्फ पश्चिम और पूर्वी यूपी से ही मिलकर यूपी में सरकार बना ली थी। यानी उसे बहुमत से ज्यादा सीटें मिल गई थीं। बीजेपी को बहुत पहले से ये अंदाजा था कि पश्चिम में उसे भारी भरकम नुकसान होगा। इसीलिए पूर्वांचल पर पार्टी का खासा फोकस था। यही वजह है कि तमाम कयासों के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से ही चुनाव लड़ा जबकि उनके मथुरा और अयोध्या से भी चुनाव लड़ने की भी चर्चा थी लेकिन पूर्वांचल पर फोकस करने के लिए ही उन्हें गोरखपुर से चुनाव लड़वाया गया। इसके अलावा पूर्वांचल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकसभा क्षेत्र वाराणसी भी पूर्वांचल का हिस्सा है। पूर्वांचल यूपी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां से देश के प्रधानमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री दोनों आते हैं। देश को पांच-पांच प्रधानमंत्री पूर्वांचल ने ही दिए हैं। इस बार पूर्वांचल में करीब डेढ दर्जन से ज्यादा सीटें ऐसी हैं जिन पर इस बार कहीं ज्यादा जोर आजमाइश की जा रही है। दरअसल यह वह सीटें हैं जहां बीजेपी का अभी तक किसी विधानसभा चुनाव में खाता ही नहीं खुल सका है। ऐसे में पार्टी के धुरंधर इस बार इस कोशिश में हैं कि इन सीटों पर परचम लहरा कर विपक्ष को झटका दिया जाए। पूर्वांचल जिसके एक बड़े हिस्से पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्चस्व है वह भी 1990 के दशक से लेकिन इसी पूर्वांचल में करीब डेढ़ दर्जन ऐसी सीटें हैं जहां से अब तक जनसंघ या बीजेपी का खाता नहीं खुला है। यहां तक कि मोदी लहर में भी बीजेपी प्रत्याशी के सिर पर जीत का ताज नहीं सजा है।

## इन सीटों पर कभी नहीं खिला कमल

**चिल्लूपार**-योगी गोरखपुर से लगातार पांच बार सांसद रहे। अबकी गोरखपुर शहर से विधानसभा प्रत्याशी हैं। यह पहला मौका है जब योगी आदित्यनाथ विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन इसी गोरखपुर की चिल्लूपार विधानसभा सीट पर अब तक बीजेपी को जीत नसीब नहीं हुई। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के चुनाव इतिहास में बाहुबली हरिशंकर तिवारी का ही सिक्का चला है। हरिशंकर तिवारी इस सीट से लगातार 22 वर्षों 1985 से 2007 तक विधायक रहे हैं। पहला चुनाव 1985 में निर्दलीय लड़ा था, फिर अलग-अलग राजनीतिक दल के टिकट पर चुनाव लड़कर जीतते रहे हैं। तीन बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर जीते व यूपी सरकार में मंत्री भी बने थे। चिल्लूपार विधानसभा में 4.31 लाख वोटर हैं जिनमें ब्राह्मण वोटरों का वर्चस्व है। ब्राह्मण वोटरों की संख्या लगभग 1.05 लाख है। दलित और निषाद वोटर भी निर्णायक स्थिति में हैं। ब्राह्मणों के समीकरण को देखते हुए बसपा मुखिया ने चिल्लूपार से डॉ. विजयानंद तिवारी को प्रभारी प्रत्याशी बनाया है। वहीं सपा ने बाहुबली पं. हरिशंकर तिवारी के बेटे विधायक विनय शंकर तिवारी को टिकट देकर पूर्वांचल में ब्राह्मण समीकरण सेट किया है जबकि साल 2017 में भाजपा से लड़ते हुए हार का सामना करने वाले राजेश त्रिपाठी पर पार्टी ने एक बार फिर दांव लगाया है। तीनों ही पार्टियों ने ब्राह्मण प्रत्याशियों को टिकट दिया है। इस सीट से अब तक कांग्रेस, बीएसपी, अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस यहां तक कि निर्दलीय भी जीते पर बीजेपी को जीत नसीब नहीं हो सकी।

**भाटपार रानी**- गोरखपुर से सटे देवरिया जिला और यहां की भाटपार रानी विधानसभा में भी बीजेपी का हाथ अब तक खाली ही रहा है। यहां जनता पार्टी, जनता दल, निर्दल, कांग्रेस और सपा के प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। भाजपा ने 7 बार चुनाव हार चुके नेता को यहां कमल खिलाने की जिम्मेदारी सौंपी है। सपा ने अपने सिटिंग विधायक पर ही भरोसा किया है। कभी कांग्रेसियों और सोशलिस्ट का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर पिछले दो दशक से लगातार समाजवादी पार्टी का ही कब्जा है। साल 1952 से अब तक हुए चुनावों में यहां कमल हमेशा मुरझाया ही रहा जबकि रामलहर और मोदी लहर में भी साइकिल पूरी रफ्तार से दौड़ी थी। देवरिया जिले में 7 विधानसभा सीटें हैं। साल 2017 की मोदी लहर में जिले की 6 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की थी। मगर भाटपाररानी में भाजपा का विजय रथ रुक गया और यहां से सपा के आशुतोष उपाध्याय चुनाव जीते। गोरखपुर मंडल की शायद यह ऐसी एकमात्र सीट है जहां से भाजपा अब तक खाता नहीं खोल पाई है। साल 2017 के चुनाव में भाजपा ने सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा के भाई जयनाथ कुशवाहा को यहां से टिकट दिया था। जयनाथ सपा के आशुतोष उपाध्याय से हार गए थे। भाजपा ने इस बार कमल खिलाने की जिम्मेदारी सभा कुंवर कुशवाहा को सौंपी है। सभा कुंवर अब तक एक बार लोकसभा और 6 बार विधानसभा का चुनाव लड़कर हार चुके हैं। सभाकुंवर साल 1996 में भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र से पहला चुनाव निर्दल लड़े थे। इसके बाद 2002 में समता पार्टी से 2007 और 2012 में बसपा से और 2013 में निर्दल विधानसभा का चुनाव लड़े। साल 2014 कांग्रेस के टिकट पर देवरिया लोकसभा का चुनाव भी लड़े। साल 2017 में बसपा से फिर विधानसभा का चुनाव लड़े लेकिन मेहनत करने के बाद भी सभाकुंवर हार गए। इसके बाद उन्होंने भाजपा जॉइन कर ली। इस बार के चुनाव में भाजपा ने सभा कुंवर को भाटपार रानी क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है।

**आजमगढ़**- मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव का गढ़ माने जाने वाले आजमगढ़ जिले की बात करें तो आजमगढ़ विधानसभा से दुर्गा प्रसाद यादव आठ बार से विधायक हैं। इस बार भी वह समाजवादी पार्टी से मैदान में हैं। ऐसे ही जिले की निजामाबाद, सगड़ी, अतरौलिया, मुबारकपुर, लालगंज और दीदारगंज विधानसभा सीट से भी कभी कमल नहीं खिला। आजमगढ़ विधानसभा सीट पर लंबे अर्से से सपा का कब्जा है। दुर्गा प्रसाद यादव आज़मगढ़



विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 1996 से 2017 तक पांच बार से यह सीट सपा के दुर्गा प्रसाद यादव के पास है। बीते मोदी लहर में भी दुर्गा यादव ने भाजपा प्रत्याशी अखिलेश मिश्रा को 26 हजार मतों से हराया था। दुर्गा प्रसाद पार्टी में भी बड़ा कद रखते हैं। 2012 में सपा के दुर्गा प्रसाद यादव ने 93629 मत के साथ बसपा के सर्वेश सिंह सिप्पू को हराया था। 2007 में दुर्गा प्रसाद यादव ने 52604 मत के साथ बसपा प्रत्याशी रहे रमाकांत को हरा कर जीत हासिल की, दुर्गा प्रसाद यादव ने सबसे पहले इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1985 में सहानुभूति की लहर में हुए चुनाव में इस सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में परचम फहराया था। पिछले 2017 के चुनाव में सपा उम्मीदवार दुर्गा प्रसाद यादव को 88087 वोट मिले थे। 61825 वोट लेकर भाजपा के अखिलेश दूसरे नंबर पर रहे थे। जीत-हार का अंतर 26 हजार से अधिक का था। 3.75 लाख मतदाताओं वाली आजमगढ़ विधानसभा सीट पर यादव वोटर करीब 75 हजार हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 62 हजार, मुस्लिम 58 हजार, क्षत्रिय करीब 45 हजार और ब्राह्मण वोटर करीब 21 हजार हैं। बलिया की बांसडीह विधानसभा सीट पर भी तमाम कोशिश के बाद भी यहां पर भगवा नहीं फहराया जा सका है। यहां से कांग्रेस, जनता पार्टी, जनता दल, सपा और बसपा ही चुनाव जीतते रहे हैं।

**मऊ सदर**-मऊ सदर विधानसभा सीट पर 26 साल से बाहुबली मुख्तार का वर्चस्व है। वो यहां 1996 से 2017 तक लगातार 5 बार विधायक चुने गए। उसके पहले यहां से बहुजन समाज पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी विधायक चुने जाते रहे। इस बार मुख्तार ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटे अब्बास अंसारी को सौंप दी है। अब्बास अंसारी मऊ के घोसी सीट के बाद सियासत की दूसरी पारी का आगाज मऊ सदर सीट से करने जा रहे हैं। मऊ की सदर विधानसभा सीट भाजपा के लिए अजेय बनी हुई है। कई प्रयोगों के बावजूद अब तक यहां एक बार भी कमल नहीं खिल सका। 1967 में जनसंघ से दीया बाती चुनाव चिह्न पर लल्लू बाबू विधायक निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गठबंधन कर यह सीट सुभासपा को दी थी। गठबंधन प्रत्याशी ने भाजपा लहर में मुख्तार अंसारी को कड़ी टक्कर तो दी लेकिन जीत नहीं सके। सदर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने कम्युनिस्ट पार्टी, कांग्रेस, जनता पार्टी, बसपा और निर्दल को भी मौका दिया है लेकिन भाजपा को हमेशा ही निराशा हाथ लगी है। मऊ सदर विधानसभा पहले कम्युनिस्ट का गढ़ माना जाता रहा है। 2002 से लगातार सदर सीट पर मुख्तार अंसारी का कब्जा है। वर्ष 2017 में भाजपा लहर में जिले की चार विधानसभा सीट में तीन पर कमल खिला था तब भी यहां सदर सीट पर बसपा उम्मीदवार मुख्तार अंसारी जीत दर्ज कर चौथी बार विधायक निर्वाचित हुए। मऊ जिले के सदर विधानसभा सीट पर 1952 के पहले चुनाव में यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी पद्मनाथ सिंह ने जीत हासिल की थी इसके बाद इस सीट पर कम्युनिस्ट पार्टी से चार बार अलग-अलग लोग विधायक निर्वाचित हुए जबकि कांग्रेस ने भी चार बार अपना परचम लहराया। 1977 में जनता पार्टी से प्रोफेसर रामजी सिंह चुने गए। 1980 में भाजपा के अस्तित्व में आने के बाद आज तक सदर विधानसभा सीट पर एक बार भी कमल नहीं खिला है। हालांकि भाजपा कई चुनाव में दूसरे नंबर की पार्टी रही है। पूर्वांचल में मऊ सदर के अलावा भदोही जिले की ज्ञानपुर विधानसभा सीट भी ऐसी है जहां दो दशक से बीजेपी के हाथ खाली हैं। इस सीट से अंतिम बार 1996 में बीजेपी के गोरखनाथ पांडेय विजयी हुए थे। इसके बाद 2002 से लेकर 2017 तक हुए चार विधानसभा चुनाव में बाहुबली विजय मिश्र के तिलस्म को कोई तोड़ नहीं पाया। 2012 में हुए परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई गाजीपुर जिले की जंगीपुर विधानसभा सीट से अब तक हुए दो चुनाव 2012 और 2017 में साइकिल ही दौड़ी। मोदी लहर के बाद भी बीजेपी का कमल नहीं खिल सका। उधर जिले की जखनिया विधानसभा सीट का भी है। जौनपुर की शाहगंज, मल्हनी और मछलीशहर विधानसभा सीट पर भी बीजेपी को लगातार हार का ही सामना करना पड़ा है। यहां तक कि 2017 की मोदी लहर में भी सपा का ही परचम लहराया। सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट से भी बीजेपी का खाता नहीं खुल सका है। अब तक पांच चरणों में 292 सीटों पर वोटिंग समाप्त हो चुकी है। बचे दो चरणों में 111 सीटों पर वोटिंग होनी है और इन सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर योगी आदित्यनाथ के कंधों पर ही भाजपा की उम्मीदों का भार टिका हुआ है।

# आजमगढ़ के मुबारकपुर में कांटे की टक्कर

## एआईएमआईएम ने चतुष्कोणीय मुकाबला बनाया

**भाषा।** मुबारकपुर

**उत्तर प्रदेश** के विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को कमजोर या नुकसान पहुंचाने वाला माना जाता है लेकिन आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट पर स्थिति अलग है और यहां उसे गंभीर प्रतिद्वंद्वी माना जा रहा है जो सालों से यहां पर मजबूत पैठ रखने वाली बसपा और सपा के लिए चुनौती पेश कर रही है। इस सीट को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का गढ़ माना जाता है जिसे वर्ष 1996 से यहां पर हराया नहीं जा सका है जबकि 2002 के चुनाव को छोड़कर समाजवादी पार्टी (सपा) यहां दूसरे स्थान पर रहती आई है। 2002 के चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी यहां दूसरे स्थान पर थी। एआईएमआईएम ने इस सीट से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को अपना प्रत्याशी बनाया है जो लगातार दो बार बसपा के टिकट पर यहां से चुनाव जीतते रहे हैं। वहीं सपा ने अखिलेश यादव को प्रत्याशी बनाया है जो पिछले दो चुनावों में दूसरे स्थान पर रहे थे। इस निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एआईएमआईएम नहीं बल्कि आलम मजबूत उम्मीदवार हैं जिनकी वजह से सपा के यादव और बसपा के अब्दुस सलाम के मुकाबले में एआईएमआईएम गंभीर दावेदार के तौर पर उभरी है। भाजपा ने इस मुस्लिम बहुल सीट से अरविंद जायसवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है जिन्हें उम्मीद है कि मुस्लिम मतों के तीन प्रत्याशियों में बंटने की वजह से उनकी जीत संभव है। सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव लोगों को बिहार और पश्चिम बंगाल चुनाव की याद दिलाते हुए कहते हैं कि बिहार में



एआईएमआईएम के पक्ष में मतों का विभाजन होने का नतीजा रहा कि भाजपा की जीत हुई जबकि पश्चिम बंगाल जहां पर ओवैसी की पार्टी को अधिक समर्थन नहीं मिला, वहां भाजपा की हार हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश में जनता अखिलेश यादव की सरकार चाहती है और इसलिए राज्य और मुबारकपुर में एआईएमआईएम का कोई स्थान नहीं है। यादव ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह चुनाव विचारधारा और विकास का है। मैं धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों में विश्वास करता हूं, मैं समाजवादी हूं, अखिलेश यादव की सरकार में चारों तरफ विकास हुआ था जबकि भाजपा के शासन में वित्तीय, सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं में वृद्धि हुई है। उनका और सपा अध्यक्ष का नाम एक (अखिलेश यादव) ही होने के सवाल पर यादव ने कहा कि सपा प्रत्याशियों को अखिलेश यादव के नाम का लाभ मिलेगा और उन्हें समान नाम होने और लंबे समय से राजनीति में होने का अधिक लाभ होगा। आलम ने उत्तर प्रदेश में नई पार्टी से चुनाव लड़ने की वजह से जीत की संभावना क्षीण होने की धारणा को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने दो बार जीत दर्ज की है और उनका चुनाव चिह्न अलग हो सकता है लेकिन वह जीत रहे हैं और लोग भी उन्हें जानते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, मेरी राजनीति का आधार विकास है और मैं धर्म और जाति की राजनीति से अलग रहता हूं। आलम ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, इससे फर्क नहीं पड़ता कि एआईएमआईएम जीत रही है या नहीं लेकिन मैं खुद को जीतने के लिए सक्षम मानता हूं। मैंने पूरी ईमानदारी से काम किया है और लोगों की सेवा की है जो मेरा और एआईएमआईएम का समर्थन कर रहे हैं। जब पूछा गया कि क्या ऐसी कोई आशंका है कि मुस्लिमों के अलावा अन्य समुदाय एआईएमआईएम को मतदान करने के प्रति अनिच्छुक हो सकते हैं, इसपर आलम ने कहा, मुस्लिमों से अधिक हिंदू भाई मेरे पक्ष में मतदान करेंगे। शत प्रतिशत में यह चुनाव जीत रहा हूं।

बसपा के सलाम ने जीत का दावा करते हुए कहा कि ओवैसी की पार्टी को पांच हजार से अधिक मत नहीं मिलेंगे और वह सपा प्रत्याशी को करीब 25 हजार के अंतर से हरा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मुबारकपुर निर्वाचन क्षेत्र में कुल करीब 3,17,000 मतदाता है जिनमें से करीब ।,10,000 मुस्लिम, 78 हजार दलित, 65 हजार यादव मतदाता हैं। इस सीट पर मुस्लिम विभाजित प्रतीत हो रहे हैं क्योंकि कई मुस्लिम आलम का उनके संसाधन युक्त होने और कोविड-19 महामारी की दौरान मदद के लिए समर्थन करते दिख रहे हैं जबकि अन्य सपा प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि सपा ही भाजपा को सत्ता में दोबारा आने से रोक सकती है। मुस्लिमों में एक धड़ा ऐसा भी है जिसकी निष्ठा बसपा के प्रति बनी हुई है लेकिन ऐसे लोगों की संख्या में कमी आई है। वहीं, दलित समुदाय मजबूती से बसपा के समर्थन में खड़ा दिखाई देता है। बसपा समर्थक अमीरचंद कहते हैं, इस निर्वाचन क्षेत्र के दलित किसी और ओर नहीं देखते और इस बार भी वही स्थिति है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे केवल ईवीएम मशीन में एक ही चुनाव चिह्न देखते हैं और वह है हाथी (बसपा का चुनाव चिह्न) है। कई मुस्लिमों का भी मानना है कि आलम का समर्थन हर बीतते दिन के साथ बढ़ रहा है और वह हिंदू मतों को भी अपने पक्ष में कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने महामारी के दौरान लोगों की मदद की थी जिससे वे उनके आभारी हैं। आलम को उम्मीद है कि वह मुस्लिम मतों के बड़े हिस्से को अपने पक्ष में कर लेंगे और इसके अलावा कुछ हिंदू मत भी उनके पक्ष में आएंगे लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि यादव सपा का समर्थन कर रहे हैं और अगर मुस्लिम मतदाताओं का उल्लेखनीय हिस्सा भाजपा का राज्य स्तर पर मुकाबला करने के लिए साइकिल चुनाव चिह्न के साथ जाता है तो एआईएमआईएम को मात मिल सकती है। हालांकि, यहां की राजनीति पर नजर रखने वाले कई का मानना है कि इस सीट पर करीबी मुकाबला है। चिकन विक्रेता मोहम्मद सलेम कहते हैं कि अधिकतर मुस्लिम मतदाता आलम का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपने खर्चे पर कोविड-19 के दौरान लोगों की बहुत मदद की। उन्होंने कहा, यह एआईएमआईएम का सवाल नहीं है बल्कि यहां के प्रत्याशी का समर्थन है। आलम को समुदायों और जातियों से परे समर्थन प्राप्त है। गौरतलब है कि इस सीट पर सातवें व अंतिम चरण में सात मार्च को मतदान होगा और नतीजे 10 मार्च को आएंगे।

# सपा के दो सिपहसालार फंसे भाजपा, बसपा के चक्रव्यूह में

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ

**छठवें** एवं सातवें चरण में समाजवादी पार्टी के तारणहार बनने वाले ओमप्रकाश राजभर व स्वामी प्रसाद मौर्य खुद ही भाजपा व बसपा के चक्रव्यूह में फंस गए हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य फाजिलनगर विधानसभा सीट से सपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं जबकि ओमप्रकाश राजभर सपा गठबंधन के साथ जहुराबाद विधानसभा सीट से चुनावी संग्राम में है। ये दोनों ही नेता सपा की तरफसे बयान बहादुर बने भाजपा पर हमलावर है जिसका भरपूर फायदा सपा पूर्वांचल के चुनाव में लेना चाह रही थी लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा ने भीतर खाने बसपा से साठगांठ करके इन दोनों नेताओं की ऐसी घेराबंदी की है कि इन्हें खुद की सीट जीतने के लिए लाले पड़ गए हैं। यदि हम पूर्वांचल में दो अंतिम चरणों में होने वाले चुनाव पर नजर डाले तो देखने को मिलेगा कि सपा ने भाजपा से आयातित दो सिपहसलारों क्रमश: ओम प्रकाश राजभर व स्वामी प्रसाद मौर्य को तैनात किया था। इन दो सिपहसालारों पर सपा मुखिया को काफी विश्वास था कि ये दोनों पूर्वांचल में कुछ कर गुजरेंगे। पूर्वांचल के चुनाव आते आते हालात कुछ उल्टे पड़ गये। सपा के ये दोनों नेता खुद की जाल में फंसते नजर आ रहे है। जहूराबाद सीट पर सपा के साथ गठबंधन करके सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर चुनाव लड़ रहे



ओम प्रकाश राजभर



स्वामी प्रसाद मौर्य

## पूर्वांचल में सपा की सीटें बढ़ाने का लिया था जिम्मा

हैं। ओमप्रकाश राजभर को समाजवादी पार्टी पूर्वांचल में अपना संकटमोचन मानकर चुनाव प्रचार के लिए सुरक्षित रखे हुए थी। सपा की योजना के तहत पूर्वांचल में सपा ओमप्रकाश राजभर को प्रचार प्रसार में मजबूती से प्रयोग करती, लेकिन जहुराबाद विधानसभा सीट से सपा गठबंधन के प्रत्याशी ओमप्रकाश मौजूदा समय में भाजपा एवं बसपा के चक्रव्यूह में ही फंस गए हैं। जहुराबाद सीट पर शिकस्त देने के लिए भाजपा एवं बसपा ने अलग-अलग तरीके से मोर्चा खोल रखा है। भाजपा ने इस सीट पर जहां कालीचरण को प्रत्याशी बनाया है ये वही काली चरण हैं जिन्होंने वर्ष 2002 व 2007 में बसपा उम्मीदवार के रूप में इस सीट पर अपना परचम लहराया था। वहीं दूसरी ओर बसपा ने सैयद शादाब फातिमा को जहुराबाद सीट से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। शादाब फातिमा 2012 में इसी सीट से विधायक रह चुकी हैं और 2012 में शादाब फातिमा ने इस सीट पर ओमप्रकाश राजभर को चुनाव हराया था। ऐसी स्थिति में जहूराबाद विधानसभा सीट पर ओम प्रकाश राजभर की जीत काफी कठिन नजर आ रही है। सपा के दूसरे सिपहसालार हैं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य। सपा ने मौर्य को कुशीनगर फाजिलनगर विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा ने सोचा था कि मौर्य को यहां से प्रत्याशी बनाकर पूर्वांचल में वोट बटोरे जा सकते हैं लेकिन भाजपा व बसपा ने सपा की इस योजना पर पानी फेर दिया। भाजपा से इस सीट पर फाजिलनगर से मौजूदा विधायक गंगा सिंह कुशवाहा के बेटे सुरेंद्र कुशवाहा को मौर्य के खिलाफ मैदान में उतारा है। सुरेंद्र पेशे से शिक्षक हैं, युवाओं के बीच भी काफी पसंद किए जाते हैं और उनकी साफ सुथरी छवि रखते हैं। वहीं कांग्रेस ने यहां से मनोज कुमार सिंह और बीएसपी ने सपा के बागी नेता इलियास अंसारी को फाजिलनगर से उम्मीदवार बना दिया है। भाजपा व बसपा के चक्रव्यूह से स्वामी प्रसाद मौर्य के होश फाख्ता हो गए हैं। अब स्वामी प्रसाद मौर्य के सामने बड़ी समस्या आ गई कि वे अपनी सीट बचाएं या फिर पूर्वांचल में सपा की सीटें बढ़ाएं।

# चुनाव के चक्रव्यूह में चार अखिलेश यादव

## इनमें सपा से दो, कांग्रेस से एक और एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ठोक रहे ताल

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा की चुनावी जंग में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव समेत इस नाम के चार योद्धा (उम्मीदवार) मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव नाम के चार उम्मीदवारों में सपा प्रमुख समेत दो उम्मीदवार सपा के हैं जबकि एक कांग्रेस और एक निर्दलीय के तौर पर अपनी तकदीर आजमा रहे हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव क्षेत्र मैनपुरी जिले के करहल में मतदान हो चुका है और मतदाताओं ने उनकी किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद कर दी है। अखिलेश यादव नाम के दूसरे उम्मीदवार आजमगढ़ जिले की मुबारकपुर विधानसभा सीट से हैं। इसके अलावा अयोध्या जिले की बीकापुर विधानसभा सीट के कांग्रेस उम्मीदवार का भी नाम अखिलेश यादव है। संभल के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी अखिलेश हैं। संपर्क करने पर सपा प्रमुख के तीनों हमनामों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उसके लिए यह नाम होना एक लाभ है। सात फरवरी को समाजवादी पार्टी ने मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार अखिलेश यादव की घोषणा की तो कुछ लोगों को लगा कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव दो सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। चूंकि इसके पहले ही सपा प्रमुख के मैनपुरी के करहल से चुनाव लड़ने की घोषणा हो चुकी थी और आजमगढ़ उनका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है तो लोगों ने अनुमान लगाया कि संभवत: वह दो सीटों से चुनाव लड़ें। लेकिन पार्टी नेताओं ने स्थिति साफ कर दी और बताया कि मुबारकपुर से घोषित सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव 2017 में भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं और बसपा के शाह आलम से मात्र 688 मतों से पराजित हुए थे। मुबारकपुर से सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्र, के लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है, लोग मेरे प्रति सहानुभूति महसूस करते हैं, क्योंकि मैं इस सीट से 2017 का विधानसभा चुनाव बहुत ही कम अंतर से हार गया था। उन्होंने कहा कि अभी, सभी लोग चाहते हैं कि अखिलेश यादव चुनाव जीते। यहां के लोग कह रहे हैं कि चूंकि अखिलेश यादव (सपा प्रमुख) हैं और वे उप्र का मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, इसलिए मुबारकपुर से विधायक भी अखिलेश यादव को होना चाहिए। मुबारकपुर सपा प्रत्याशी के भाग्य का फैसला सातवें और अंतिम चरण में सात मार्च को होगा।

# पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के बंद का मिलाजुला असर

## पार्टी कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

**भाषा** । कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल में नगर निगम चुनाव में व्यापक धांधली एवं हिंसा के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आहूत किए गए 12 घंटे के बंद के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में पार्टी कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हुई। भाजपा के सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक के बंद का मिलाजुला असर देखा गया। राज्य सरकार ने अपनी पूरी मशीनरी को यह सुनिश्चित करने में लगाया कि सामान्य जनजीवन बंद से बेअसर रहे। बंद के दौरान दक्षिण बंगाल में वाहनों की आवाजाही सामान्य रही और अधिकतर व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुछ क्षेत्रों में रेलवे पटरियों और सड़कों को अवरुद्ध कर दिया।

हुगली स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ता रेलवे की पटरियों पर बैठ गए और पूरबा मेदिनीपुर जिले में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र में भी सड़कों को जाम किया। भगवा पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने सरकारी बसों को रोकने का भी प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। उत्तरी बंगाल, जहां पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था, में बंद का देखा गया। राज्य के इस हिस्से में अधिकतर दुकानें बंद रहीं और सड़कों से वाहन नदारद रहे। सरकारी बसें सड़क पर नजर आईं, लेकिन उनमें यात्रियों की संख्या बेहद कम रही। निजी व्यावसायिक वाहनों के सड़कों से नदारद रहने से कार्यालय जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भाजपा विधायकों-शंकर घोष और आनंदमय बर्मन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दोनों बंद के समर्थन में रैली निकाल रहे थे। दक्षिण दिनाजपुर जिले के बेलुरघाट इलाके में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने हड़ताल के आह्वान के समर्थन में रैली निकाली। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तब दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई और कई भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई। पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करने के लिए बल प्रयोग किया। भाजपा नेता सजल घोष हिरासत में लिए गए। राज्य सरकार ने रविवार को कहा था कि वह हड़ताल एवं बंद का विरोध करती है क्योंकि इससे सामान्य जनजीवन बाधित होता है, लोगों को असुविधा होती है और आजीविका प्रभावित होती है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में नगर निगम चुनाव के दौरान हुई व्यापक धांधली एवं हिंसा के विरोध में सोमवार को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक बंद का आह्वान किया था। प्रदेश भाजपा प्रमुख ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया था। पुलिस ने दावा किया है कि चुनाव के दौरान कोई बड़ी हिंसा नहीं हुई थी, केवल कुछ छिटपुट घटनाएं हुई थीं। व्यापक हिंसा के आरोपों से नाराज राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने राज्य के चुनाव आयुक्त सौरभ दास से सोमवार को स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है।

## बिहार विधानसभा में विपक्ष ने हंगामा किया

**पटना** । बिहार विधानसभा ने सदन के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा से दो कनिष्ठ पुलिस अधिकारियों के कथित तौर पर अनुचित व्यवहार करने के मामले में सोमवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और राज्य के गृह सचिव से एक जवाब मांगा। विधानसभा ने 15 दिनों में जवाब मांगने के साथ-साथ लखीसराय जिले में तैनात दोनों आरोपी अधिकारियों को उनके पदों से हटाने की सलाह दी है। कार्य मंत्रणा समिति की एक बैठक में यह कार्वाई की गई और विधानसभा अध्यक्ष ने खुद सदन को इससे अवगत कराया। लखीसराय सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले विधानसभा अध्यक्ष के साथ हाल में दो अधिकारियों - एक पुलिस उपाधीक्षक और एक थाना प्रभारी - ने एक मामले में उस वक्त कथित तौर पर अनुचित व्यवहार किया था, जब उन्होंने (विधानसभा अध्यक्ष ने) दो सामाजिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया था।

सदन में उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बजट सदन के पटल पर रखा और राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल के मामले में सदन में चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया।

इस दौरान बचौल ने अपनी सीट पर खड़े होकर उस परिस्थिति के बारे में अपना स्पष्टीकरण देना चाहा, जिसमें उन्होंने कथित टिप्पणी की थी। हालांकि, इसके बाद विपक्षी दल के सदस्य और हंगामा करते हुए अध्यक्ष के आसन के करीब आकर नारेबाजी करने लगे।

# यूक्रेन से भारतीयों को निकालने की योजना सार्वजनिककरे सरकार: कांग्रेस

**भाषा** । नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने केंद्र सरकार पर युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को स्वदेश लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि सरकार को भारत के नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की अपनी योजना को जल्द सार्वजनिक करना चाहिए ताकि वहां फंसे भारतीय छात्रों एवं उनके परिवारों में विश्वास पैदा हो सके। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूक्रेन में सैनिकों द्वारा कुछ भारतीय छात्रों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने से जुड़ा वीडियो भी ट्विटर पर साझा किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों की स्थिति खराब हो रही है। इसके बावजूद भारत सरकार उन्हें स्वदेश वापस लाने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। हमेशा की तरह प्रधानमंत्री इस बार भी अपने कर्तव्य से विमुख हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ऐसी हिंसा का शिकार हो रहे भारतीय छात्रों और यह वीडियो देख रहे उनके परिवारों के साथ मेरी सहानुभूति है। किसी भी माता-पिता को इस स्थिति से नहीं गुजरना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा, भारत सरकार को वहां से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की अपनी योजना के बारे में फंसे हुए लोगों और उनके परिवारों के साथ तत्काल ब्यौरा साझा करना चाहिए। हम अपने लोगों को इस तरह नहीं छोड़ सकते।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि क्या उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के अभियान को ऑपरेशन गंगा नाम दिया गया है? उन्होंने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश में चुनाव है 'ऑपरेशन गंगा' ? मध्यप्रदेश में होता तो 'ऑपरेशन नर्मदा' ? गुजरात में होता तो 'ऑपरेशन साबरमती' ? हर बार पीआर, इवेंट और चुनाव प्रचार ? मुश्किल में मदद कब करोगे सरकार ?

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी चुनाव में फंसे हुए हैं, नागर विमान मंत्री (ज्योतिरादित्य सिंधिया) भाजपा के सदस्यता अभियान में फंसे हैं, विदेश मंत्रालय विरोधाभासी परामर्श जारी करके गाल बजाने में फंसा है। हमारे बच्चे यूक्रेन में दर्दनाक परिस्थिति में फंसे हैं।

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री जी ने यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों और उनके परेशान परिवारों के लिए कोई भी शब्द नहीं बोला है। मोदी जी के समर्थक अक्सर घर वापसी का शोर मचाते हैं, लेकिन यूक्रेन में फंसे भारतीय बच्चों की घर वापसी के बारे में सब खामोश हैं।

रागिनी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की उसकी क्या योजना है। उसे यह जल्द करना चाहिए ताकि परिवारों और बच्चों को भरोसा जगे।

## तृणमूल, शिवसेना नेताओं ने मतदान में हिस्सा नहीं लेने को लेकर सरकार की आलोचना की

**नई दिल्ली** । यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रमण पर संयुक्त राष्ट्र महासभा का एक विशेष आपात सत्र बुलाने के लिए सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में हुए मतदान में भारत के भाग नहीं लेने को लेकर कुछ विपक्षी दलों के नेताओं ने सोमवार को केंद्र की आलोचना की। हालांकि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर टिप्पणी नहीं की। वहीं, तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना के नेताओं ने यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्वाई को युद्ध कहने से इनकार करने को लेकर केंद्र पर निशाना साधा। शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट किया, और अब परमाणु खतरा होने वाला है। शांत रहें, तटस्थ रहें, क्या नहीं ?। तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने कहा, युद्ध को युद्ध कहने से भारत का इनकार करना हमारे जीवनकाल में महंगा साबित होगा। पश्चिम बंगाल से लोकसभा सदस्य ने ट्वीट किया, रूस के कदम से उत्साहित, यदि चीन ने जब कभी भारत पर आक्रमण किया तो संतुलन रखने की अपनी नीति के चलते हमारे पास महज कुछ ही सहयोगी शेष होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुए उस मतदान में हिस्सा नहीं लिया है, जो यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रमण पर संयुक्त राष्ट्र महासभा का एक विशेष आपात सत्र बुलाने के उद्देश्य से कराया गया। हालांकि, नई दिल्ली ने बेलारूस सीमा पर वार्ता करने के रूस और यूक्रेन के फैसले का स्वागत किया है।

## मालेगांव विस्फोट : मुकरने वाला होटल मालिक18वां गवाह

**भाषा** । मुंबई

**महाराष्ट्र** के मालेगांव में 2008 में हुए विस्फोट के मामले में एक होटल मालिक मुकरने वाला 18वां गवाह हो गया है।

मुंबई से करीब 200 किमी दूर नासिक के मालेगांव कस्बे में एक मस्जिद के पास 29 सितंबर 2008 को एक मोटरसाइकिल पर रखे बम में विस्फोट होने के बाद छह लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हो गए थे। विशेष सरकारी वकील अविनाश रसल ने बताया कि पंचमढ़ी के होटल संचालक ने विशेष एनआईए न्यायाधीश पीआर सित्रे की अदालत में अपनी गवाही के दौरान जांच एजेंसियों के समक्ष कोई बयान देने से इनकार कर दिया ।गवाह ने इससे पहले महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ता और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कहा था कि आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित ने 2008 में उससे मुलाकात की थी और 40 से 50 लोगों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग से संबद्ध एक शिविर का इंतजाम करने को कहा था।

हालांकि सोमवार को व्यक्ति ने कहा कि वह पुरोहित से नहीं मिला था। अब तक, मामले में 232 गवाहों से जिरह की गई है। मामले की आरोपियों में लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर भी शामिल हैं।

# इंदौर में दो साल बाद जमेगा होली का रिवायती रंग

## हजारों हुरियारों के साथ निकलेगी गेर

**भाषा** । इंदौर

**कोरोना** वायरस के कमजोर पड़ने पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इंदौर में गेर (रंगपंचमी की विशाल शोभायात्रा) को हरी झंडी दिए जाने से उत्साहित आयोजक इस दशकों पुरानी त्योहारी परंपरा को बहाल करने की तैयारियों में जुट गए हैं। फागुनी मस्ती के माहौल में निकलने वाली इस शोभायात्रा में हजारों हुरियारे जुटते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 के प्रकोप के चलते प्रशासन ने पिछले दो साल से गेर के आयोजन पर रोक लगा रखी थी। उन्होंने बताया कि इन दिनों महामारी के मामले घटकर बेहद कम रह जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 फरवरी को लोगों से कहा था कि वे होली और रंगपंचमी के त्योहार पूरी धूम-धाम से मनाते हुए गेर निकालें।

इस बार रंगपंचमी पर 22 मार्च को पड़ रही है। संगम कॉर्नर रंगपंचमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल ने सोमवार को बताया कि हमारा संगठन पिछले 68 साल से रंगपंचमी पर गेर निकाल रहा है। लेकिन इस बार गेर का आनंद कुछ अलग होगा क्योंकि यह दो साल के अंतराल के बाद निकलेगी। उन्होंने कहा कि गेर इंदौर की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा प्रमुख आयोजन है और इसमें सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। गौरतलब है कि गेर को फाग यात्रा के रूप में भी जाना जाता है। रंगपंचमी का यह जुलूस शहर के अलग-अलग हिस्सों से गुजरते हुए ऐतिहासिक राजबाड़ा (इंदौर के पूर्व होलकर शासकों का महल) के सामने पहुंचता है जहां रंग-गुलाल की चौतरफा बौछारों के बीच हजारों हुरियारों का आनंद में डूबा समूह कमाल का मंजर पेश करता है। मध्यप्रदेश के इस उत्सवधर्मी शहर में गेर की परंपरा रियासत काल में शुरू हुई, जब होलकर राजवंश के लोग रंगपंचमी पर आम जनता के साथ होली खेलने के लिए सड़कों पर निकलते थे।

तब गेर में बैलगाड़ियों का बड़ा काफिला होता था जिन पर टेसू के फूलों और अन्य हर्बल वस्तुओं से तैयार रंगों की कड़ाही रखी होती थी। यह रंग गेर में शामिल होने वाले लोगों पर बड़ी-बड़ी पिचकारियों से बरसाया जाता था।

**संजय पांडे को मुंबई का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया**

**मुंबई**। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक संजय पांडे को मुंबई का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। वह हेमंत नागराले की जगह लेंगे, जिन्हें पिछले साल परमबीर सिंह को पद से हटाए जाने के बाद मुंबई का पुलिस प्रमुख बनाया गया था। नागराले को प्रबंध निदेशक के रूप में महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम में स्थानांतरित कर दिया गया है।



भुवनेश्वर में सोमवार को कोविड प्रतिबंधों में छूट के बाद प्राथमिक स्कूलों को फिर से खोलने के बाद छात्रों के साथ विभिन्न सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भाग लेते माता-पिता और शिक्षक

## डॉ. विकास मिश्रा को मिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार पुरस्कार

**नई दिल्ली** । विज्ञान दिवस के अवसर पर अकबरपुर महाविद्यालय के बीएड विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विकास मिश्रा को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया जिसमें प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं दो लाख रुपए प्रदान किया गया।



इस पुरस्कार हेतु संपूर्ण देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के संचार हेतु अतुलनीय व सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले भारतीय नागरिकों को चुना गया है। डॉ. विकास मिश्रा द्वारा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी लखनऊ, भारतीय विज्ञान लेखक संघ, भारतीय शिक्षा शोध संस्थान सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ जुड़कर विगत् बीस वर्षों में एक सैकड़ा से अधिक जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है तथा विज्ञान संचार संबंधी अनेकों कार्यशालाओं में विषय विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। साइंटिफिक स्क्रिप्ट राइटिंग, लोकोपयोगी विज्ञान लेखन तथा विज्ञान को सरलीकृत रूप में जनसामान्य तक पहुंचाना उनकी विशेषता रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स तथा राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिकाओं में लेखन कार्य भी उनके चयन के प्रमुख आधारों में से एक है।

## ईडी ने महाराष्ट्र के मंत्री प्रजक्त तानपुरे की जमीन कुर्क की

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को महाराष्ट्र के मंत्री प्रजक्त तानपुरे और अन्य की करीब 94 एकड़ जमीन महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले के मामले में धनशोधन के संबंध में कुर्क की। तानपुरे महाराष्ट्र सरकार के शहरी विकास, ऊर्जा, जनजातीय विकास, उच्च और तकनीकी शिक्षा और आपदा प्रबंधन मामलों के मंत्री हैं। वह राहुरी विधानसभा सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक हैं। आरोप है कि सहकारी चीनी मिलों को बैंक के उस समय के अधिकारियों और निदेशकों ने अपने रिश्तेदारों और कुछ लोगों को औने-पौने दाम में बेच दिया।

ईडी के मुताबिक राम गणेश गडकरी सहकारी सेखर कारखाना (एसएसके) की करीब 90 एकड़ की जमीन जो तक्षशिला सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है।

# महाराष्ट्र के नेताओं ने राज्यपाल की टिप्पणी पर आपत्ति जताई

## रामदास को शिवाजी महाराज का गुरु बताने को मामला

**भाषा** । मुंबई

**महाराष्ट्र** के कई नेताओं ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की, समर्थ रामदास को छत्रपति शिवाजी महाराज का गुरु बताने वाली टिप्पणी पर सोमवार को आपत्ति जताई। इन नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोंसले का नाम भी शामिल है। उन्होंने कोश्यारी के बयान पर आपत्ति जताते हुए उनसे तत्काल इसे वापस लेने को कहा है।

कोश्यारी ने रविवार को औरंगाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज और चंद्रगुप्त मौर्य का उदाहरण देते हुए गुरु की भूमिका को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि इस भूमि पर कई चक्रवर्ती (सम्राट), महाराजाओं ने जन्म लिया, लेकिन चाणक्य न होते तो चंद्रगुप्त के बारे में कौन पूछता ? समर्थ (रामदास) न होते तो छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में कौन पूछता।

कोश्यारी ने कहा था कि मैं चंद्रगुप्त और शिवाजी महाराज की योग्यता पर सवाल नहीं उठा रहा हूं। जैसे एक मां, बच्चे का भविष्य बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, उसी तरह हमारे समाज में एक गुरु का भी बड़ा स्थान है। भोंसेल ने सोमवार को फेसबुक पर लिखा कि रामदास कभी भी मराठा योद्धा के गुरु नहीं थे और कोश्यारी को कोई भी टिप्पणी करते समय अपने पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए उन्होंने कहा, राष्ट्रमाता जिजाऊ( मराठा राजा की मां) छत्रपति शिवाजी महाराज की असली गुरु थीं, जबकि रामदास कभी उनके गुरु नहीं थे। यही सही इतिहास है। फिर भी, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने औरंगाबाद में एक कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज और रामदास का हवाला देते हुए गलत इतिहास बताया। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कोश्यारी पर निशाना साधते हुए भाजपा से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। शिवसेना के प्रमुख प्रवक्ता ने नई दिल्ली में एक समाचार चैनल से कहा कि भाजपा अभी तक सड़कों पर हंगामा कर चुकी होती, अगर कोई और ऐसा बयान देता। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के इस बयान के बाद से महाराष्ट्र के लोग नाराज हैं। मुझे लगता है कि भाजपा को तुरंत मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले ने भी राज्यपाल की टिप्पणी पर आपत्ती जताई और कहा कि रामदास और छत्रपति शिवाजी महाराज के शिक्षक-शिष्य होने के संबंध में कोई सबूत मौजूद नहीं है।

महाराष्ट्र से लोकसभा सदस्य ने बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के 16 जुलाई, 2018 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने पीठ के समक्ष कहा था, इस बात के कोई सबूत मौजूद नहीं हैं कि शिवाजी महाराज, रामदास से मिले थे या वह रामदास को अपना गुरु मानते थे। इस पर आपत्ति जताते हुए, सुले ने ट्विटर पर अपने पिता एवं राकांपा प्रमुख शरद पवार का एक पुराना वीडियो भी साझा किया, जिसमें कहा गया था कि रामदास छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु नहीं थे। इस वीडियो में पवार को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मां राजमाता जीजामाता, मराठा योद्धा राजा की गुरु थीं।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और उसके प्रतिनिधियों पर छत्रपति शिवाजी महाराज और राज्य का अपमान करके महाराष्ट्र के लोगों के गौरव को लगातार चुनौती देने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की गठबंधन सरकार है। पहले भी कई मुद्दों पर उसका कोश्यारी के साथ विवाद रहा है।

## केंद्रीय एजेंसियों की शक्तियों के दुरुपयोग पर साक्ष्य सौंपा हूं: राऊत

**मुंबई** । शिवसेना सांसद संजय राऊत ने सोमवार को कहा कि चुनिंदा तरीके से कुछ व्यक्तियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के शक्तियों के दुरूपयोग करने और एजेंटों के जरिए जबरन वसूली एवं ब्लैकमेल करने में कुछ अधिकारियों की संलिप्तता पर उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय को साक्ष्य सौंपे हैं। राऊत ने ट्वीट किया कि खेल अब शुरू हो गया हैउ आज मैंने इस बारे में पीएमओ को साक्ष्य सौंपे हैं कि किस तरह केंद्रीय एजेंसियां चुनिंदा तरीके से कुछ व्यक्तियों के खिलाफ शक्तियों का दुरूपयोग कर रही हैं। इस बारे में साक्ष्य सौंपे हैं कि किस तरह से कुछ अधिकारी वसूली एजेंटों के जरिए जबरन वसूली करने और ब्लैकमेल करने में संलिप्त हैं। शिवसेना सांसद ने पूर्व में आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुरुपयोग किया जा रहा है।

## तालमेल सबंधी अफवाहों के बीच प्रशांत किशोर ने केसीआर से मुलाकात की

**हैदराबाद**। भले ही तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) प्रमुख एवं मुख्यमंत्री केसी राव पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और महाराष्ट्र के अपने समक्ष उद्धव ठाकरे समेत विभिन्न क्षेत्रीय नेताओं के साथ मिलकर भाजपा-विरोधी मोर्चा तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस बीच राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की उनसे मुलाकात को प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक तौर पर काफी अहम माना जा रहा है।

टीआरएस के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि विभिन्न राजयों के विधानसभा चुनावों में अलग-अलग दलों के लिए प्रचार अभियान को सफलता के मुकाम तक पहुंचाने के लिए चर्चित प्रशांत किशोर ने पिछले दो दिनों में राव से मुलाकात की। किशोर ने तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में द्रमुक और पश्चिम बंगाल में टीएमसी का प्रचार अभियान संभाला था।

# देश में कोविड-19 के 8,013 नए मामले

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 8,013 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस के संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,29,24,130 हो गई। करीब दो महीने बाद संक्रमण के दैनिक मामले 10 हजार से कम सामने आए हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर।,02,601 रह गई है।

आंकड़ों के अनुसार इससे पहले, पिछले साल 28 दिसंबर को कोविड-19 के 9,195 दैनिक मामले सामने आए थे। देश में पिछले 22 दिनों से दैनिक मामलों की संख्या एक लाख से कम है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 119 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,13,843 हो गई। देश में अभी 1,02,601 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.24 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 8,871 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.56 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार संक्रमण की दैनिक दर 1.11 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 1.17 प्रतिशत दर्ज की गई। देश में अब तक कुल 4,23,07,686 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 177.50 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 119 मामले सामने आए। इनमें से केरल में 62 और कर्नाटक में 17 मामले सामने आए।

आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण से अभी तक कुल 5,13,843 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के।,43,697, केरल के 65,223, कर्नाटक के 39,936, तमिलनाडु के 38,003, दिल्ली के 26,122, उत्तर प्रदेश के 23,543 और पश्चिम बंगाल के 21,175 लोग थे। अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

## नौकरी के लिए राज्य से दसवीं उत्तीर्ण करने की पाबंदी असंवैधानिक : भाजपा

**रांची**। झारखंड विधानसभा में आज राज्य सरकार की स्थानीय नीति को लेकर अपनाई जा रही ढुलमुल नीति पर भाजपा समेत सभी प्रमुख विपक्षी पार्टियों ने जोरदार हमला बोला और भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नौकरी के लिए राज्य से दसवीं और बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने को अनिवार्य किया जाना संविधान का उल्लंघन है और इसे तत्काल बदला जाना चाहिए। आजसू पार्टी के विधायक लंबोदर महतो ने विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान इस संबन्ध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार फिलहाल दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण करने के आधार पर मिलने वाली सरकारी नौकरियां राज्य के बाहर से इन कक्षाओं में उत्तीर्णता प्राप्त करने वालों को नहीं देगी। इस पर भाजपा के भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि राज्य सरकार का यह कदम पूरी तरह संविधान विरुद्ध है।

# सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरा, 389 अंक चढ़ा

## ● रिलायंस, टाटा स्टील के शेयर चमके

भाषा। मुंबई

**बीएसई सेंसेक्स** सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए कारोबार के अंत में 389 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है, जब बाजार लाभ में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस में मजबूती के साथ बाजार लाभ में रहा। यूक्रेन संकट से पश्चिमी बाजारों में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 1,025 अंक से अधिक लुढ़ककर 54,833.50 अंक तक आ गया था। पर बाद में तेजी लौटी और अंत में यह 388.76 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,247.28 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 135.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,793.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 6.61 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में टाटा स्टील का शेयर रहा। पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, एनटीपीसी, एलएंडटी, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ डॉ. रेड्डीज, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि. और कोटक बैंक 2.81 प्रतिशत तक नुकसान में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, रूस-यूक्रेन संकट जारी रहने और रूस पर पाबंदियां बढ़ाए जाने से र्पिश्चिमी बाजारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। घरेलू बाजार शुरुआती कारोबार में नुकसान में रहे लेकिन बाद में धातु शेयरों के बेहतर प्रदर्शन और एशिया के अन्य बाजारों में सकारात्मक रुख से इसमें तेजी लौटी। रूस पर पाबंदी से भारतीय इस्पात की मांग विदेशों में बढ़ने की उम्मीद से धातु शेयरों में तेजी आई। घरेलू शेयर बाजारों को तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े का भी इंतजार है। ये आंकड़े आज कारोबार बंद होने के बाद जारी हुए हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के शोध प्रमुख अजित मिश्रा के अनुसार, जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़ों के आधार पर बुधवार को बाजार की चाल तय होगी। इस समय समय निवेशकों की नजर रूस-यूक्रेन गतिविधियों पर है। बातचीत का कोई भी सार्थक परिणाम धारणा को मजबूत करेगा। हालांकि, इसके उलट होने पर बाजार पर नकारात्मक असर पड़ेगा। हम निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह देते हैं।

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में 5.4 प्रतिशत रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 0.7 प्रतिशत थी। एशिया के अन्य प्रमुख बाजार शुरुआती नुकसान से उबरते हुए लाभ में बंद हुए। जापान का निक्की-225,0.2 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.3 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 0.8 प्रतिशत मजबूत हुए।

हांगकांग का हैंगसेंग 0.2 प्रतिशत नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अमेरिकी तेल मानक 4.7 प्रतिशत मजबूत होकर 95.92 डॉलर प्रति बैरल पर और वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 4.5 प्रतिशत के लाभ के साथ 98.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 75.33 प्रतिशत पर स्थिर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, यूक्रेन संकट के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,470.70 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# पूर्व वित्त सचिव अधिया फिर बैंक ऑफ बड़ौदा के चेयरमैन मनोनीत

**नई दिल्ली।** पूर्व वित्त सचिव हसमुख अधिया को फिर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। एक सरकारी आदेश से यह जानकारी मिली है। सरकारी आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने वित्तीय सेवा विभाग के अधिया को पुन: बैंक का गैर-कार्यकारी चेयरमैन मनोनीत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आदेश में कहा गया है कि अधिया का कार्यकाल एक मार्च, 2022 से दो और साल के लिए बढ़ा दिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा देश का भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के बाद तीसरा सबसे बड़ा सरकारी बैंक है। अधिया नवंबर, 2018 में राजस्व-सह-वित्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

# पीएम गतिशक्ति की आधुनिक बुनियादी ढांचे को और विकसित करने में अहम भूमिका होगी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति पहल बेहतर समन्वय एवं निगरानी के माध्यम से देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे को और विकसित करने में मदद करेगी। उन्होंने निजी क्षेत्र को सरकार के साथ साझेदारी करने और निवेश बढ़ाने के लिए भी कहा। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान एक एकीकृत योजना है, जो लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अंतर को पाटने का काम करेगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे साजो-सामान की लागत को कम करने में मदद मिलेगी। सरकार ने राजमार्ग, ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी , नवीकरणीय ऊर्जा जैसे हर क्षेत्र में निवेश बढ़ाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम ने कहा कि पीएम गतिशक्ति पहल से निर्यात को बढ़ावा देने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में भी मदद मिलेगी। मोदी ने कहा कि इस साल के बजट ने 21वीं सदी में भारत के विकास की गति निर्धारित की है और बुनियादी ढांचे पर आधारित विकास की इस दिशा से भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत में असाधारण वृद्धि होगी और रोजगार की नई संभावनाएं पैदा होंगी।

परियोजनाओं को पूरा करने के पारंपरिक तरीकों में हितधारकों के बीच तालमेल की कमी का उल्लेख भी किया। ऐसा विभिन्न संबंधित विभागों के बीच स्पष्ट जानकारी की कमी के चलते था। पीएम गति शक्ति के कारण अब हर कोई पूरी जानकारी के साथ अपनी योजना बना सकेगा। इससे देश के संसाधनों का इष्टतम उपयोग भी होगा। पीएम गति शक्ति पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि 2013-14 में भारत सरकार का प्रत्यक्ष पूंजीगत व्यय लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपए था, जो 2022-23 में बढ़कर 7.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। मोदी ने कहा, सहकारी संघवाद के सिद्धांत को मजबूत करते हुए हमारी सरकार ने इस साल के बजट में राज्यों की सहायता के लिए एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। राज्य सरकारें इस राशि का इस्तेमाल मल्टीमॉडल अवसंरचना और अन्य उत्पादक परिसंपत्तियों पर कर सकेंगी। राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम से दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में संपर्क सुधारने में मदद मिलेगी। पीएम गति शक्ति - राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत वन भूमि और उपलब्ध औद्योगिक संपदा के बारे में भी जानकारी पाई जा सकती है।

# बायोकॉन बायोलॉजिक्स 3.33 अरब डॉलर में वियाट्रिस के बायोसिमिलर कारोबार का अधिग्रहण करेगी

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायोकॉन ने सोमवार को कहा कि उसकी सहायक कंपनी बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने 3.335 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 24,990 करोड़ रुपए) में वियाट्रिस इंक के बायोसिमिलर कारोबार का अधिग्रहण करने के लिए एक समझौता किया है। बायोकॉन लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने पूरी तरह से एकीकृत वैश्विक बायोसिमिलर उद्यम बनाने के लिए वियाट्रिस इंक के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है, जिसके तहत उसके बायोसिमिलर कारोबार का अधिग्रहण किया जाएगा।

बयान के मुताबिक समझौते के तहत वियाट्रिस को 3.335 अरब अमेरिकी डॉलर तक मिलेंगे, जिसमें 2.335 अरब अमेरिकी डॉलर तक नकद और शेष बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड में अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) के रूप में मिलेंगे। दोनों कंपनियों के निदेशक मंडल ने इस लेनदेन को मंजूरी दे दी है और सौदा मौजूदा साल की दूसरी छमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

बयान में आगे कहा गया कि अधिग्रहण से बायोकॉन बायोलॉजिक्स को एक व्यापक पोर्टफोलियो बनाने में मदद मिलेगी, जिसमें वाणिज्यिक इंसुलिन, ऑन्कोलॉजी और इम्यूनोलॉजी बायोसिमिलर की वर्तमान श्रृंखला के साथ ही कई अन्य बायोसिमिलर संपत्तियां शामिल हैं। बायोकॉन बायोलॉजिक्स की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजूमदार-शॉ ने कहा कि वियाट्रिस के साथ दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारी से कंपनी बायोसिमिलर उद्योग के लिए नए मानक स्थापित कर सकेगी। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी में सभी हितधारकों का लाभ है।

# क्षेत्रीय एयरलाइनों, हेलीकॉप्टर परिचालकों के लिए सरकार तैयार कर रही है नीति: सिंधिया

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि सरकार क्षेत्रीय एयरलाइनों और हेलीकॉप्टर परिचालकों के लिए एक नीति तैयार कर रही है, जिसका मकसद अंतिम छोर तक संपर्क को बढ़ावा देना है। सिंधिया ने कहा कि भारत में छोटे शहरों के हवाई अड्डों के साथ ही क्षेत्रीय संपर्क पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने उद्योग निकाय एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, इसमें कुछ मुद्दे हैं - मांग का स्तर, पट्टे की लागत और मूल्य निर्धारण - इन बातों पर हम विचार कर रहे हैं। हम क्षेत्रीय एयरलाइनों और हेलीकॉप्टरों के लिए उन्हें और अधिक किफायती बनाने, अधिक व्यापक बनाने और अंतिम छोर तक संपर्क मुहैया कराने के लिए एक नीति लाने जा रहे हैं, क्योंकि वृद्धि भी इसी क्षेत्र से आने वाली है। मंत्री ने कहा कि वृद्धि के अवसर ओडिशा के झारसुगुडा और असम के रूपसी जैसे छोटे शहरों से आ रहे हैं।

# बजट में कोविड महामारी के बाद स्थिरता पर जोर: सीतारमण

भाषा। चेन्नई




**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में कोविड-19 महामारी के बाद पुनरुद्धार के लिए स्थिरता पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के बजट की निरंतरता को कायम रखते हुए नया बजट पेश किया गया है। सीतारमण ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बजट में केंद्र सरकार ने कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी अपनाने वाले भविष्योन्मुख कदम उठाए हैं। इसके अलावा इंडियाए100 पहल के तहत चिकित्सा एवं शिक्षा क्षेत्रों में डिजिटल कार्यक्रम चलाने पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा, हम पिछले बजट से एक तरह की निरंतरता का भाव इस बजट में रखना चाहते थे। पिछला बजट फॉर्मूला बनाने और सिद्धांतों के निर्धारण में काफी व्यापक था। फिर महामारी से अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए स्थिरता देना और सबसे बढ़कर अनुकूल कर प्रणाली देना इस बजट के निर्देशक सिद्धांत थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और रेल मंत्रालय के संयोजन में एक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें दक्षिणी राज्यों में उत्पादित सीमेंट को उत्तरी राज्यों तक पहुंचाने के बारे में चर्चा की जाएगी। उनका यह बयान उद्योगपति और इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एन श्रीनिवासन के एक सवाल के संदर्भ में आया। श्रीनिवासन ने उनसे कहा कि भारत में 40 प्रतिशत चूना पत्थर दक्षिणी राज्यों में पाया जाता है, लिहाजा सीमेंट को उत्तरी राज्यों तक न पहुंचाए जाने पर सीमेंट की किल्लत हो सकती है। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि इस मसले पर रेल मंत्रालय और सड़क परिवहन मंत्रालय के साथ एक चर्चा बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जरूरी बिंदुओं का ब्योरा बैठक के पहले भेज दें।

## क्विक न्यूज

### कायदे-कानून वित्तीय क्षेत्र में नवप्रवर्तन को प्रभावित करने वाले नहीं होने चाहिए: नीति आयोग सलाहकार

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की वरिष्ठ सलाहकार अन्ना रॉय ने सोमवार को कहा कि वित्तीय क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग के साथ नीति निर्माताओं को इस बात को लेकर अधिक ध्यान रखने की जरूरत है कि नियामकीय रूपरेखा नवप्रवर्तन को बाधित नहीं करे। उद्योग मंडल फिक्की के भारतीय वित्तीय सेवाओं में एआई-सामने आती जमीनी सचाई विषय पर ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रॉय ने कहा कि सरकार पेंशन और बीमा क्षेत्र के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लाभ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का दायरा बढ़ाने के लिए कृत्रिम मेधा के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा, नीति निर्माताओं और नियामकों के रूप में हमें इस बात को लेकर अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है कि नियमन या नियामकीय रूपरेखा नवप्रवर्तन को प्रभावित नहीं करनी चाहिए....और इसके लिए जरूरी है कि हर कोई अलग-अलग काम करने के बजाय साथ मिलकर काम करे। रॉय ने कहा कि डिजिटल अंतर, डिजिटल शिक्षा के साथ-साथ साइबर सुरक्षा संबंधित मुद्दों और वित्तीय सेवाओं में एआई के उपयोग के बहुत गुंजाइश है। उन्होंने नीति और नियमों में पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार किसी भी नीति का मसौदा तैयार करते समय परामर्श का तरीका अपनाती है। रॉय ने कहा, मुझे लगता है कि नीति निर्माण में इस प्रकार की पारदर्शिता अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी संबंधित पक्षों को समान लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

### कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 40 पैसे टूटा

**मुंबई।** रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे टूटकर 75.33 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर खुला। रुपया 75.78 और 75.70 के सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। शुरुआती सौदों में स्थानीय मुद्रा अपने पिछले बंद भाव से 40 पैसे की गिरावट के साथ 75.73 पर थी। रुपया पिछले सत्र में 27 पैसे की तेजी के साथ 75.33 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.78 प्रतिशत बढ़कर 97.37 पर था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 4.24 प्रतिशत बढ़कर 102.08 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

### मारुति सुजुकी के असली कलपुर्जे ऑनलाइन उपलब्ध

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसके असली कलपुर्जे भारत के 100 से अधिक शहरों में ऑनलाइन ऑर्डर पर उपलब्ध है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस समय 2,000 से अधिक मारुति सुजुकी के असली कलपुर्जे ऑनलाइन उपलब्ध हैं और इस पहल में अधिक उत्पादों को शामिल किया जाएगा। खरीदार मारुति सुजुकी के असली कलपुर्जे वेबसाइट से ऑर्डर कर सकते हैं, और उन्हें घर पर इन्हें लगाने का विकल्प भी मिलता है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ केनिची आयुकावा ने कहा कि बदलते समय और ग्राहकों की प्राथमिकताओं के आधार पर ऑनलाइन खरीदारी तेजी से बढ़ रही है और इस पहल से ग्राहकों को असली कलपुर्जे आसानी से मिल सकेंगे।

### पीरामल एंटरप्राइजेज एनसीडी से 500 करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली।** पीरामल एंटरप्राइजेज लि. निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 500 करोड़ रुपए तक जुटाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल की प्रशासनिक समिति ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। समिति की सोमवार को हुई बैठक में 100 करोड़ रुपए के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने की मंजूरी दी गई। इसके अलावा इसमें 400 करोड़ रुपए के अतिरिक्त अभिदान को रखने का विकल्प भी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि इन डिबेंचरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई लि. के ऋण और पूंजी बाजार खंड में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। 30 माह की अवधि के एनसीडी की कूपन दर (ब्याज) आठ प्रतिशत वार्षिक होगी।

### स्विफ्ट प्रतिबंधों के बाद रूबल 26 प्रतिशत टूटा

**तोक्यो।** पश्चिमी देशों द्वारा स्विफ्ट वैश्विक भुगतान प्रणाली से रूसी बैंकों को बाहर करने के बाद सोमवार तड़के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रूबल लगभग 26 प्रतिशत टूट गया। रूस की मुद्रा 105.27 रूबल प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर कारोबार कर रही थी। इससे पहले शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रूबल 84 के स्तर पर था। बीते सप्ताहांत अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के साथ ही जापान ने भी रूस के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों में बढ़ोतरी की। इससे पहले घोषित प्रतिबंधों ने रूसी मुद्रा को डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर ला दिया था।

# जनवरी में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 3.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जनवरी, 2022 में 3.7 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले समान अवधि में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रही थी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कोयला, प्राकृतिक गैस और सीमेंट क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन की वजह से बुनियादी उद्योगों का उत्पादन बेहतर रहा है। हालांकि, जनवरी में कच्चे तेल और उर्वरक उत्पादन में गिरावट आई। दिसंबर, 2021 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.1 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों....कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 8.6 प्रतिशत घटा था।

# जनवरी के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा 2021-22 के लक्ष्य का 58.9 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जनवरी के अंत में वित्त वर्ष 2021-22 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 58.9 प्रतिशत था। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह बात कही गई है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान राजकोषीय घाटा 2020-21 के संशोधित अनुमानों (आरई) का 66.8 प्रतिशत था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 15.91 लाख करोड़ रुपए के संशोधित वार्षिक अनुमान के मुकाबले वास्तविक घाटा जनवरी, 2022 के अंत में 9,37,868 करोड़ रुपए था। सरकार के कुल राजस्व और कुल व्यय के बीच के अंतर को देश का राजकोषीय घाटा कहते हैं, और इसके चालू वित्त वर्ष के दौरान 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि पहले इसके 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान था। सरकार की कुल प्राप्तियां जनवरी के अंत में 18.71 लाख करोड़ रुपए या 2021-22 के संशोधित अनुमान (आरई) का 85.9 प्रतिशत थीं। यह संग्रह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 2020-21 के संशोधित अनुमान का लगभग 80 प्रतिशत था। समीक्षाधीन अवधि में कर (शुद्ध) राजस्व 2021-22 के संशोधित अनुमान का 87.7 प्रतिशत था। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 2020-21 के आरई का 82 प्रतिशत था।

# गूगल ने भारत में प्ले पास शुरू किया, बिना विज्ञापन 1,000 से अधिक ऐप की पेशकश

**नई दिल्ली।** गूगल ने सोमवार को प्ले स्टोर में प्ले पास सेक्शन शुरू करने की घोषणा की, एक निश्चित मासिक या वार्षिक शुल्क पर बिना विज्ञापन के 1,000 से अधिक ऐप और गेम की पेशकश की जाएगी तथा उनकी प्रीमियम सुविधाओं तक पहुंच दी जाएगी। प्ले पास संग्रह में गेम, पहेलियां या जंगल एडवेंचर्स, वर्ल्ड क्रिकेट बैटेल जैसे जैसे एक्शन गेम्स शामिल होंगे। इसके जरिए यूटर, यूनिट कन्वर्टर, ऑडियोलैब और फोटो स्टूडियो प्रो जैसे ऐप की पेशकश भी करेगा। प्ले पास 59 देशों के डेवलपर्स से 41 श्रेणियों में 1,000 से अधिक उच्च गुणवत्तापूर्ण और क्यूरेटेड संग्रह की पेशकश करेगा, जिसमें भारत के कई ऐप भी शामिल हैं। एक महीने के ट्रॉयल के साथ शुरुआत कर सकते हैं और 99 रुपए प्रति माह या 889 रुपए वार्षिक की सदस्यता ले सकते हैं। उपयोगकर्ता 109 रुपए में एक महीने की प्रीपेड सदस्यता का भी लाभ उठा सकते हैं।

## अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों का निलंबन अगले आदेश तक जारी

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने सोमवार को कहा कि देश में अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों के निलंबन को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है। 19 जनवरी को निलंबन 28 फरवरी तक बढ़ा दिया गया था। कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के बाद 23 मार्च, 2020 से भारत में अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें निलंबित हैं। गठित एयर बबल व्यवस्था के तहत जुलाई 2020 से भारत और लगभग 45 देशों के बीच विशेष यात्री उड़ानें संचालित हो रही हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सोमवार को एक परिपत्र में कहा, सक्षम प्राधिकारी ने भारत से अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाओं के निलंबन को अगले आदेश तक बढ़ाने का फैसला किया है। परिपत्र में कहा गया कि यह प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय मालवाहक उड़ानों तथा डीजीसीए द्वारा विशेष रूप से मंजूरी प्राप्त उड़ानों पर लागू नहीं होगा।

# औद्योगिक कर्मचारियों लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 5.84 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक कर्मचारियों की खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 5.84 प्रतिशत पर पहुंच गई। मुख्य रूप से कुछ खाने का सामान महंगा होने से महंगाई दर बढ़ी है। श्रम मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, जनवरी महीने में सालाना आधार पर मुद्रास्फीति बढ़कर 5.84 प्रतिशत पहुंच गई जो इससे पिछले महीने दिसंबर 2021 में 5.56 प्रतिशत थी। वहीं एक साल पहले जनवरी, 2021 में यह 3.15 प्रतिशत थी। आलोच्य महीने में खाद्य मुद्रास्फीति 6.22 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व दिसंबर महीने में 5.93 प्रतशत थी। एक साल पहले जनवरी, 2021 में यह 2.38 प्रतिशत थी। अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू (औद्योगिक कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) जनवरी, 2022 में 0.3 अंक घटकर 125.1 अंक रहा। दिसंबर, 2021 में 125.4 अंक था। एक माह में प्रतिशत बदलाव के आधार पर पिछले महीने के संदर्भ में इसमें 0.24 प्रतिशत की कमी आई। मौजूदा सूचकांक में बदलाव का मुख्य कारण खाद्य और पेय पदार्थ समूह का योगदान है। कुल बदलाव में इसकी 0.82 प्रतिशत अंक की हिस्सेदारी है। जिंसों के आधार पर ताजा मछली, सरसों तेल, सेब, गाजर, प्याज, आलू आदि के कारण सूचकांक नीचे आया। मकान किराया, चावल, गेहूं, मांस आदि के दामों में तेजी ने गिरावट पर अंकुश लगाया। केंद्र स्तर पर पुडुचेरी में सर्वाधिक 7.3 प्रतिशत की कमी आई। दूसरी तरफ, लुधियाना में सबसे अधिक 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# पेज एक का शेष

## संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन...

फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे। महासभा का सत्र आहूत करने को लेकर प्रक्रियात्मक प्रस्ताव में कहा गया है कि परिषद ने यूक्रेन संकट की समीक्षा के लिए महासभा का एक आपातकालीन विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है। ऐसा फैसला यह ध्यान में रखते हुए किया गया है कि शुक्रवार की बैठक में संयुक्त राष्ट्र के स्थाई सदस्यों के बीच सर्वसम्मति की कमी ने उसे अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा कायम रखने की उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी को निभाने से रोका। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने रविवार को हुए मतदान को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा, यह खेद की बात है कि इस मामले पर परिषद की अंतिम बैठक बुलाए जाने के बाद से यूक्रेन में हालात और खराब हुए हैं। उन्होंने रेखांकित किया, कूटनीति और वार्ता के मार्ग पर लौटने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। तिरुमूर्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रूसी और यूक्रेनी नेतृत्व के साथ अपनी हालिया वार्ता में इस बात की जोरदार वकालत की है। उन्होंने कहा, हम बेलारूस सीमा पर वार्ता करने की दोनों पक्षों की घोषणा का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों समेत भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित है। तिरुमूर्ति ने कहा, सीमा पर जटिल और अनिश्चित हालात के कारण बचाव के हमारे प्रयास बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, परिस्थितियों को समग्र रूप से देखते हुए हमने मतदान से दूर रहने का फैसला किया है। महासभा के 76वें सत्र के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद को जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के 49वें नियमित सत्र में शामिल होना था लेकिन उन्होंने यूक्रेन की वर्तमान स्थिति और सुरक्षा परिषद में होने वाले घटनाक्रम के चलते यात्रा रद्द कर दी है। उन्होंने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत सर्जेई किस्लितस्या से भी मुलाकात की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी मानवाधिकार परिषद के लिए जिनेवा की अपनी यात्रा रद्द कर दी। सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी होता है, लेकिन महासभा के प्रस्ताव का पालन करना कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होता। सभा में मतदान, संकट को लेकर दुनिया की राय का प्रतीक है।

## छात्रों की सकुशल वापसी...

यूक्रेन से स्वदेश लाए जा रहे भारतीयों को विमान में सवार होने से पहले (प्री-बोर्डिंग) आरटी-पीसीआर टेस्ट, कोविड टीकाकरण प्रमाणपत्र और एयर सुविधा पोर्टल पर उसे अपलोड करने जैसे दिशानिर्देशों में छूट दी गई है। भारत ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन में जमीनी हालात बहुत मुश्किल और जटिल होने के बावजूद वह युद्धग्रस्त देश से अपने हर नागरिक को लाएगा, ऐसे में (वहां पर फंसे भारतीय) घबराए नहीं, विदेश मंत्रालय की टीम से सम्पर्क करें तथा सीधे सीमा पर नहीं आएं। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने यूकेन में फंसे भारतीय छात्रों के अभिभावकों को आश्वस्त किया कि सरकार छात्रों को सुरक्षित लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड के विदेश मंत्री बिगन्यू राउ से यूक्रेन की स्थिति पर बातचीत की तथा युद्धग्रस्त यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने में सहयोग के लिए आभार जताया।

## माधवी पुरी बुच बनीं सेबी...

बुच का आईसीआईसीआई समूह में एक लंबा कार्यकाल था और उन्होंने आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तथा आईसीआईसीआई बैंक के बोर्ड में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी काम किया है।

## ओडिशा पंचायत चुनाव में...

सीट हारने के कारणों का विश्लेषण करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री बिशेश्वर टुडू, जिन्होंने मयूरभंज जिले में भाजपा के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया था, ने बीजद पर सरकारी मशीनरी के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाया। टुडू ने कहा, मैं पंचायत चुनाव के नतीजों से हैरान हूं। यह विश्वास करना मुश्किल है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए। बालासोर से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने चुनाव परिणामों को धनबल का प्रतिबिंब बताया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के तहत बीजद सरकार द्वारा स्मार्ट स्वास्थ्य कार्ड का वितरण इस साल के पंचायत चुनावों में बाजी पलटने वाला साबित हुआ।

## ठेकों पर बढ़ा ...

छूट देने के पीछे मंशा यह नहीं थी कि बाजार में कई प्रकार की गलत परंपरा शुरू हो जाए। आबकारी विभाग ने कहा कि सरकार द्वारा दी गई छूट की आड़ में शराब दुकानदार बैनर व होर्डिंग लगा रहे हैं व इंटरनेट मीडिया पर छूट को प्रचारित कर रहे हैं लेकिन दिल्ली सरकार के आबकारी कानून के तहत इसकी अनुमति बिलकुल नहीं है।

इस कारण आबकारी विभाग ने छूट को समाप्त करने संबंधी आदेश की प्रति शराब के सभी लाइसेंस धारकों को भेजी गई है ताकि इसे तुरंत लागू किया जा सके। आदेश के अनुसार छूट समाप्त करने की व्यवस्था तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली में एक व्यक्ति को नौ लीटर शराब या शराब की 12 बोतल खरीदने और रखने का ही अधिकार है। दिल्ली में छूट की स्कीम पिछले एक माह से चल रही थी, दुकानों पर विदेशी शराब पर 30 से 35 प्रतिशत छूट मिल रही थी, तो इंडियन मेड फारेन लीकर (आइएमएफएल) पर एक बोतल के साथ एक बोतल फ्री मिल रही थी। छूट मिलने के कारण करीब 15 फरवरी से दिल्ली में विदेशी शराब की कमी चल रही है। अधिकतर दुकानों पर विदेशी शराब नहीं है, इसका कारण यह है कि जैसे ही शराब दुकानों पर पहुंचती थी लोग पेटी की पेटी खरीद ले जा रहे थे। दिल्ली में चल रही छूट की स्कीम से पड़ोसी राज्यों के लोग भी यहां शराब खरीदने आ रहे थे। पड़ोसी राज्यों में शराब का कारोबार ठंडा पड़ गया था।

## जलवायु के मुद्दे पर बेहद...

रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सामने अगले दो दशक में धरती के तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि के साथ विविध जलवायु खतरे हैं और अस्थाई रूप से भी इसमें वृद्धि ऐसी अतिरिक्त असर डालेगी जिनमें से कुछ को पलटा भी नहीं जा सकेगा। वैज्ञानिकों ने रिपोर्ट में कहा, समाज के लिए खतरे बढ़ेंगे, बुनियादी ढांचों एवं निचले तटीय बस्तियों के लिए संकट खड़ा होगा। अपने संबोधन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव जनरल एंतोनियो गुतारेस ने आगा किया कि आगामी दशक में वैश्विक उत्सर्जन में 14 फीसद वृद्धि की आशंका है जिसके त्रासदपूर्ण परिणाम होंगे।

# यूक्रेन संकट: भारत पर शुरुआती प्रभाव मुद्रास्फीतिक दबाव के रूप में आने की आशंका

**मुंबई।** रूस के यूक्रेन पर हमले का भारत पर शुरुआती प्रभाव मुद्रास्फीतिक दबाव के रूप में आने की आशंका है। इसका कारण देश की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह कहा। उसने कहा कि तेल एवं गैस तथा लौह तथा अलौह धातु जैसे क्षेत्रों को इस प्रवृत्ति से लाभ हो सकता है। वहीं जो क्षेत्र तेल पर निर्भर हैं, उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इन क्षेत्रों में रसायन, उर्वरक, रिफाइनिंग और विपणन शामिल हैं। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, यह देखने वाली बात है कि लड़ाई कबतक चलती है और यूरोप के दूसरे भागों में फैलती है या नहीं है। उसने कहा कि रूस ईंधन, रसायन और धातु का सबसे बड़ा निर्यातक है। जी-7 के ज्यादातर देशों ने रूस पर पाबंदी लगाने की घोषणा की है। इसके जरिए ऊर्जा को छोड़कर व्यापार को सीमित करने का लक्ष्य है। इक्रा की मुख्य अर्थशस्त्री अदिति नायर ने कहा, भू-राजनीतिक तनाव का वृहत प्रभाव कच्चे तेल के दाम में तेजी से पड़ेगा क्योंकि भारत के व्यापार में रूस की कोई बड़ी हिस्सेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल के दाम में तेजी के बावजूद 2022 में अबतक रुपया सीमित दायरे में रहा। लेकिन आने वाले समय में वैश्विक धारणा कमजोर होने के साथ अमेरिकी डॉलर में मजबूती घरेलू रुपए पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इक्रा के अनुसार, रूस की व्यापार में हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है। व्यापार मुख्य रूप से जिंसों में है। मुख्य रूप से धातु और प्राकृतिक गैस की वजह से जिंसों के दाम अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 मार्च 2022







पूर्वी यूक्रेन के मारियुपोल शहर के अस्पताल में गोलाबारी के दौरान घायल हुई एक लड़की पर पैरामेडिक्स के रूप में एक महिला प्रतिक्रिया करती हुई, लड़की नहीं बची, मुस्तैद

## क्विक न्यूज

### सिंगापुर में रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद भारतीय मूल के 70 वर्षीय एक व्यक्ति को सोमवार को चार महीने की जेल की सजा सुनाई गई। इसके अलावा उस पर 900 सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। तेवा राज पलानीसामी नामक व्यक्ति पर आरोप है कि उसने नेशनल पार्क्स बोर्ड (एनपार्क्स) के एक उप-ठेकेदार के व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने के बदले में सिंगापुर और मलेशिया के पड़ोसी जोहोर राज्य के बीच छह मुफ्त यात्राओं को स्वीकार किया था।

### नेपाली संसद के एमसीसी को मंजूरी देने पर चीन ने अमेरिका से नेपाल की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा

**बीजिंग।** अमेरिका द्वारा दी जाने वाली 50 करोड़ डॉलर की अनुदान राशि समझौते को नेपाल की संसद की ओर से स्वीकृति प्रदान किए जाने से नाराज चीन ने सोमवार को कहा कि वाशिंगटन को दबाव की कूटनीति से अन्य देशों की संप्रभुता को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। बीजिंग को चौंकाने वाले कदम के रूप में, नेपाल की संसद ने रविवार को अमेरिका द्वारा पोषित 50 करोड़ डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कारपोरेशन (एमसीसी) को मंजूरी प्रदान की। इस पर कई महीने से नेपाल में चर्चा और विरोध हो रहा था तथा अमेरिका ने 28 फरवरी की समयसीमा तय की थी।

### संयुक्त राष्ट्र की नई विज्ञान रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बयां किया जाएगा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक नई विज्ञान रिपोर्ट लोगों और धरती पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को बयां करेगी। साथ ही, यह भी सुझाव देगी कि अगर समय रहते नेताओं ने ध्यान दिया तो कुछ नुकसानदेह प्रभावों को टाला या कम किया जा सकता है। एक वैज्ञानिक ने इसे योर हाऊस इज ऑन फायर रिपोर्ट कहा है। हालांकि, इस तरह की रिपोर्ट वैज्ञानिकों और वैश्विक नेताओं को अक्सर ही निराश करने वाली होती हैं, लेकिन इसका उद्देश्य लोगों का उत्साह फीका करना कतई नहीं है। जर्मन वाइस चांसलर और अर्थव्यवस्था एवं जलवायु मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने कहा कि यह वास्तव में उम्मीद जगाने के लिए है, ना कि निराशा लाने के लिए।

### वुहान के बाजार में जानवरों में हुई थी कोविड-19 महामारी की उत्पत्ति : अध्ययन

**वाशिंगटन।** दो नए अध्ययनों से यह संकेत मिलते हैं कि कोविड-19 का कारक सार्स-सीओवी-2 वायरस की उत्पत्ति वुहान के हुआनान सीफूड मार्केट में जानवरों में हुई और 2019 के अंत में इसका प्रसार इंसानों में हुआ। पहला अध्ययन में यह दिखाने के लिए स्थानिक विश्लेषण का उपयोग किया गया कि दिसंबर 2019 में सबसे शुरू में कोविड-19 के जिन मामलों का उपचार किया गया वे वुहान के बाजार पर केंद्रित थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि वायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाले पर्यावरणीय नमूने जीवित जानवरों को बेचने वाले विक्रेताओं से दृढ़ता से जुड़े थे। अमेरिका स्थित एरिजोना विश्वविद्यालय में एक प्रोफेसर माइकल वोरोबे ने ट्वीट किया, हमने दिसंबर 2019 में लक्षण की शुरुआत के साथ वुहान से अधिकांश ज्ञात कोविड-19 मामलों के लिए अक्षांश और देशांतर निकालने के लिए सार्स-सीओवी-2 की उत्पत्ति पर विश्व स्वास्थ्य संगठन मिशन की रिपोर्ट में मानचित्रों का उपयोग किया।

### टोही उपग्रह के लिए कैमरों की जांच की है: उत्तर कोरिया

**सोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा कि उसने टोही उपग्रह में लगाने के लिए कैमरों की जांच की है। उत्तर कोरिया का यह बयान इस बात का संकेत देता है कि वह लंबी दूरी वाले रॉकेट के परीक्षण की योजना बना रहा है और इसके माध्यम से अपने हथियारों के जखीरे को आधुनिक बनाएगा। उत्तर कोरिया पर ऐसे किसी भी परीक्षण पर प्रतिबंध लगा है।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट क्षेत्र में भीषण बाढ़, आठ लोगों की मौत

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में भारी बारिश के बाद पानी भर गया है। पूर्वी तट के इलाकों में आई बाढ़ के कारण अब तक आठ लोगों की मौत हो गई है। ब्रिसबेन और उसके आसपास के इलाकों में 2011 के बाद आई यह सबसे भीषण बाढ़ है। उस साल मूसलाधार बारिश के कारण 26 लाख की आबादी वाला शहर सैलाब के पानी में डूब गया था और इसे एक सदी में होने वाली घटना करार दिया गया था। क्वींसलैंड राज्य पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय एक व्यक्ति सोमवार को ब्रिसबेन के दक्षिण में गोल्ड कोस्ट शहर में बाढ़ के पानी में डूब गया, जिस दौरान यह घटना हुई वह अपनी कार से जा रहा था। पुलिस के बयान के मुताबिक, इस व्यक्ति और उसके कुत्ते का शव पानी में डूबी कार से कुछ घंटे बाद बरामद कर लिया गया। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि ब्रिसबेन में 59 वर्षीय एक व्यक्ति रविवार को पैदल ही छोटी नदी पार करने करने की कोशिश कर रहा था जिस दौरान वह डूब गया।

## हमले के बाद यूक्रेन में जमीनी हालात

### 16 बच्चों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा है कि रूस के हमले में यूक्रेन के 16 बच्चों की मौत हो गई है और 45 अन्य घायल हो गए हैं। राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को एक वीडियो संदेश में कहा, कब्जा करने वालों द्वारा किए गए हर अपराध, गोलाबारी हमारे भागीदारों और हमें और भी करीब लाती है। उन्होंने रूस पर पश्चिम देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की सराहना करते हुए कहा कि इन से रूसी मुद्रा गिरी है। ज़ेलेंस्की ने यूरोपीय संघ से सदस्यता के लिए त्वरित विशेष मार्ग प्रशस्त करने को कहा। ज़ेलेंस्की ने दावा किया कि 4,500 से अधिक रूसी सैनिक मारे गए है। उन्होंने रूसी सैनिकों से हथियार डाल देने और चले जाने का आह्वान किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, आप कमांडरों पर भरोसा मत करो, अपने दुष्प्रचार पर भरोसा मत करो, बस अपनी जान बचाओ।

**जिनेवा:** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार परिषद यूक्रेन की स्थिति पर तत्काल बहस करने को सहमत हो गई है। मानवाधिकार परिषद ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर रूस के हमले के मद्देनजर आपातकालीन बहस के मामले पर विचार करने के साथ वर्ष की अपनी पहली बैठक की थी। यह बहस बृहस्पतिवार को हो सकती है। मानवाधिकार परिषद का सत्र यह एक अप्रैल तक चलेगा।

**मैड्रिड:** स्पेन के विदेश मंत्री ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का देश के परमाणु बलों को हाई अलर्ट पर रखने का आदेश पुतिन की पूर्ण तर्कहीनता का एक और संकेत है। जोस मैनुएल अल्बेर्स ने सोमवार स्पेन के राष्ट्रीय रेडियो से कहा कि वह उम्मीद करते है कि यह सिर्फ शब्द हो लेकिन इस धमकी का इस्तेमाल करना दिखता है कि पुतिन की तर्कहीनता अकल्पनीय स्तर तक पहुंच गई है। अल्बेर्स ने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या स्पेन, अन्य यूरोपीय संघ के सदस्यों की तरह, यूक्रेन को हथियार या अन्य सैन्य सहायता भेजने के लिए तैयार है? स्पेन की सरकार ने सप्ताहांत में 20 टन मानवीय सहायता और सैन्य रक्षात्मक उपकरण यूक्रेन भेजे थे। यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश नीति प्रमुख जे बोरेल ने एक निजी रेडियो स्टेशन से कहा कि पुतिन का निर्देश गैर जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है।

**प्रेज्मिस्ल (पोलैंड):** युद्धग्रस्त यूक्रेन से भाग रहे शरणार्थियों को ट्रेन पोलैंड तथा अन्य देश लेकर पहुंच रही है। पौलेंड के सीमा गार्ड ने कहा कि बृहस्पतिवार से अबतक यूक्रेन से करीब 2.13 लाख से लोग पोलैंड में प्रवेश कर चुके है। रूस ने बृहस्पतिवार को ही यूक्रेन पर हमला किया था। एक अन्य ट्रेन यूक्रेन से सैकड़ों शरणार्थियों को लेकर सोमवार तड़के प्रेज्मिस्ल शहर पहुंची जो पोलैंड के दक्षिण पूर्वी हिस्से में है।

### चीन ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का विरोध किया

**बीजिंग।** रूसी के करीबी सहयोगी चीन ने सोमवार को कहा कि वह एकतरफा लगाए गए अवैध प्रतिबंधों का विरोध करता है और वह रूस के साथ सामान्य कारोबारी सहयोग जारी रखेगा। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों द्वारा स्विफ्ट वैश्विक भुगतान प्रणाली से रूसी बैंकों को बाहर करने के साथ ही अमेरिका और यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ सख्त प्रतिबंध लगा दिए है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि चीन समस्याओ को सुलझाने के लिए प्रतिबंधों का उपयोग करने के कदम का विरोध करता है, खासकर ऐसे प्रतिबंध जो एकतरफा लगाए गए है और जिनका अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत कोई आधार नही है।

### ऋषि सुनक ने रूस पर बैंकिंग प्रतिबंध लगाए

**लंदन।** बैंक ऑफ इंग्लैंड के साथ-साथ ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के जवाब में सेंट्रल बैंक ऑफ रशियन फेडरेशन (सीबीआर) को सोमवार को निशाना बनाते हुए और अधिक आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने की योजना की घोषणा की। वत्त विभाग ने कहा है कि ब्रिटेन का यह कदम सीबीआर को अपने विदेशी भंडार को बढ़ाने से रोकने और रूसी मुद्रा रूबल को कमजोर करने के लिए है।

# यूक्रेन में लड़ाई अवश्य रुकनी चाहिए : गुतारेस

### रूसी परमाणु बलों को हाई अलर्ट पर रखा जाना रोंगटे खड़े कर देने वाला घटनाक्रम : संरा प्रमुख

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को कहा कि रूसी परमाणु बलों को हाई अलर्ट पर रखा जाना रोंगटे खड़े कर देने वाला घटनाक्रम है और परमाणु युद्ध की कल्पना मात्र भी नहीं की जा सकती। उन्होंने उम्मीद जताई कि यूक्रेन और रूस के बीच वार्ता का सार्थक परिणाम लड़ाई रोकने के रूप में आएगा। गुतारेस ने यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक आपात एवं विशेष सत्र में कहा, यूक्रेन में लड़ाई अवश्य रूकनी चाहिए। यह पूरे देश में जारी है। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने परमाणु बलों को हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया है। इस घटनाक्रम ने यूक्रेन संकट के परमाणु युद्ध की ओर बढ़ सकने का अंदेशा और चिंता बढ़ा दिया है। गुतारेस ने कहा, हम यूक्रेन के लिए त्रासदी का सामना कर रहे हैं। साथ ही, हम सभी पर पड़ने वाले संभावित विनाशकारी प्रभाव के साथ एक बड़े क्षेत्रीय संकट का भी सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, परमाणु युद्ध की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परमाणु आयुध के इस्तेमाल को किसी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। गुतारेस ने कहा कि बढ़ती हिंसा से बच्चों सहित आम आदमी की हो रही मौतें बिल्कुल ही अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा, बस अब बहुत हो गया। सैनिकों को बैरक में लौटने की जरूरत है। नेताओं को शांति कायम करने की जरूरत है। आम आदमी की अवश्य रक्षा की जाए। गुतारेस ने कहा कि यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता ओर क्षेत्रीय अखंडता का अवश्य सम्मान किया जाए। उन्होंने कहा, यूक्रेन पर हमले ने अंतराष्ट्रीय कानून और संरा चार्टर में जड़ें जमाई बहुपक्षीय प्रणाली के समक्ष चुनौती पेश की है। क्षेत्रीय तनाव बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह चिंता भी जताई कि विश्व दशकों में यूरोप की सबसे बड़ी मानवीय और शरणार्थी संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने अमीन अवाद को यूक्रेन के लिए संयुक्त राष्ट्र समन्वय भी नियुक्त किया।



### यूएनजीए अध्यक्ष शाहिद ने तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने सोमवार को कहा कि रूस का सैन्य आक्रमण यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन है। उन्होंने तत्काल युद्धविराम किए जाने और कूटनीति तथा बातचीत के जरिए समस्या का समाधान किए जाने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 सदस्ईय निकाय के यूक्रेन पर आपातकालीन विशेष सत्र की अध्यक्षता करते हुए शाहिद ने यूक्रेन में तेजी से बिगड़ती स्थिति और चल रही सैन्य कार्वाई के बारे मे गंभीर चिंता व्यक्त की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के अध्यक्ष शाहिद ने कहा, रूसी संघ द्वारा सैन्य आक्रमण यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन है और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के खिलाफ है। आज, मै तत्काल युद्धविराम के अपने आह्वान को दोहराता हूं और सभी पक्षों से संयम बरतने और कूटनीति तथा वार्ता के जरिए समस्या को सुलझाने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कूटनीति और संवाद को कायम रखने और हिंसा को रोकने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि चल रहे सैन्य आक्रमण संयुक्त राष्ट्र चार्टर विपरीत है, जो संप्रभु समानता के सिद्धांत पर आधारित है और एक ऐसी दुनिया की रूपरेखा तैयार करता है जहां सदस्य राज्य अपने अंतरराष्ट्रीय विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध मे कोई विजेता नही होता , लेकिन अनगिनत लोगो की जिंदगी चली जाती है। यूक्रेन पर रूस के हमले के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्ईय महासभा का आपातकालीन विशेष सत्र आहूत करने को लेकर रविवार को सुरक्षा परिषद में हुए मतदान में भारत ने भाग नही लिया था, बहरहाल उसने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन संकट को निपटाने के लिए कूटनीति और वार्ता के मार्ग पर लौटने के अलावा कोई और विकल्प नही है। इससे दो दिन पहले यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव को रूस ने वीटो के जरिए बाधित कर दिया था। इस प्रस्ताव के लिए हुए मतदान मे भी भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल नही हुए थे।

### रूस के हमले के बाद पांच लाख से अधिक लोगों ने यूक्रेन छोड़ा: संयुक्त राष्ट्र

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह रूस द्वारा आक्रमण किए जाने के बाद पांच लाख से ज्यादा लोगों ने यूक्रेन छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र के शरणार्थी मामलों के उच्चायोग (यूएनएचसीआर) प्रमुख फिलिपो ग्रांडी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। जिनेवा स्थित यूएनएचआरसी की प्रवक्ता शाबिया मंटू ने कहा कि यूक्रेन के 2,81,000 लोगों ने पोलैंड में प्रवेश किया है और हंगरी में 84,500 से अधिक, मोल्दोवा में लगभग 36,400, रोमानिया में 32,500 से अधिक लोगों तथा स्लोवाकिया में लगभग 30,000 लोग पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि शेष लोग अन्य देशों में गए हैं। यूक्रेन से सैकड़ों शरणार्थियों को लेकर एक और ट्रेन सोमवार तड़के दक्षिण-पूर्वी पोलैंड के प्रेजेमिस्ल शहर पहुंची।

### रूस के कई मीडिया प्रतिष्ठानों की वेबसाइट हैक, कई को रूस सरकार ने किया अवरुद्ध

**मॉस्को।** रूस के कई मीडिया संस्थानों की वेबसाइट सोमवार को हैक हो गईं जिसमें यूक्रेन पर मॉस्को के हमले की निंदा करने वाला संदेश उनके मुख्य पेज पर दिखाई दे रहा था, जबकि कई अन्य को रूसी अधिकारियों ने युद्ध की कवरेज को लेकर अवरुद्ध कर दिया था। मीडिया को निशाना बनाना आम रूसियों के बीच बढ़ती युद्ध-विरोधी भावना का संकेत देता है, भले ही यह पता नहीं है कि हैकिंग के लिए कौन जिम्मेदार है। इससे असंतोष को दबाने के लिए सरकार के लगातार जारी प्रयास का प्रमाण भी मिलता है। रूस के सरकारी संचार और मीडिया वाचडॉग रोसकोम्नाडज़ोर ने आक्रमण की कवरेज को लेकर कई रूसी और यूक्रेनी मीडिया संस्थानों को अवरुद्ध कर दिया। रूस की पत्रिका द न्यू टाइम्स, जो क्रेमलिन की खुले तौर पर आलोचना करती रही है, को यूक्रेन में रूस के सैनिकों के हताहत होने संबंधी विवरण देने की वजह से अवरुद्ध कर दिया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने अपने सैनिकों के हताहत होने संबंधी विवरण का खुलासा नहीं किया है। पूरे रूस में पिछले चार दिनों से आक्रमण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

# यूरोप यूक्रेन के शरणार्थियों का स्वागत कर रहा है

### लेकिन यह रुख अन्य शरणार्थियों के लिए नहीं है

भाषा। बार्सिलोना

**यूक्रेन में** रूस के हमले के बाद लाखों लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में पड़ोसी मुल्कों का रुख कर रहे हैं और उनका पोलैंड, हंगरी, बुल्गारिया, मोल्दोवा और रोमानिया जैसे देशों के नेता स्वागत भी रहे हैं।

मगर युद्ध के माहौल में जब पश्चिम एशिया और अफ्रीका, खासकर 2015 में सीरिया से प्रवासी पहुंचे थे तो उनके साथ इस तरह का सुलूक नहीं किया गया था। कुछ नेताओं की भाषा तो उन्हें आहत करने वाली थी। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री किरिल पेटकोव ने पत्रकारों से कहा कि यूक्रेन के लोग शरणार्थी नहीं हैं, बल्कि यूरोपीय हैं। उन्होंने कहा कि ए लोग बुद्धिमान हैं, शिक्षित लोग हैं, ए शरणार्थियों की लहर नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की पहचान और अतीत का पता नहीं होता है, वे आतंकवादी भी हो सकते हैं। पेटकोव ने कहा कि यूरोप का एक भी देश शरणार्थियों की मौजूदा लहर से नहीं डर रहा है। सीरियाई पत्रकार ओ मोहम्मद का कहना है कि ए बयान नस्लवाद और इस्लामोफोबिया का मिश्रण है। मोहम्मद 2018 में सीरिया के अपने गृह नगर दरा से भाग गए थे। वह स्पेन में अन्य सीरियाई शरणार्थियों के साथ रहते हैं। उन्होंने अरबी और स्पेनिश में पहली द्विभाषाई पत्रिका की स्थापना की है।



### यूक्रेन में फंसे अपने छात्रों को निकालने के रास्ते तलाश रहा चीन

भाषा। बीजिंग

**यूक्रेन में फंसे** अपने 6000 से अधिक छात्रों को निकालने में देरी से पैदा हुए विवाद के बीच चीन पूर्वी यूक्रेन में अपने विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंता के चलते उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए चार्टर्ड उड़ानों के संचालन जैसी वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करने में लगा है। चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि चीन ने आपातकालीन समन्वय तंत्र शुरू किया है और चीनी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखा है। दूतावास ने बताया कि नागरिकों को निकालने के लिए वैकल्पिक योजनाओं पर भी विचार कर रहा है।

# जॉनसन ने यूक्रेन के नागरिकों के रिश्तेदारों को ब्रिटेन का वीजा देने की पेशकश की

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन के नागरिकों के रिश्तेदारों को ब्रिटेन का वीजा देने की पेशकश की है। जॉनसन ने घोषणा की है कि रूसी आक्रमण के बाद देश छोड़ रहे यूक्रेन के ऐसे लोग ब्रिटेन में आ सकते हैं जिनके परिवार के सदस्य पहले से ही ब्रिटेन में बसे हुए हैं। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि इससे उन हजारों लोगों को लाभ होगा जो इस समय अपने भविष्य के बारे में विकल्प तलाश रहे हैं। जॉनसन ने कहा, यूक्रेन में संकट की इस घड़ी में ब्रिटेन मुंह नहीं मोड़ेगा। हम यूक्रेन के उन लोगों की मदद करने के लिए हरसंभव आर्थिक और सैन्य सहायता प्रदान कर रहे हैं जो अपने देश की रक्षा के लिए सबकुछ खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा, दुनिया ने ताकत के दम पर यूक्रेन के लोगों की स्वतंत्रता को खत्म करने की कोशिश कर रहे लोगों को जवाब देते हुए यूक्रेनी नागरिकों की बहादुरी और वीरता का जबरदस्त प्रदर्शन देखा है। यूक्रेन से संबंधित नई वीजा नीति के अधिक विवरण की घोषणा इस सप्ताह संसद में की जाएगी।



### न्यूयार्क ने दिया रूस पर प्रतिबंध का आदेश, यूक्रेन के शरणार्थियों का स्वागत : होचुल

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने रूस में निवेश सहित उसके साथ कारोबार पर प्रतिबंध लगाने वाले एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया है। होचुल ने रविवार को अल्बानी में संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि रूसी हमले के कारण यूक्रेन से भागकर यहां आने वाले शरणार्थियो का न्यूयॉर्क स्वागत करेगा, क्योंकि अमेरिका में रहने वाले यूक्रेनवासियो मे सबसे अधिक उनके प्रांत मे रहते है। न्यूयॉर्क की पहली महिला गवर्नर होचुल ने कहा, हम यूक्रेन के लोगों के साथ खड़े है।

**PUBLIC NOTICE**
**FOR LOST OF DOCUMENTS**
To be known to all that I, **Sagun Bhayana** S/o Late Sh. Sanjeev Bhayana, **R/o E-10, E Block, Bali Nagar, Ramesh Nagar, West Delhi-110015**, have lost his original property Documents i.e. Perpetual Lease Deed and 'D' Form in respect of the Property Bearing No.- T-2/198, Mangolpuri Industrial Area Phase-I, New Delhi, have been lost, an NCR Vide LR No: 165225/2022 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi. Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No. 9891502200 within **15 days** from the date of publication of this notice.

# रूस ने 36 देशों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद किया

भाषा। मॉस्को

**रूस ने यूरोपीय** देशों और कनाडा सहित 36 देशों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। इससे पहले इन देशों ने अपना हवाई क्षेत्र रूस के सभी विमानों के लिए बंद कर दिया था। रूस की सरकारी विमानन एजेंसी ने इसकी घोषणा की। इससे पहले यूरोपीय संघ एवं कनाडा ने यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था।

**कोपेनहेगन ( डेनमार्क ):** डेनमार्क, ब्रिटेन, जर्मनी, स्पेन और पुर्तगाल सहित कई पश्चिमी देशों में यूक्रेनी दूतावासों की वेबसाइट डाउन (खुल नहीं रही थीं) दिखाई दीं। नॉर्वे के ओस्लो में यूक्रेनी दूतावास ने सोमवार को डेनमार्क के प्रसारक डीआर को बताया कि उन्हें संदेह है कि साइबर हमले के कारण ई समस्या हो सकती है। डीआर ने कहा कि यूक्रेन के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट भी डाउन हो गई है। नॉर्वे की दिग्गज तेल कंपनी इक्विनोर एएसए का कहना है कि उसने रूस में नए निवेश को रोकने और विनिवेश का फैसला किया है।

### बेलारूस में अमेरिकी दूतावास बंद

**वाशिंगटन:** विदेश विभाग ने बेलारूस मे अमेरिकी दूतावास को बंद कर दिया है और यूक्रेन मे युद्ध के कारण रूस मे अमेरिकी दूतावास में गैर-जरूरी कर्मचारियो को देश छोड़ने की अनुमति दे रहा है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को एक बयान मे मिन्स्क दूतावास मे कामकाज को स्थगित करने और मास्को से कर्मचारियो को जाने की इजाजत देने की घोषणा की। उन्होने कहा कि यह कदम सुरक्षा मुद्दो की वजह से उठाया है।

**मॉस्को:** रूस की सेना ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्देश के मुताबिक परमाणु रोधी बलो को हाई अलर्ट पर कर दिया गया है। रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने पुतिन को बताया है कि रूस के सभी परमाणु बलो के कमांड पोस्ट मे अतिरिक्त कर्मियो को तैनात किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हाई अलर्ट की स्थिति रूसी परमाणु बलो के सभी घटको पर लागू होती है जिसमे रणनीतिक मिसाइल बल, उत्तरी और प्रशांत बेडे भी शामिल है।

**लिथुआनिया:** लिथुआनिया का कहना है कि वह चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत रूस और बेलारूस द्वारा मानवता के खिलाफ कथित युद्ध अपराधों और अपराधों की जांच करे। बाल्टिक देश की न्याय मंत्री एवेलिना डोब्रोवोलस्का ने कहा कि प्रस्ताव नीदरलैंड के हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को भेजा गया है।

**सोल ( दक्षिण कोरिया ):** दक्षिण कोरिया का कहना है कि वह रूस को हथियारों और मिसाइल से संबंधित प्रौद्योगिकियों सहित सामरिक सामग्री के निर्यात पर प्रतिबंध लगाएगा और अहम वैश्विक भुगतान प्रणाली से प्रमुख रूसी बैंकों को बाहर करने का समर्थन करेगा।



लंदन में ट्राफलगर स्क्वायर में विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां और यूक्रेन के झंडे पकड़े हुए

**Public Notice**
This is to inform general public that Mr. Rajesh Bhardwaj has acquired the Portion of Plot No. 197, area measuring 50 Sq. yds.,(15'*30'), out of Khasra No. 158, Situated in the Revenue Estate of Village Nawada, Delhi, colony Knowns as Vipin Garden, New Delhion POA basis vide Notarized GPA, ATS and Will dated 24.07.2002, executed by Mr. Subhash Sharma, and Now, Mr. Rajesh Bhardwaj is intending to sell the above said property to Mrs. Suman Swami vide Sale Deed. Further Mrs. Suman Swami is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd.& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

# विविध

टॉकटाइम

## मिहिर गुलाटी

*सैयान जी, बिल्लो तू अग्ग और कांटा लगा जैसे संगीत वीडियो निर्देशित करने के लिए लोकप्रिय होने वाले, निर्देशक, मिहिर गुलाटी - जिनका हाल ही में जैकलीन फर्नांडीज और मिशेल मोरोन स्टारर म्यूजिक वीडियो मुड़ मुड़ के सामने आया है - सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में अपने अनुभव व अन्य चीजों के साथ अपनी यात्रा की चर्चा कर रहे हैं*

# 90 का इंडी पॉप मेरे लिए असली गेम-चेंजर था



**■ मुड़ मुड़ के बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। ट्रैक का निर्देशन करते समय निर्माताओं द्वारा आपको क्या संक्षिप्त जानकारी दी गई थी ?**

मुड़ मुड़ के किसी भी निर्देशक के लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। अलग-अलग दुनियाओं की दो सबसे बड़ी वैश्विक हस्तियां एक म्यूजिक वीडियो के लिए एक साथ आ रही हैं, फिर भी यह वास्तविकता से बहुत दूर लगता है। जब अंशुल गर्ग (देसी म्यूजिक फैक्ट्री) ने वीडियो निर्देशित करने के लिए मुझसे संपर्क किया, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हम बहुत बड़ी स्टार कास्ट के साथ काम कर रहे थे। जब निष्पादन की बात आती है तो हमें लगा कि कहानी एक मुश्किल थी, क्योंकि हमारे पास कलाकारों द्वारा दी गयी केवल दो तिथियां थीं। ये दोनों ही कमाल के कलाकार हैं जिनके साथ काम करना है। बहुत ही पेशेवर और विनम्र। वे इस वीडियो को बनाने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल गए।

**■ इस गाने से मिशेल मोरोन और जैकलीन फर्नांडीज जैसे बड़े नाम जुड़े हैं। एक निर्देशक के रूप में, शानदार परिणाम प्राप्त करने के लिए आपने किन कारकों को ध्यान में रखा ?**

पहले हमें इस गाने की शूटिंग दिल्ली में करनी थी, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से शूटिंग से 3-4 दिन पहले ही लोकेशन दुबई

> हमने वीडियो में मिशेल के 365 दिन के किरदार को भी दिखाया है ताकि दर्शक आसानी से उससे जुड़ सकें। हम वीडियो में हमेशा से वो ग्लैम फैक्टर चाहते थे, जो सिर्फ जैकलीन के द्वारा ही किया जा सके! उसने इसे बखूबी करके दिखाया।

शिफ्ट कर दी गई। स्काउटिंग लोकेशन से लेकर, इतने बड़े क्रू को मैनेज करने से लेकर, कास्ट फाइनल करने तक और फ्रेश लोकेशन के हिसाब से क्रिएटिव प्लानिंग करने तक, सब कुछ उन 48 घंटों में हुआ। जब आप इतने बड़े नामों के साथ काम कर रहे होते हैं तो किसी भी निर्देशक के लिए यह अतिरिक्त दबाव हमेशा बना रहता है। अपने प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरना एक बड़ी जिम्मेदारी थी। अवधारणा को डिजाइन करते समय, हमने सुनिश्चित किया कि यह उनके लिए जोशपूर्ण और रोमांचकारी हो। उन्हें उस ताजगी और चुनौती को महसूस करना चाहिए जो हम मेज पर ला रहे हैं। हम न केवल भारतीय दर्शकों के लिए, बल्कि एक विशाल अंतरराष्ट्रीय दर्शकों की भी केटरिंग कर रहे थे, इसलिए हमें वीडियो के लुक और फील को बरकरार रखना था। हमने वीडियो में मिशेल के 365 दिन के किरदार को भी दिखाया है ताकि दर्शक आसानी से उससे जुड़ सकें। हम वीडियो में हमेशा से वो ग्लैम फैक्टर चाहते थे, जो सिर्फ जैकलीन के द्वारा ही किया जा सके! उसने इसे बखूबी करके दिखाया।

**■ मॉरोन और फर्नांडीज के साथ काम करते हुए अपने अनुभव के बारे में बताएं ?**

एक अंतर्राष्ट्रीय नेटफ्लिक्स स्टार होने के नाते, मोरोन बहुत समझदार और पेशेवर थे। उनके साथ काम करना मेरे और मेरी टीम के लिए सीखने जैसा था। हमने शूटिंग के दौरान खूब मस्ती की और वे बीच-बीच में चुटकुले भी सुनाते रहे। मैंने उन्हें पंजाबी और हिंदी भी सिखाई, जो काफी मजेदार थी।

फर्नांडीज के बारे में बात करें तो, ऐसा कभी नहीं लगा कि मैं बॉलीवुड की सुपरस्टार को निर्देशित कर रहा हूं, वह बहुत जमीन से जुड़ी थीं और मुझ पर पूरा विश्वास करती थीं। उन्होंने गाने में अपनी भूमिका निभाई। शूटिंग के दौरान, वह बिना किसी स्टंट डबल के, गाने में कार चेज सीक्वेंस के लिए फेरारी चलाने के लिए तैयार हो गईं। न केवल वह बहुत आत्मविश्वासी थी, बल्कि उन्होंने इसे बहुत सहज सा जैसा बना दिया।

**■ आप इससे पहले सैयां जी, बिल्लो तू अग्ग और कांटा लगा जैसे गानों के म्यूजिक वीडियो का निर्देशन कर चुके हैं। हमें अपनी यात्रा के बारे में बताएं।**

मेरा संगीत वीडियो का सफर बचपन से ही शुरू हो गया था। 90 का इंडी पॉप मेरे लिए एक वास्तविक गेम चेंजर था और उस समय के संगीत वीडियो मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थे। यहीं से मैंने फिल्म निर्माण और संगीत वीडियो के प्रति अपनी रुचि विकसित करना शुरू किया।

मैंने एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। मैंने बतौर कॉपीराइटर अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन उस दौरान दिल्ली में ज्यादा मौके नहीं मिले। एक साल के संघर्ष और कई साक्षात्कारों के बाद, मैं अपने कॉलेज जूनियर हितेश से मिला, जो मेरे बिजनेस पार्टनर हैं और अब हमारे सभी वीडियो संपादित करते हैं। हमने एक डांस स्कूल के लिए एक वेब विज्ञापन फिल्म बनाई और फिर अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया। हम विभिन्न कलाकारों और ब्रांडों के लिए घटनाओं की फिल्में तथा वेब सामग्री बनाते थे।

मैंने स्टार प्लस के लिए दो रियलिटी शो भी किए। 2016 में, वेब के लिए बहुत सारी सामग्री तैयार करने के बाद, मुझे आखिरकार यो यो हनी सिंह से उनके कमबैक वीडियो मखना पर एक रचनात्मक निर्देशक बनने का कॉल आया। विभिन्न संगीत वीडियो पर एक रचनात्मक निर्देशक के रूप में तीन साल तक काम करने के बाद, मुझे यो यो हनी सिंह के लिए एक संगीत वीडियो, बिल्लो तू अग्ग को निर्देशित करने का पहला ब्रेक मिला और बाकी इतिहास है।

**■ फिल्मों के निर्देशन की कोई योजना ?**

मैं अभी कई वीडियो पर काम कर रहा हूं। लेकिन मैं एक पूर्ण फीचर फिल्म निर्देशित करने से पहले एक वेब सीरीज या वेब सामग्री निर्देशित करने के लिए तैयार हूं। हम पहले से ही स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं और इसके लिए मैं कई स्क्रिप्ट राइटर्स के संपर्क में हूं। उम्मीद है कि मैं इस पक्ष का भी पता लगाने में सक्षम होऊंगा।

**■ आपके आगामी प्रोजेक्ट्स क्या हैं ?**

कई सारे संगीत वीडियोज में, जैसा कि मुझे लगता है कि भारत में अभी भी उस उन्नत दृश्य की कमी है। अगर म्यूजिक वीडियो की बात करें तो मैं हमेशा भारत को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर रखना चाहता था। मुझे लगता है कि भारतीय संगीत का परिदृश्य अब वैश्विक होना चाहिए और हमें और ज्यादा अंतरराष्ट्रीय सहयोग करना चाहिए। मैं एक वेब सीरीज का निर्देशन करने और पहले से ही एक स्क्रिप्ट पर काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

# जोडिएक

## यहां खाने के 12 कारण

> जोडिएक ग्रिल पिछले कुछ वर्षों में लोगों की यादों का आईना रहा है। यह चाहे विशिष्टता हो या बिना कीमत का मेनू या कोई ऐसा व्यंजन जो इस दुनिया से इतर हो, यह जादू से कम बिलकुल भी नहीं है जो पेश किया जाता है। इस जादू को द चैंबर्स एट ताजमहल, नई दिल्ली में फिर से बनाया गया, जहां कला परिवार व दोस्तों के साथ व्यंजन-उत्सव से मिलती है।

जो लोग विलाप करते रहते हैं कि उन्हें अभी तक बढ़िया भोजन का अनुभव नहीं हुआ है, उन्हें भोजन के संबंध में ताउम्र यादगार अनुभव के लिए राजधानी में ताजमहल के कक्षों में जाने की जरूरत है

जब भोजन की बात आती है, तो हम सभी पारखी होते हैं। हम में से प्रत्येक के पास आरामदायक भोजन की एक अलग परिभाषा है। लेकिन जब बढ़िया खाने की बात आती है, तो एक बेंचमार्क होता है। और जब तक व्यंजन उस मानदंड पर खरा नहीं करते हैं, तब तक इसे कुछ ऐसा ठहराया जा सकता है जो सामान्य से इतर है। खाने का एक अच्छा अनुभव है - सितारों में लिखा एक उत्सव। यही वो खूबी है जो जोडिएक ग्रिल नाइट्स का लक्ष्य है - यानी उन सभी को मंत्रमुग्ध करना जो भोजन से प्यार करते हैं।

जोडिएक ग्रिल पिछले कुछ वर्षों में लोगों की यादों का आईना रहा है। यह चाहे विशिष्टता हो या बिना कीमत का मेनू या कोई ऐसा व्यंजन जो इस दुनिया से इतर हो, यह जादू से कम बिलकुल भी नहीं है जो पेश किया जाता है। इस जादू को द चैंबर्स एट ताजमहल, नई दिल्ली में फिर से बनाया गया, जहां कला परिवार व दोस्तों के साथ व्यंजन-उत्सव से मिलती है।

यहां 12 कारण बताए जा रहे हैं कि आज द चैंबर्स का दौरा करना क्यों जरूरी बनता है।

**प्रस्तुति : एक कहावत है :** आप पहले अपनी आंखों से खाते हैं। एक डिश स्वादिष्ट हो सकती है लेकिन अगर यह पर्याप्त आकर्षक नहीं लगती है, तो कोई भी इसे आजमाने वाला नहीं है। लेकिन निश्चित रूप से, द चेम्बर्स में, यह सब प्रस्तुति के बारे में है। जिस तरह से टेबल रखी जाती है, जिस तरह से हर डिश आपके सामने आती है, सारा अनुभव नजरों के लिए एक दावत है। यह दुर्लभ है कि आप, विशेष रूप से भारत में, औपचारिक रूप से रखी गई तालिका देखते हैं। चमकदार कटलरी से लेकर जगमगाते वाइन ग्लास तक, यह गो शब्द से निकला जादू है।



Camembert Dariole



Kalhua Mousse





Tiger Prawn Roulade

**स्वाद :** जब प्रस्तुति में इतनी सावधानी और मेहनत की गई हो तो आपके सामने रखे व्यंजन बेस्वाद होने का प्रश्न ही नहीं उठता है। द अम्यूज बाउशे, एक सिंगल है, काटने के आकार का वन बाइट एपिटाइजर है जिसे मुफ्त में परोसा जाता है और अकेले शेफ के चयन के अनुसार, अद्भुत है। हालांकि यह कौर के आकार का है, मगर यह एक और के लालच की स्थिति में छोड़ जाता है। इस मामले में, यह भूख को बढ़ाता है। जेम लेट्यूस, हॉर्स रैडिश और बटर राई ब्रेड के साथ गर्म स्मोक्ड सैल्मन सलाद चमकीले रंगों और स्वाद का एक आदर्श संयोजन है। मांसाहारी लोगों के लिए ट्रफल पीट के साथ परोसा जाने वाला डक कन्सोम निश्चित रूप से एक खुशी की बात है। लेकिन अगर डक या बत्तख आपका पसंदीदा व्यंजन नहीं है, तो शेफ आपको चिकन व्यंजन दे सकता है। या मुरमुरे के साथ भुना हुआ मक्की का चावडर भी ले सकते हैं। लेकिन खुशी की बात यह है कि टाइगर प्रॉन रौलाडे को स्क्वीड इंक एंजेल हेयर पास्ता और केसर वेलोटे के साथ परोसा जाता है।

**नवीनता :** जब आप रेस्तरां में भोजन करते हैं तो एक निश्चित नवीनता मूल्य सामने आता है। एक्जीक्यूटिव शेफआपको बताता है कि कुछ व्यंजन मुंबई के जोडिएक ग्रिल में परोसे गए थे, तब से यह करीबी है। यह इन व्यंजनों में नवीनता जोड़ता है - एक अनूठा अनुभव जिसे किसी भी कीमत पर खोया नहीं जाना चाहिए।

**सुगंध :** आंखों के बाद, यह नाक है जो स्वाद कलियों को प्रेरित करती है। प्रत्येक व्यंजन की सुगंध आपको आगे देखने के लिए प्रेरित करती है कि शेफ आपके सामने अब कौन सी अगली डिश रखता है। सबसे अच्छी बात यह है कि प्रत्येक व्यंजन में एक अलग सुगंध होती है जो भोजन समाप्त होने के बाद आपके साथ रहेगी जब व्यक्ति घर वापस आ जाता है।

**शराब:** कोई भी भोजन एक गिलास वाइन के बिना पूरा नहीं होता है। शेफ ने निश्चित रूप से खुद को यहां से बाहर कर लिया है। प्रत्येक विशिष्ट व्यंजन अपने आकार की वाइन के साथ आता है। चाहे वह जीएच मम हो - वो शैंपेन जो पार्टियों और सामाजिक समारोहों के लिए एक अच्छा विकल्प है। नेदरबर्ग सॉविग्नन ब्लैंक एक उत्तम शराब और एक आदर्श संगत है।

**संगीत :** आमतौर पर, जब बढ़िया भोजन की बात होती है, तो यह भोजन और स्वाद व उसके आसपास के समूचे अनुभव की बात होती है। ऐसा कम ही होता है कि व्यक्ति बजने वाले संगीत पर कान भी देता हो। लेकिन कोमल ध्वनि में सैक्सोफोन लाइव बजाना कानों के लिए एक उत्सव है। वाद्य यंत्र बजाने वाली महिला द्वारा बजाया गया प्रत्येक नोट उत्तम था। उन्होंने जो गीत चुने थे, वे अच्छे पुराने दिनों में ले जाएंगे जब संगीत माधुर्य की प्रचुरता नजर आती थी। गाने निश्चित रूप से आपको साथ में गाने के लिए प्रेरित करेंगे।

**परिवेश :** बाहर भोजन करना परिवेश से संबंध रखना है। बहुत से लोग उस विशेष रेस्तरां में नहीं जाते हैं, जहां खाना चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो मगर उन्हें वहां का माहौल पर्याप्त अच्छा नहीं लगता। यहां ऐसा कोई मसला नहीं है। एक तरफ खिड़की से फर्श तक खिड़कियां और चारों ओर बिखरी हुई टेबल के साथ, यह खुलेपन की भावना देता है। जो लोग आराम से बैठना पसंद करते हैं, उनके लिए 50 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी नियम का पालन करने के बावजूद यहां बहुत कुछ है।

**नजारा :** चोटी से देखने पर उससे ज्यादा खूबसूरत नजारा कुछ नहीं होता है, जो सुंदरता दिल्ली रात में पेश करती है। खिड़कियों से जगमगाते राष्ट्रपति भवन का अद्भुत दृश्य दिखाई देता है। अन्य इमारतों की टिमटिमाती रोशनी के साथ, इस रेस्टोरेंट का नजारा अपने आपमें अनूठा है। वास्तव में, केवल नजारे के लिए रात में यहां जाना चाहिए।

**बढ़िया भोजन :** जो लोग दुख व्यक्त करते हैं कि दिल्ली बढ़िया भोजन की पेशकश नहीं करती है, वे यहां आने की दावत है।

**निजीकृत सेवा :** प्रतीक्षा कर्मचारी अत्यंत विनम्र है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि यहां आपका अनुभव एकदम उत्तम हो।

**विशिष्ट व्यंजन या सिग्नेचर डिश :** कोई भी भोजन तब तक पूरा नहीं होता जब तक कि शेफ सिग्नेचर डिश नहीं देता। क्रीमी चीज सॉस के साथ, जोडिएक ग्रिल की सिग्नेचर डिश, कैमेम्बर्ट डारियोल कमाल की है।

**मिठाई :** हर भोजन एक मीठे नोट पर समाप्त होना चाहिए। एसिएट डे डेजर्ट - कहलुआ मूसे - उस रात दावत को समाप्त करने का एक शानदार तरीका है।

# टेली कथा

## मैडम सर के दो साल पूरे



सोनी सब के मैडम सर के कलाकारों और टीम के पास जश्न मनाने का एक कारण है, क्योंकि शो ने अपने सफल प्रदर्शन के दो साल पूरे कर लिए हैं। गुल्की जोशी, युक्ति कपूर, भाविका शर्मा और सोनाली नाइक द्वारा अभिनीत, शो, जिसका प्रीमियर फरवरी 2020 में हुआ, ने लगातार अपनी जज्बात भरी केस सॉल्विंग कहानियों के साथ दर्शकों का दिल जीता है। एसएचओ हसीना मलिक की भूमिका निभा रही गुल्की जोशी कहती हैं, ''मैडम सर का हिस्सा बनकर मुझे बेहद गर्व और खुशी हो रही है। शो ने हमें अभिनेताओं के रूप में अपने विभिन्न रंगों को प्रदर्शित करने का मंच दिया है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे इतनी अच्छी कास्ट और टीम मिली, जो मुझे लगातार सपोर्ट करती रही। दो साल पूरे करने पर मैडम सर को बधाई!''

## कॉप की टोपी में अभिनेता राज अर्जुन



अभिनेता राज अर्जुन, जिन्होंने सीक्रेट सुपरस्टार, डियर कॉमरेड, वॉचमैन, थलाइवी और कई अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के जरिए एक जगह बनाई है, अब शंकर रमन के लव हॉस्टल में पुलिस की वर्दी पहनकर अपनी किटी में एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और दृश्यम फिल्म्स द्वारा निर्मित, लव हास्टल में बॉबी देओल, विक्रांत मैसी और सान्या मल्होत्रा भी हैं। यह फिल्म जी 5 पर रिलीज हुई है। आर एम वीरप्पन के रूप में अभिनेता की पिछली भूमिका ने हर तरफ से वाहवाही बटोरी और अब वह लव हॉस्टल में एक बहुत ही अलग शैली की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

## परिवारों को एक साथ लाना



कलर्स के नए पारिवारिक नाटक - जिसका सेट चंडीगढ़ में है- स्वरण घर एक अधेड़ उम्र की महिला स्वरण (संगीता घोष द्वारा अभिनीत) और उसके पति कंवलजीत (रोनित बोस रॉय द्वारा अभिनीत) के जीवन का वर्णन करता है, जिनका जीवन बिखर जाता है क्योंकि उन्हें उनके बच्चों द्वारा अनजाने में त्याग दिया जाता है। कैसे वह अकेले ही एक संपूर्ण जीवन जीने की ताकत बटोरती है, यह कहानी का मूल है। स्वरण घर का प्रीमियर 28 फरवरी, 2022 को रात 8: 30 बजे होगा और हर सोमवार से शुक्रवार तक केवल कलर्स पर प्रसारित होगा।

## सपने सच होते देखना

नवनीत मलिक ने अपनी नवीनतम रिलीज वेब फिल्म लव हॉस्टल में अपने पावर पैक प्रदर्शन के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की है। मलिक ने एक प्रमुख किरदार निभाया है जो विक्रांत मैसी के समानांतर मुख्य भूमिका है।

उनका मानना है कि ओटीटी रिलीज के बाद कुशल व व्यवहारिक किसी भी व्यक्ति के लिए समय अत्यधिक आशाजनक है, लव हॉस्टल एक रोमांटिक थ्रिलर है। मलिक ने अपने डेब्यू के अवसर पर बताया, ''मैं इस तरह की एक उत्कृष्ट परियोजना का हिस्सा बनने के लिए बहुत आभारी हूं।

शंकर रमन द्वारा निर्देशित, सान्या मल्होत्रा, बॉबी देओल, विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना सचमुच एक अद्भुत अनुभव था। पूरी टीम प्रतिभाशाली कलाकारों से भरी हुई थी। मैं फिल्म में समानांतर मुख्य भूमिका निभाता हूं जो अपने प्यार के लिए सभी के खिलाफ जाकर लड़ता है। मैं रेड चिलीज के तहत लॉन्च होने और सपनों को सच होते देखकर आभारी हूं। ''

## महाशिवरात्रि की शुभ कामनाएं



महाशिवरात्रि भारत के सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण पवित्र त्योहारों में से एक है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि शिव की महान रात में तब्दील हो जाती है क्योंकि यह वो रात है जब महादेव अपना दिव्य नृत्य करते हैं जिसे तांडव कहा जाता है। इसे महादेव और देवी पार्वती के विवाह का दिन भी कहा जाता है। इस साल, उत्सव 1 मार्च को होगा। महाशिवरात्रि समारोहों के अनुरूप, -एंड टीवी और बाल शिव के कलाकार आन तिवारी (बाल शिव), मौली गांगुली (महासती अनुसूया), और सिद्धार्थ अरोड़ा (महादेव) इस त्योहार के महत्व और उत्सव के बारे में बात करते हैं।

आन तिवारी कहते हैं, ''महाशिवरात्रि की शुभ कामनाएं सभी को। महाशिवरात्रि मेरे दिल में एक बहुत ही खास जगह रखती है क्योंकि मैं महादेव का भक्त हूं। उनके आशीर्वाद ने मुझे शो में बाल शिव के चरित्र को चित्रित करने का अवसर मिला है और मैं इससे अधिक आभारी कभी नहीं हो सकता।

मौली गांगुली का कहना है कि यह हमारी सफलता में बाधा डालने वाली बाधाओं को दूर करने और आध्यात्मिक विकास हासिल करने के लिए आत्मनिरीक्षण करने की रात है। यह सीमितपन को विखंडित करने का अवसर है। मेरी कामना है कि भगवान शिव सभी को अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान करें।

# गिल तीसरे व पंत पांचवें नंबर पर उतरेंगे


**संभावित टेस्ट टीम**

**भाषा।** नई दिल्ली

**रोहित** शर्मा का कप्तान के रूप में पहला टेस्ट भारत के मध्यक्रम के लिए भी नए युग की शुरुआत करेगा जिसमें शुभमन गिल और हनुमा विहारी को अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की जगह लेने के लिए तैयार किया जाएगा।

यह अब स्पष्ट है कि रहाणे और पुजारा को इस सत्र में होने वाले तीन टेस्ट मैचों (श्रीलंका के खिलाफ दो और इंग्लैंड के खिलाफ एक) के लिए टीम में नहीं रखा जाएगा। इन मैचों में विहारी और गिल इन दोनों का विकल्प होंगे जबकि श्रेयस अय्यर को बैकअप के रूप में रखा जाएगा।

भारत ने केपटाउन में जो आखिरी टेस्ट मैच खेला था उसमें दो स्थान खाली हैं और जब विराट कोहली मोहाली में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए उतरेंगे तब ए तीनों युवा खिलाड़ी इन स्थानों पर अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे जिन पर पिछले एक दशक से पुजारा





और रहाणे का कब्जा रहा था। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर ए तीनों फिट रहते हैं तो चार मार्च से शुरू होने वाले टेस्ट मैच में किसे बाहर बिठाया जाएगा। गिल अब खेलने के लिए तैयार हैं तो मुख्य कोच राहुल द्रविड़ उन्हें मध्यक्रम में उतारना पसंद करेंगे। इसकी पूरी संभावना है कि गिल को रोहित शर्मा और मयंक अग्रवाल के बाद तीसरे नंबर पर उतारा जाएगा।

पूर्व भारतीय ओपनर देवांग गांधी ने कहा कि मेरा मानना है कि नंबर तीन के लिए शुभमन सबसे अच्छा विकल्प है। वह पारी की शुरुआत कर सकता है लेकिन रोहित के साथ पारी का आगाज करने के लिए मयंक है और ऐसे में शुभमन के लिए तीसरा नंबर आदर्श होगा। जनवरी 2021 तक राष्ट्रीय चयनकर्ता रहे गांधी ने कहा कि आस्ट्रेलिया में सलामी बल्लेबाज के रूप में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने से पहले गिल को शुरू में मध्यक्रम की भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा था। गांधी ने कहा कि मुझे क्यों लगता है कि टीम प्रबंधन उसे नंबर तीन पर उतार सकता है क्योंकि जब हमने उस पर गौर किया था तो तब उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ मध्यक्रम में खेलते हुए दोहरा शतक लगाया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वह टेस्ट मैचों में पारी की शुरुआत कर चुका है तथा नंबर तीन पर वह नई गेंद को भी अच्छी तरह से खेल सकता है। रहाणे मुख्य रूप से नंबर पांच पर बल्लेबाजी करते थे लेकिन पूरी संभावना है कि द्रविड़ और रोहित इस नंबर पर ऋषभ पंत को उतार सकते हैं जबकि विहारी छठे नंबर पर उतरेंगे।

गांधी ने कहा कि यदि आप हमारे शीर्ष क्रम को देखो तो मयंक, रोहित, शुभमन और विराट सभी दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। ऐसे में यह बेहतर होगा कि पांचवें नंबर का बल्लेबाज वामहस्त हो जिससे दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बन जाए। इसके बाद विहारी छठे नंबर पर और फिर रविंद्र जडेजा सातवें नंबर पर उतर सकते हैं जो बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। बल्लेबाजी क्रम इस तरह से तैयार किया जा सकता है।

**संभावित टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हनुमा विहारी, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन (फिटनेस पर निर्भर), जयंत यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।

### पंजाब किंग्स ने मयंक को कप्तान नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए सोमवार को पंजाब किंग्स का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत की टेस्ट टीम के सदस्य बेंगलुरू के 31 साल के अग्रवाल उन दो खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले पंजाब किंग्स ने अपने साथ बरकरार रखा था। टीम ने युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी रिटेन किया था। अग्रवाल ने कहा कि मैं 2018 से पंजाब किंग्स के साथ जुड़ा हूं और इस शानदार टीम का प्रतिनिधित्व करने में मुझे काफी गर्व है। टीम की अगुआई करने का मौका मिलने की मुझे खुशी है।

# मेरे लिए तीसरा नंबर ही बेस्टः श्रेयस

**भाषा।** धर्मशाला

**श्रेयस** अय्यर को मैच खत्म करना पसंद है लेकिन श्रीलंका के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की इच्छा जताई है जिस स्थान पर आम तौर पर दिग्गज विराट कोहली बल्लेबाजी करते हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय के बाद कोहली को जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से आराम दिया गया जिसके बाद अय्यर ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के खिलाफ तीन अर्धशतक जड़े और भारत ने श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया।

अय्यर ने कहा कि मैं स्वयं से या फिर टीम के कोच से कोई उम्मीद नहीं लगा रहा क्योंकि टीम में काफी प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी आपको मैच जिताने में सक्षम हैं। निजी तौर पर मैं प्रत्एक लम्हे और मौके का लुत्फ उठाना चाहता हूं जो मुझे मिलेगा। अय्यर ने कहा कि मुझे मैच को खत्म करना पसंद है और मैं पिच पर हमेशा इसी मानसिकता के साथ उतरता हूं। अय्यर



ने हालांकि कहा कि अगर विकल्प मिलता है तो वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि बेशक इस प्रारूप में शीर्ष तीन क्रम के बल्लेबाज ही अपनी पारी की योजना काफी अच्छी तरह बना सकते हैं। अन्यथा अगर आप निचले क्रम में बल्लेबाजी करो तो आपके पास समय नहीं होता और आपको पहली गेंद से ही तेजी से रन बनाने होते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए हां अगर निजी तौर पर बताना हो तो मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान बेशक तीसरा नंबर है।

श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए अय्यर टीम में अपने स्थान के बारे में अधिक नहीं सोच रहे और टी-20 विश्व कप से पहले अपनी अच्छी फॉर्म का लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी तौर पर मैं इस लम्हे का लुत्फ उठाना चाहता हूं, श्रृंखला में मैंने काफी अच्छे स्कोर बनाए। अय्यर ने श्रृंखला में 174 के स्ट्राइक से 204 रन बनाए।

# हमारे समय में पत्रकारों के साथ तालमेल काफी बेहतर थे : शास्त्री

**भाषा।** मुंबई

**भारत** के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि उनकी पीढ़ी के खिलाड़ियों का पत्रकारों के साथ जैसा बेहतर तालमेल था, वह मौजूदा दौर के क्रिकेटरों और उन्हें कवर करने वाले लेखकों की तुलना में कहीं बेहतर था।

भारत के लिए 80 टेस्ट और 150 एकदिवसीय खेलने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मीडिया हर युग और समय से जुड़ रहा है। इसमें काफी विकास हुआ है।

मीडिया हाउस, इलेक्ट्रॉनिक और अब डिजिटल मीडिया के आने के बाद खिलाड़ियों के लिए दोस्त बने रहना बहुत मुश्किल है। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि इसमें काफी बदलाव हुआ है। जब हम खेल रहे थे तब से काफी बदलाव हुआ है।



पत्रकारों के साथ हमारे जो समीकरण थे, वह आज के खिलाड़ियों के मुकाबले काफी बेहतर थे।

मैं पिछले सात सालों से ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हूं। शास्त्री के इन बातों के संदर्भ को समझना मुश्किल नहीं था क्योंकि हाल ही में भारत के अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने आरोप लगाया था कि एक पत्रकार ने साक्षात्कार के लिए उन्हें कथित रूप से धमकी दी थी। शास्त्री उन प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने साहा से पत्रकार का सार्वजनिक रूप से नाम लेने और उन्हें शर्मसार करने का आग्रह किया था। इस पूर्व हरफनमौला ने कहा कि वह इन चीजों के लिए हालांकि पत्रकारों और खिलाडियों को दोषी नहीं मानते है। उन्होंने कहा कि हालांकि मैं पत्रकारों और खिलाड़ियों को दोष नहीं देना चाहता हूं, क्योंकि आज के खिलाड़ियों पर जो सुर्खियां मिलती है, वैसा हमारे समय में नहीं था। हमारे समय में प्रिंट मीडिया के अलावा दूरदर्शन शुरू ही हुआ था। लेकिन आज मीडिया और सोशल मीडिया में मौजूद मंचों के साथ, खेल को कवर करने वाले समाचार चैनलों की संख्या अविश्वसनीय रूप से काफी ज्यादा है।

## एगर के साथी को भेजी गई ऑनलाइन धमकी विश्वसनीय नहींः पीसीबी

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दावा किया है कि उनके देश के दौरे पर आई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सदस्य एस्टन एगर की साथी को धमकी भेजी गई थी, लेकिन बोर्ड की जांच के बाद यह विश्वसनीय नहीं पाई गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम 24 साल बाद कड़ी सुरक्षा के बीच पाकिस्तान का दौरा कर रही है। बोर्ड से जारी बयान में कहा गया कि पीसीबी को उस सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में पता है। पीसीबी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और दोनों देशों की संयुक्त सरकारी सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सोशल मीडिया गतिविधि के लिए व्यापक सुरक्षा योजना मौजूद हैं, जिन्हें इस मामले में जोखिम नहीं माना जाता है। इस समय कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी।

# स्मृति मंधाना फिट, विश्व कप खेलना तय

**● दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में सिर पर गेंद लग गयी थी**

**भाषा।** रेंगियोरा (न्यूजीलैंड)

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम ने उस समय राहत की सांस ली जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले अभ्यास मैच में सिर पर गेंद लगने के बावजूद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में खेलने के लिए फिट घोषित किया गया। पहले अभ्यास मैच के दौरान शब्निम इस्माइल की बाउंसर सिर में लगने के बाद मंधाना को रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। भारत ने यह मुकाबला दो रन से जीता था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की रिपोर्ट के अनुसार 25 साल की मंधाना की घटना के बाद टीम डॉक्टर ने जांच की और शुरुआत में उन्हें खेलना जारी



रखने के लिए फिट घोषित किया गया। डेढ़ ओवर के बाद एक और जांच के बाद वह रिटायर्ड हर्ट हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि उस समय मेडिकल स्टाफ के अनुसार बाएं हाथ की इस बल्लेबाज में कनकशन (सिर में चोट) के कोई लक्षण नहीं दिख रहे थे। मंधाना अच्छी फॉर्म में चल रही हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना 20वां अर्धशतक जड़ा। मंधाना ने अब तक 64 एकदिवसीय मुकाबलों में चार शतक की मदद से 2461 रन बनाए हैं। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलना है जिसके बाद टीम अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत छह मार्च को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी।

### महिला विश्व कप के लिए आईसीसी तैयार

**दुबई।** न्यूजीलैंड में चार मार्च से शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टीमों को सख्त बायो-बबल (जैव-सुरक्षित) माहौल तक सीमित नहीं करेगा और उसे उम्मीद है कि कोविड-19 के प्रकोप से बचने के लिए खिलाड़ी समझदारी दिखाते हुए नियंत्रित माहौल में सुरक्षित रहेंगे। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ अलार्डिस ने यह जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट के दौरान आरटी-पीसीआर परीक्षण होंगे, लेकिन पहले के समय की तरह बहुत ज्यादा नहीं क्योंकि वह उम्मीद करते हैं कि खिलाड़ी संभावित संक्रमण क्षेत्र से दूर रहेंगे। कठिन पृथकवास और और बायो-बबल (जैव-सुरक्षित) की सख्त प्रकृति पहले से ही सभी खेलों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों का कारण बन रही है और आईसीसी इस तरह के दबाव के मुद्दों से अच्छी तरह वाकिफ है। अलार्डिस ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि टूर्नामेंट के आसपास हमारा दृष्टिकोण नियंत्रित माहौल बनाए रखने का है। महिला एकदिवसीय विश्व कप चार मार्च से शुरू होगा और न्यूजीलैंड के छह स्थलों पर खेला जाएगा। पहला मुकाबला मेजबान न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होगा।

## वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर रामदीन का निधन

**पोर्ट आफ स्पेन।** इंग्लैंड की सरजमीं पर 1950 में पहली बार श्रृंखला जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के सदस्य रहे दिग्गज स्पिनर सोनी रामदीन का निधन हो गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने यह जानकारी दी। रामदीन 92 साल के थे।

इंग्लैंड के खिलाफ 1950 में ओल्ड ट्रैफर्ड में पदार्पण करने वाले रामदीन ने 43 टेस्ट में 28.98 की औसत से 158 विकेट चटकाए। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने रविवार को कहा, क्रिकेट वेस्टइंडीज की ओर से मैं वेस्टइंडीज के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रहे सोनी रामदीन के परिवार और मित्रों के प्रति सहानुभूति जाहिर करता हूं। उन्होंने कहा कि विश्व क्रिकेट में कदम रखते ही रामदीन ने अपना प्रभाव छोड़ा। 1950 के दौरे पर उनकी शानदार उपलब्धियों की कई कहानियां सुनाई जाती हैं जब उन्होंने एल्फ वेलेंटाइन के साथ मिलकर क्रिकेट की स्पिन ट्विन जोड़ी बनाई जिससे वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को पहली बार उसकी सरजमीं पर हराया।

# वेरेने के शतक से द. अफ्रीका मजबूत

**एपी।** क्राइस्टचर्च

**क्विंटन** डिकॉक के अचानक संन्यास लेने के बाद विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभालने वाले काइल वेरेने के पहले शतक से दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को अपना पलड़ा भारी रखा।

वेरेने के नाबाद 136 रन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने चाय से ठीक पहले दूसरी पारी नौ विकेट पर 354 रन पर घोषित करके न्यूजीलैंड को 425 रन का लक्ष्य दिया जिसके बाद मेजबान टीम 94 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में है।

कागिसो रबादा ने 34 गेंद में करियर की सर्वश्रेष्ठ 47 रन की पारी खेलकर वेरेने का अच्छा साथ दिया। रबादा ने इसके बाद न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान टॉम लैथम (01) और विल यंग (00) को पवेलियन भेजकर उसका स्कोर नौ रन पर दो विकेट किया। बाएं हाथ के



शतक पूरा करने के बाद काइल वेरेने

स्पिनर केशव महाराज ने हेनरी निकोल्स (07) और डेरिल मिशेल (24) को बोल्ड करके न्यूजीलैंड की मुसीबत बढ़ाई।

दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका में जन्में डेवोन कॉनवे 60 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि दूसरे छोर पर विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल एक रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। न्यूजीलैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 साल में 17 प्रयास में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए सिर्फ ड्रा की जरूरत है लेकिन कल अंतिम दिन उसकी राह आसान नहीं रहने वाली। सोमवार का दिन वेरेने के नाम रहा। दिसंबर में भारत के खिलाफ तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के दौरान डिकॉक के अचानक संन्यास लेने के बाद उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई।

वेरेने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में दो टेस्ट खेले थे जिसमें उन्होंने तीन पारियों में 13 के औसत से 39 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 30 रन इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर था। वेरेने ने वियान मुल्डर (35) के साथ 78 और फिर रबादा के साथ भी 78 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत बढ़त तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

कल के 22 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए उन्होंने 97 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 158 गेंद में शतक जड़ा।

## अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**चटगांव।** राशिद खान की शानदार गेंदबाजी और सलामी बल्लेबाज रहमुनल्लाह गुरबाज के नाबाद शतक की मदद से अफगानिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया।

पहले दोनों वनडे जीतने के बाद बांग्लादेश की निगाह क्लीन स्वीप पर टिकी थी लेकिन अनुभवी स्पिनर राशिद (37 रन देकर तीन) और मोहम्मद नबी (29 रन देकर दो) की शानदार गेंदबाजी के सामने उसकी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.5 ओवर में 192 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश की तरफ से लिट्टन दास ने सर्वाधिक 86 रन बनाए।

गुरबाज के नाबाद 106 रन की मदद से अफगानिस्तान ने 40.1 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से बांग्लादेश को क्लीन स्वीप नहीं करने दिया। गुरबाज ने अपनी पारी में 110 गेंदों का सामना किया तथा सात चौके और चार छक्के लगाए।

# डेनमार्क की चुनौती के लिए भारत तैयार

**डेविस कपः मुकाबला चार और पांच को**

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** डेविस कप टीम के लिए दिल्ली जिमखाना क्लब के दो घसियाले (ग्रास) कोर्ट में से एक के ऊपर नियमित रूप से रोलर चलाया जा रहा है ताकि यह आकलन किया जा सके कि घरेलू खिलाड़ियों के लिए सतह से कितना उछाल आदर्श होगा।

भारतीय टीम चार और पांच मार्च को यहां डेविस कप विश्व प्लेऑफ ग्रुप एक में डेनमार्क की चुनौती के लिए तैयार है। घास वाली सतह पर गेंद कम उछाल लेती है और इस स्थिति का भारतीय टीम फायदा उठाना चाहेगी। डेनमार्क के कई खिलाड़ी घसियाले कोर्ट पर खेलने में सहज नहीं हैं। दिग्गज लिएंडर पेस डेविस कप में शानदार प्रदर्शन करने में सफल रहे क्योंकि घास वाली सतह पर वह यूरोप के खिलाड़ियों को छकाने में सफल रहे। मौजूदा पीढ़ी में युकी भांबरी और रामकुमार रामनाथन का खेल घास की सतह पर प्रतिद्वंद्वियों के लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है।

घास की सतह पर सबसे बड़ी चुनौती गेंद की उछाल से निपटना होता है जो हार्ड या क्ले कोर्ट की तरह सामान्य नहीं होती है।

युकी ने अभ्यास सत्र से इतर कहा कि यह बहुत तेज है, ऐसे में आपको अपनी बैक स्विंग को छोटा करने के लिए तैयार रहना होगा। यह इतना तेज होता है कि आपको एक बड़ा स्विंग लेने या बेसलाइन से दो-तीन फीट पीछे जाने का समय नहीं मिलता है। हार्ड कोर्ट या क्ले कोर्ट पर चीजें आसानी से कर सकते हैं। इससे गेंद पर प्रहार करने की ताकत पर भी असर पड़ता है लेकिन 29 साल के युकी ने कहा, ऐसे नहीं है कि ताकत सिर्फ बड़े स्विंग से मिलती है।

साल 2017 के बाद पहली बार डेविस कप खेलने को तैयार युकी ने हार्ड कोर्ट की तरह घास पर फिसलने के बारे में पूछे जाने पर कहा, आमतौर पर ज्यादातर खिलाड़ी घास के मुफीद जूतों के साथ खेलते हैं क्योंकि आपको तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत होती है और इसके लिए आपको बेहतर ग्रिप की जरूरत होती है। लेकिन मुझे लगता है, कुछ खिलाड़ियों को कोर्ट पर फिसलने की इतनी आदत होती है कि वे घास पर भी सपाट जूते पसंद करते हैं। रोहन बोपन्ना भारतीय टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी होंगे। विश्व के पूर्व नंबर तीन (युगल रैंकिंग) और ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने वाले केवल चौथे भारतीय को घसियाले कोर्ट पर सर्वश्रेष्ठ सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।

उन्होंने कहा कि अंतर केवल इतना है कि किक सर्विस के बजाय अधिक स्लाइस सर्विस का उपयोग किया जाता है। हार्ड कोर्ट और क्ले कोर्ट पर किक सर्विस अधिक प्रभावी होती है। बाकी सब कुछ वैसा ही रहता है। भारत ने घसियाले कोर्ट पर पिछली बार जुलाई 2016 में कोरिया की मेजबानी की थी जिसमें टीम को चंडीगढ़ में 4-1 से जीत मिली थी।

# आईओसी ने रूस को खेलों से अलग-थलग करने की अपील की

**एपी।** जेनेवा

**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस को अलग थलग करने और उसकी निंदा करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए सोमवार को सभी खेल निकायों से रूसी खिलाड़ियों और अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आग्रह किया।

आईओसी ने कहा कि वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं की अखंडता की रक्षा और सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए ऐसा करना आवश्यक है। इस फैसले से विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के लिए रूस को 24 मार्च को होने वाली विश्व कप क्वालीफाईंग मैच से बाहर करने का रास्ता खुल गया है। पोलैंड ने पहले ही इस पूर्व निर्धारित मैच में रूस से खेलने से इन्कार कर दिया था। आईओसी की अपील बेलारूस के खिलाड़ियों और अधिकारियों पर भी लागू होती है जो रूस से हमले का समर्थन कर रहा है। आईओसी ने कहा कि उसने भारी मन से यह फैसला किया लेकिन युद्ध के कारण यूक्रेन के खेलों पर पड़ने वाला प्रभाव रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को होने वाले नुकसान से कहीं अधिक है।

आईओसी ने पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया है। उसने कहा है कि जहां संगठनात्मक या कानूनी कारणों से इतनी जल्दी खिलाड़ियों और अधिकारियों को बाहर करना संभव नहीं है वहां रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को तटस्थ खिलाड़ियों के रूप में भाग लेना चाहिए तथा वे अपने राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान या प्रतीक चिन्ह का उपयोग नहीं कर सकते हैं। इनमें बीजिंग में होने वाले आगामी शीतकालीन पैरालंपिक खेल भी शामिल हैं।

ओलंपिक समिति ने व्लादीमीर पुतिन को 2011 में दिए गए ओलंपिक आर्डर को भी वापस ले लिया है। उसके बाद अन्य रूसी अधिकारियों को दिया गया यह सम्मान भी वापस ले लिया गया है। यूरोप की कई खेल संस्थाएं पहले ही रूस का विरोध कर चुकी हैं। उन्होंने रूसी टीम की मेजबानी करने या उनके खिलाफ खेलने से इंकार कर दिया है। फिनलैंड चाहता है कि रूसी आइस हॉकी टीम को पुरुष विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने से रोका जाना चाहिए।

फिनलैंड मई में इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। स्विट्जरलैंड के फुटबॉल महासंघ ने कहा कि उनकी महिला टीम जुलाई में यूरोपीय चैंपियनशिप में रूस से नहीं खेलेगी। जर्मन फुटबॉल क्लब शाल्के ने कहा कि उसने रूस की सरकार नियंत्रित ऊर्जा कंपनी गाजप्रोम से लंबे समय से चला आ रहा रिश्ता तोड़ने का फैसला किया है। फीफा ने रूस को विश्व कप क्वालीफाइंग से तुरंत बाहर नहीं करने और देश को सिर्फ तटस्थ स्थलों पर उसके ध्वज और राष्ट्रगान के बिना अपने महासंघ फुटबॉल यूनियन आफ रूस के नाम से खेलने का आदेश दिया जिसको लेकर यूरोपीय देशों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। पोलैंड के अलावा स्वीडन और चेक गणराज्य ने भी कहा कि वह रूस के खिलाफ अपनी टीम नहीं उतारेंगे।

## देश की रक्षा के लिए तैयार यूक्रेन के खिलाड़ी

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के स्केलेटन राइडर व्लादिस्लाव हेरासकेविच इस महीने बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक के दौरान यूक्रेन में युद्ध नहीं के संदेश के साथ उतरे थे। अपने देश की राजधानी से लगभग 150 किमी (90 मील) दूर हेरासकेविच हथियारों के साथ मौजूद थे जिससे कि जरूरत पड़ने पर अपने देश की रक्षा कर सकें हेरासकेविच ने कहा कि मैं छात्र हूं। मुझे इस तरह की चीजों का अनुभव नहीं है। लेकिन मैं मजबूती के साथ खड़ा रहने और किसी भी तरह से मदद करने को तैयार हूं। रूस के सैनिक राजधानी कीव की घेराबंदी कर रहे हैं। हेरासकेविच यूक्रेन के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने ओलंपिक और पैरालंपिक अधिकारियों को खुला पत्र लिखकर रूस और बेलारूस की ओलंपिक और पैरालंपिक समितियों को तुरंत निलंबित करने की मांग की है। लगभग दो दर्जन देशों के खिलाड़ियों के भी इस पत्र पर हस्ताक्षर हैं।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक और अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के उनके समकक्ष एंड्र्यू पार्सन्स को लिखे पत्र में कहा गया, रूस का यूक्रेन पर हमला, जिसे बेलारूस का समर्थन हासिल है, ओलंपिक तथा पैरालंपिक चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन है- ऐसा उल्लंघन जिसके लिए कड़ी सजा दी जानी चाहिए। इस पत्र पर चार बार की ओलंपियन ब्रिटेन की पाउला रेडक्लिफ, छह बार की ओलंपियन कनाडा की क्लारा ह्यूज, दो बार की पैरालंपियन ग्रेटा नीमान्स और कनाडा की ओलंपिक चैंपियन बेकी स्कॉट ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इस पत्र में यूक्रेन के 34 खिलाड़ियों के हस्ताक्षर हैं और कई हस्ताक्षर पूरे खेल महासंघ की ओर से किए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि यूक्रेन के और अधिक खिलाड़ी इस पर हस्ताक्षर करते लेकिन यूक्रेन के सभी खिलाड़ियों से बात करना चुनौतीपूर्ण है क्योंकि वे बम धमाकों से बचने के लिए सुरक्षित स्थान ढूंढ रहे हैं। पत्र में कहा गया, अगर आईओसी और आईपीसी कड़ी कार्रवाई से इनकार करता है तो आप स्पष्ट तौर पर रूस और बेलारूस की अंतरराष्ट्रीय कानूनों और आपके अपने चार्टर का उल्लंघन करने के लिए हौसला अफजाई करते हो।

# जोकोविच की जगह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने मेदवेदेव



**एपी।** लंदन

**रूस** के दानिल मेदवेदेव सोमवार को पुरुषों की एटीपी टेनिस रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंचने वाले दुनिया के 27वें खिलाड़ी बन गए। मेदवेदेव ने 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को शीर्ष से हटाया। सर्बिया का यह खिलाड़ी रिकार्ड 361 सप्ताह तक नंबर एक रैंकिंग पर रह चुका है।

यूएस ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव पिछले 18 वर्ष, तीन सप्ताह और छह दिन में जोकोविच, रोजर फेडरर, राफेल नडाल और एंडी में के बाद नंबर एक रैंकिंग पर काबिज होने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। पुरुष टेनिस में पिछली बार नया नंबर एक खिलाड़ी पांच साल से भी अधिक समय पहले बना था जब मेंं सात नवंबर 2016 को शीर्ष पर पहुंचे थे। मेदवेदेव शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले तीसरे रूसी खिलाड़ी हैं। एवगेनी काफेलनिकोव छह और मरात साफिन नौ सप्ताह तक शीर्ष पर रह चुके हैं।